(3) बाल्कन क्षेत्र में विद्रोही राष्ट्रीय समूहों ने अपने संघर्षों को लंबे समय में खोई आजादी को वापस लेने के अवसर के रूप में देखा।

(4) बाल्कन क्षेत्रों में बड़ी शक्तियों के बीच व्यापार और नौसैनिक शक्ति के लिए प्रतिस्पर्धा होने लगी।

(5) हर एक राज्य अपने लिए ज्यादा क्षेत्र हथियाने की उम्मीद रखता था।

# 2. भारत में राष्ट्रवाद




1918 में प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति।
ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों की स्वशासन की माँग को ठुकरा दिया।
ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों पर 1919 में रॉलट एक्ट जैसा काला कानून दिया।
13 अप्रैल 1919 में जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ।
1919 में खिलाफत आंदोलन की शुरूआत मुहम्मद अली व शौकत अली ने की।
महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन की शुरूआत की।
1922 में चौरी–चौरा में हुई हिंसक घटना के बाद महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया।
9 अगस्त 1925 को काकोरी में क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी खजाना ले जा रही ट्रेन को लूट लिया।
1928 में साइमन कमीशन भारत आया जिसका विरोध करते हुए लाला लाजपत राय की मृत्यु हुई।
8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह व बटुकेश्वर दत्त ने असेम्बली पर बम फेंका।
12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने साबरमती से दाण्डी यात्रा आरम्भ की।
6 अप्रैल 1930 को दाण्डी पहुँच कर महात्मा गाँधी नमक कानून तोडा। व सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत की।
1930 में डॉ. अम्बेडकर ने अनुसूचित जातियों को दमित वर्ग एसोसिएशन में संगठित किया।
23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू को फांसी दे दी गई।
1931 गांधी–इरविन समझौता व सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस ले लिया।
1931 में महात्मा गाँधी ने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। परंतु उन्हे वहाँ अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी।
1932 मे महात्मा गांधी एवं अम्बेडकर के मध्य पूना पैक्ट हुआ।
1933 में चौधरी रहमत अली ने सर्वप्रथम पाकिस्तान का विचार सामने रखा।




## 15 अगस्त 1947 को भारत आज़ाद हुआ।

### कुछ रोचक तथ्य

- जब भारत आजाद हुआ तब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लाइमेंट एटली थे।
- सुभाष चंद्र बोस ने दिल्ली चलो एवं तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा का नारा दिया।
- बाल गंगाधर तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिध्द अधिकार है, मै इसे लेकर रहूंगा का नारा दिया।
- चंद्रशेखर आजाद ने अब भी जिसका खून न खोला, खून नहीं वो पानी है का नारा दिया।
- रामप्रसाद बिस्मिल ने सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुएं कातिल में है का नारा दिया।
- भगत सिंह ने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया।
- पंडित मदनमोहन मालवीय ने सत्यमेव जयते का नारा दिया।

## 1 अंक वाले प्रश्न-

प्र.1 रॉलट एक्ट का पारित हुआ?

1. 1912 2. 1914

3. 1919 4. 1920

प्र.2 प्रथम विश्व युद्ध कब आरंभ हुआ?

1. 1910 2. 1914

3. 1917 4. 1919

प्र.3 भारत में महात्मा गांधी ने प्रथम सत्याग्रह कहां चलाया?

1. चंपारण 2. खेड़ा

3. दिल्ली 4. कलकता

प्र.4 हिंद स्वराज नामक पुस्तक की रचना किसने की?

1. जवाहर लाल नेहरू 2. वल्लभ भाई पटेल

3. महात्मा गांधी 4. रामचंद्र

प्र.5 दमित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना किसने की?

1. बाबा रामचंद्र 2. भीमराव अम्बेडकर

3. जवाहर लाल नेहरू 4. शौकत अली

प्र.6 किस घटना के बाद महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया?

1. जलियॉवाला हत्याकांड 2. रॉलट एक्ट

3. चौरी-चौरा 4. दाण्डी यात्रा

प्र.7 अल्लूरी सीताराम राजू के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

1. उन्होने आंध्र की गूडेम पहाड़ियों में आदिवासियों का नेतृत्व किया।
2. उन्होनें लोगों को खादी पहनने तथा शराब छोड़ने के लिए प्रेरित किया।
3. वह स्वराज प्राप्ति के लिए गुरिल्ला युद्ध चलाते रहे।
4. सभी कथन सत्य हैं।

प्र.8 मुस्लिम लीग की स्थापना किसने की?

1. शौकत अली 2. मुहम्मद अली

3. उपरोक्त दोनों 4. दोनो में से कोई नहीं।

प्र.9 डिस्कवरी ऑफ इंडिया पुस्तक के लेखक कौन थे?

1. जवाहर लाल नेहरू 2. भीमराव अम्बेडकर

3. महात्मा गांधी 4. बाबा रामचंद्र

प्र.10 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

कांग्रेस ने ............... अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की मांग की।

प्र.11 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

1885 में गठित कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष ................. थे।

प्र.12 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

मुस्लिम लीग की स्थापना सन् ................. में हुई।

प्र.13 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

1919 में शौकत अली व मुहम्मद अली ने ................. आंदोलन की शुरूआत की।

प्र.14 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

सविनय अवज्ञा आंदोलन सन् ................... में वापस ले लिया गया।

प्र.15 निम्नलिखित कथन को सही करके लिखिए।

13 अप्रैल 1920 को जलियॉवाला बाग हत्याकांड हुआ।

प्र.16 भारत माता का पहला चित्र किसने बनाया?

प्र.17 वंदे मातरम गीत की रचना किसने की?

प्र.18 कांग्रेस की स्थापना कहां हुई?

प्र.19 किसके नेतृत्व में अवध किसान सभा का गठन किया गया?

प्र.20 सत्याग्रह शब्द से आप क्या समझते हैं?

प्र.21 स्वदेशी शब्द से आप क्या समझते हैं?

प्र.22 ब्रिटिश सरकार ने 1857 के पश्चात प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध क्यों लगा दिया?

प्र.23 मद्रास के नटेसी शास्त्री ने तमिल के किसी विशाल संकलन को चार खंडो में प्रकाशित किया ?

प्र.24 दूसरा गोलमेज सम्मेलन कब आयोजित हुआ ?

प्र.25 रॉलेट एक्ट को काला कानून क्यों कहा गया ?

उत्तरमाला

1. 1919
2. 1914
3. चंपारण
4. महात्मा गांधी
5. भीमराव अम्बेडकर
6. चौरी-चौरा
7. सभी कथन सत्य है।
8. उपरोक्त दोनों
9. जवाहर लाल नेहरू
10. 1929, लाहौर
11. व्योमेश चन्द्र बनर्जी
12. 1906
13. खिलाफत आंदोलन
14. 1931
15. 13 अप्रैल 1919
16. अबनीन्द्रनाथ टैगोर
17. बंकिम चंद्र
18. मुम्बई
19. बाबा रामचंद्र
20. सत्य के लिए आग्रह करना।
21. अपने देश में बनी वस्तुओं, देशी संस्थानों का उपयोग करना।
22. भारतीय समाचार पत्रों द्वारा राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए।

23. द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया

24. 1931

25. इस एक्ट के जरिए राजनैतिक कैदियों को बिना मुकदमा चलाए जेल में बंद किया जा सकता था।

## लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. असहयोग आंदोलन आरंभ किए जाने के क्या कारण थे? इस आंदोलन में समाज के विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी पर प्रकाश डालिए। इसके कार्यक्रम/ कार्य पद्धति, प्रगति एवं अंततः समाप्ति को समझाइए।
2. खिलाफत आंदोलन को प्रारम्भ करने के मुख्य कारण कौन से थे? भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में उसका क्या योगदान था?
3. सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रति लोगों और औपनिवेशिक सरकार ने किस प्रकार प्रतिक्रिया व्यक्त की? किन परिस्थितियों में गाँधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया।
4. ''प्रथम विश्वयुद्ध' ने एक नई आर्थिक व राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी। समीक्षा कीजिए।
5. गाँधीजी की नमक यात्रा कई कारणों से उल्लेखनीय थी। समीक्षा कीजिए। सविनय अवज्ञा आंदोलन की सीमाएँ क्या थीं? इसके महत्व का वर्णन कीजिए।
6. भारत में राष्ट्रवाद की भावना पनपने में किन कारकों का योगदान था? राष्ट्रवाद के विकास का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ा?
7. असम में बागान मज़दूरों के लिए स्वराज की अवधारणा क्या थी?
8. भारतीयों ने साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया?
9. भारत के लोग रॉलट एक्ट के विरोध में क्यों थे?
10. गाँधी-इर्विन समझौते की विशेषताएँ क्या थीं?

11. सविनय अवज्ञा आंदोलन असहयोग आंदोलन के मुकाबले किस तरह अलग था? सविनय अवज्ञा आंदोलन की विशेषताएँ लिखिए।

12. 1916 के लखनऊ समझौते का इतिहास में क्या महत्व था?

13. अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे? असहयोग आंदोलन में उनका योगदान बताइए।

14. सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।

## लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. **आंदोलन के कारण** :-

-- प्रथम महायुद्ध की समाप्ति पर अंग्रेजों द्वारा भारतीय जनता का शोषण।

-- अंग्रेजों द्वारा स्वराज प्रदान करने से मुकर जाना।

-- रॉलेट एक्ट का पारित होना

-- जलियाँवाला बाग हत्याकांड

-- कलकत्ता अधिवेशन में 1920 में कांग्रेस द्वारा असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव बहुमत से पारित।

**विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी** :-

1. शहरों में आन्दोलन
2. ग्रामीण इलाकों में विद्रोह
3. आदिवासी क्षेत्रों में विद्रोह
4. बागानों में स्वराज

**कार्यपद्धति, प्रगति** -

1. चरणबद्ध योजना प्रक्रिया।
2. प्रथम चरण - सरकारी पदवियों, नौकरियों, सेना, पुलिस, स्कूलों, विद्यार्थी परिषदों व विदेशी वस्तुओं का त्याग।

3. **दूसरा चरण** - व्यापक स्तर पर सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ होना शामिल था।

**समाप्ति** - गाँधी जी द्वारा चौरी-चौरा में हुई हिंसक घटना के फलस्वरूप आंदोलन वापस ले लिया गया।

2. ★ तुर्की साम्राज्य (खलीफा) का अंग्रेजों द्वारा अपमान।
 ★ लखनऊ समझौते (1916) के बाद कांग्रेस के साथ मुस्लिम लीग का समझौता।
 ★ असहयोग आंदोलन कांग्रेस द्वारा आरंभ होना तथा मुसलमानों को मिलाकर खिलाफत आंदोलन के साथ करना।

**योगदान :-**

1) हिंदुओं और मुसलमानों में एकता का बीजारोपण।
2) राष्ट्रीय आंदोलन को बल मिला।

3. लोगों ने सरकारी कानूनों को भंग करना शुरू कर दिया। आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ने कठोरता से काम लिया। हजारों जेल गए। गाँधीजी को कैद कर लिया गया। अब जनता इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने लगी। गाँधी इरविन समझौते के कारण।

4. -- प्रथम विश्व युद्ध के उपरांत स्वराज देने का वचन नकार दिया गया।
 -- आर्थिक स्थिति दयनीय- बेरोज़गारी व बेकारी से मज़दूर, शिल्पकार आदि सभी ग्रसित थे।
 -- युद्ध ने राष्ट्रीयता के भाव जागृत किए। लोग दमनकारी सरकार के विरूद्ध एकजुट हुए।

5. -- नमक कर ब्रिटिश सरकार का सबसे दमनात्मक पहलू बताया गया।
 -- गाँधीजी द्वारा विश्वस्त वालंटियरों के साथ नमक यात्रा शुरू।

-- राष्ट्रीय आंदोलन से आम आदमी के मुद्दे को जोड़ना।
-- कानून का उल्लंघन। प्रदर्शन व विदेशी चीजों का बहिष्कार
-- शराब की दुकानों पर पिकेटिंग।
-- सभी लोग स्वराज की अमूर्त अवधारणा से प्रभावित नहीं थे।
-- समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा नहीं लिया।
-- समाज के वर्ग एक दूसरे की तरफ संशकित थे।

6. 1) साहित्य, लोक कथाओं, गीतों व चित्रों के माध्यम से राष्ट्रवाद का प्रसार।
2) भारत माता की छवि रूप लेने लगी।
3) लोक कथाओं द्वारा राष्ट्रीय पहचान।
4) चिह्नों और प्रतीकों के प्रति जागरूकता। उदाहरण झंडा।
5) इतिहास की पुनर्व्याख्या।

7. 1) अनुबंध के नियमों का उल्लंघन।
2) चाय बगानों से बाहर निकलना।
3) असहयोग आंदोलन में सम्मिलित होना।
4) कृषि भूमि तथा सुख सुविधाओं को प्राप्त करना।

8. 1) समय से पहले गठन।
2) शासन में सुधार जैसी कोई बात नहीं।
3) एक भी भारतीय शामिल नहीं किया गया।

9. 1) यह एक काला कानून था।
2) इस कानून के अंतर्गत किसी को लंबे समय तक जेल में डाला जा सकता था।
3) विश्व युद्ध के बाद इसे खत्म करना था पर सरकार ने इसे बनाए रखा। इसका विरोध आम जनता ने किया।

10. 1) 5 मई 1931 ई. को गाँधी इरविन समझौता।
    2) सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर दिया जाये।
    3) पुलिस द्वारा किए अत्याचारों की निष्पक्ष जाँच की जाये।
    4) नमक पर लगाए गए सभी कर हटाए जाएँ।

11. 1) इस बार लोगों को न केवल अंग्रेजों का सहयोग न करने के लिए बल्कि औपनिवेशिक कानूनों का उल्लंघन करने के लिए आह्वान किया जाने लगा।
    2) देश के विभिन्न भागों में हजारों लोगों ने नमक कानून तोड़ा तथा सरकारी नमक कारखानों के सामने प्रदर्शन किए।
    3) विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया जाने लगा।
    4) किसानों ने लगान और चौकीदारों ने कर चुकाने से इन्कार कर दिया।
    5) वनों में रहने वाले लोगों ने वन कानूनों का उल्लंघन करना आरंभ कर दिया।

12. हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए महत्वपूर्ण।
    1) नरम दल व गरम दल के संबधों में सुधार।
    2) भारतीय समाज और अंग्रेजो के मध्य रिश्ते बेहतर हुए।

13. अल्लूरी सीताराम राजू ने आंध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों के आदिवासी किसानों का नेतृत्व किया।
    1) वह एक रोचक व्यक्ति थे। इन्हें खगोलीय ज्ञान प्राप्त था।
    2) लोगों का मानना था कि उनके पास विशेष शक्तियाँ हैं जिससे वह लोगों को स्वस्थ कर सकते हैं।
    3) वह गाँधी जी के प्रशंसक थे।

14. 1) औरतों ने बहुत बड़ी संख्या में गाँधी के नमक सत्याग्रह में भाग लिया। हजारों औरतें उनकी बात सुनने के लिए यात्रा के दौरान घरों से बहार आ जाती थीं।

2) उन्होंने जलूसों में भाग लिया, नमक बनाया, विदेशी कपड़ों और शराब की दुकानों की पिकेटिंग की।

3) कई महिलाएँ जेल भी गईं।

4) ग्रामीण क्षेत्रों की औरतों ने राष्ट्र की सेवा को अपना पवित्र दायित्व माना।

## 3/5 अंकों के प्रश्न

**प्र. 1.** महात्मा गांधी के राष्ट्रवाद को लेकर बागान श्रमिकों के अपने अलग विचार थे। उन्होंने इसमें किसी प्रकार की भूमिका अदा की।

**प्र. 2.** विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आंदोलनों ने भारत में राष्ट्रवाद के निर्माण में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

**प्र. 3.** स्वराज की अमूर्त अवधारणा से समाज के सभी लोग समान रूप से प्रभावित नहीं थे।

सविनय अवज्ञा आंदोलन के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।

## उत्तरमाला

1. स्वराज को लेकर बागान श्रमिकों की अपनी अलग धारणा थी।

- बागान में स्वतंत्र घूमना।
- अपने मूल स्थान जाने की स्वतंत्रता
- उन्होंने बागान मालिकों के आदेशों को मानने से इंकार कर दिया।
- सबको जमीन पर मालिकाना हक मिलेगा।

2.

- सामूहिक संघर्ष से सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित होता है।
- विभिन्न सांस्कृतिक क्रियाकलापों से राष्ट्रवाद का निर्माण होता है।
- विभिन्न ऐतिहासिक किताबें, कहानियां, लोक-कथाओं के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना बलवती होती है।

- अधिकांशतः कोई चित्र राष्ट्रवाद की भावना को आकार प्रदान करता है।
- चित्रों के माध्यम से राष्ट्र की भावना बलवती होती है।

3.
- विभिन्न अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग दमित वर्ग एसोसिएशन से जुड रहे थे।
- विभिन्न राजनैतिक नेता इन लोगों के लिए आरक्षण आधारित प्रतिनिधित्व की मांग कर रहे थे।
- विभिन्न मुस्लिम नेता पहले ही अपनी चिंता व्यक्त कर चुके थे।
- उनके मन में अपने विचारों के कुचले जाने का भय था।



## अभ्यास प्रश्न

प्र.1 विभिन्न जाति, धर्म एवं भाषा के लोग किस प्रकार के सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित करते हैं ?

प्र.2 आर्थिक स्तर पर असहयोग आंदोलन के क्या प्रभाव पड़े ?

प्र.3 शहरी क्षेत्रों में असहयोग आंदोलन धीमा क्यों पड़ता चला गया ?

प्र.4 भारत के विभिन्न आंदोलनों में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।

प्र.5 पूना पैक्ट पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

# 3. भूमंडलीकृत विश्व का बनना

**भूमंडलीकृत विश्व बनने के विभिन्न चरण**

**आधुनिक युग से पहले**

- वैश्वीकरण एक लंबी प्रक्रिया, नई घटना नहीं
- प्राचीन समय से यात्री, व्यापारी, तीर्थयात्री द्वारा यात्रा
- वस्तुएँ, पैसे, विचार, कौशल, आविष्कारों का आदान-प्रदान
- रेशम मार्ग द्वारा विश्व के विभिन्न हिस्से जुड़े
- भोजन की यात्रा-अमेरिका से यूरोप तथा एशिया
- नूडल्स का चीन से इटली जाकर स्पैघेती बन जाना
- हिंद महासागर–उभरता हुआ व्यापारिक बिंदु
- अमेरिका की खोज तथा बहुमूल्य धातुएँ लाना
- विजेताओं द्वारा चेचक के किटाणुओं का प्रयोग (विजय के लिए)

**उन्नीसवीं सदी (1815-1914)**

- वैश्विक कृषि अर्थव्यवस्था का विकास
- रूस तथा अमेरिका में खाद्य उत्पादन का बढ़ जाना
- ऑस्ट्रेलिया में खाद्य उत्पादन बढ़ा ब्रिटिश मांग को पूरा करने हेतु
- ब्रिटेन में कॉर्न लॉ लागू होना, बाद में हटा लेना
- नई तकनीक का विकास–रेलवे, भाप से चलने वाला जहाज, टेलीग्राफ
- यूरोप द्वारा अफ्रीका तथा एशिया की विजय
- अनुबंधित श्रमिकों का भारत से बाहर जाना
- उच्च किस्म की भारतीय कपास का निर्यात

**महायुद्धों के बीच अर्थव्यवस्था (दोनों विश्व युद्धों के बीच)**

- प्रथम विश्वयुद्ध ने अमेरिका को कर्जदार की बजाय कर्जदाता बना दिया
- ब्रिटेन कर्ज के बोझ तले दब गया
- गेहूँ का उत्पादन यूरोप में घटा पर कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में बढ़ा
- बड़े पैमाने पर उत्पादन व उपभोग
- 1929 में अमेरिका में आर्थिक महामंदी
- भारत के आयात व निर्यात में गिरावट, किसान बुरी तरह प्रभावित
- भारत सोने का निर्यातक बन गया
- भारतीय शहरों में औद्योगिक निवेश बढ़ा

**युद्धोतर काल (द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद)**

- अमेरिका तथा सोवियत रूस का विश्व शक्ति के रूप में उभरना
- ब्रेटेन वुड्स सम्मेलन तथा आई.एम.एफ. और विश्व बैंक की स्थापना
- ब्रेटेन वुड्स से व्यापार तथा आय में वृद्धि
- अनौपनिवेशीकरण तथा एशियाई व अफ्रीकी देशों का स्वतंत्र होना
- 1960 के दशक तक डॉलर की पकड़ कमजोर पड़ना
- समूह 77 की स्थापना जिसने नई अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक प्रणाली की स्थापना की माँग की
- ब्रेटेन वुड्स प्रणाली का अंत

**याद रखने की बातें :-**

1. सिल्क मार्ग - ये मार्ग एशिया को यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के साथ-2 विश्व को जमीन और समुद्र मार्ग से जोड़ते थे।
2. कार्न-ला-वह कानून जिसके सहारे सरकार ने मक्का के आयात पर पाबंदी लगा दी थी! इसे ब्रिटेन ने लगाई थी।
3. रिंडरपेस्ट प्लेग की भाँति फैलने वाली मवेशियों की बीमारी थी। वह बीमारी 1890 ई० के दशक में अफ्रीका में बड़ी तेजी से फैली।
4. ब्रेटन वुड्स यू.एस.ए. में स्थित एक होटल का नाम है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद इस होटल में अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था सम्बन्धी एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन को ही ब्रेटन वुड्स समझौते के नाम से जाना जाता है।
5. वस्तुओं का प्रवाह - अंग्रेजी शासन के समय गेहूँ, सूती, ऊनी तथा रेशमी कपड़ों का प्रवाह भारत से इंग्लैण्ड में होता था।
6. श्रमिकों का प्रवाह - भारत में श्रमिक इंग्लैण्ड के श्रमिकों से सस्ते उपलब्ध थे, इसलिए अंग्रेज इन्हें इंग्लैण्ड चाय, कॉफी, नील तथा तम्बाकू के बागानों में काम करने के लिए ले जाते थे।
7. होसे - दक्षिण अमेरिका के एक देश, त्रिनिदाद में मुहर्रम के सालाना जुलूस के मेले का नाम।
8. G-77 विकासशील देशों का समूह जिन्होंने आर्थिक विकास के लिए आवाज उठाई।
9. वीटो - निषेधाधिकार, इस अधिकार के सहारे एक ही सदस्य की असहमति किसी भी प्रस्ताव को खारिज करने का आधार बन जाती है।
10. आयात शुल्क - किसी दूसरे देश से आने वाली चीजों पर वसूल किए जाने वाला शुल्क ।
11. विनिमय दर अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सुविधा के लिए विभिन्न देशों की राष्ट्रीय मुद्राओं को एक दूसरे से जोड़ना ।

## 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. मित्र राष्ट्रों के नाम बताइए ?
2. दक्षिणी अमेरिका में एल डोराडो क्या है ?
3. किस देश के पास अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में वीटो का प्रभावशाली अधिकार है ?
4. लगभग 500 साल पहले किस फसल के बारे में हमारे पूर्वजों को ज्ञान नहीं था ?
5. कौन से दो आविष्कारों ने 19 वीं सदी के विश्व में परिवर्तन किया ?
6. 1928 से 1934 के बीच भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक क्यों गिर गई ?
7. अमेरिका महाद्वीप की खोज किसने की ?
8. उस यूरोपीय देश का नाम लिखिए, जिसने अमेरिका पर विजय प्राप्त की ?
9. भूमंडलीकृत विश्व के बनने में मदद देने वाले कोई दो कारक बताइए।

## लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5)

1. अमेरिका जाने वाले नये समुद्री रास्तों की खोज के बाद विश्व में क्या बदलाव हुए ? तीन उदाहरण देकर स्पष्ट करें।
2. 19वीं सदी में हजारों लोगों द्वारा यूरोप से भागकर अमेरिका जाने के क्या कारण थे ?
3. सूती वस्त्र उद्योगों के औद्योगिकरण का ब्रिटेन में क्या प्रभाव पड़ा ?
4. व्यापार अधिशेष से क्या अभिप्राय है ? भारत के साथ ब्रिटेन व्यापार अधिशेष की अवस्था में क्यों रहा ?
5. ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर प्रथम विश्व युद्ध के क्या प्रभाव पड़े ?
6. आर्थिक महामंदी के कारण बताइये ?

7. भारतीय अर्थव्यवस्था पर महामन्दी का क्या प्रभाव पड़ा ?

8. 19वीं सदी की अनुबंध व्यवस्था को नयी दास व्यवस्था के रूप में वर्णित किया है। उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ?

9. वैश्वीकरण का क्या अर्थ है ? अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक विनिमय में तीन प्रकार के प्रवाहों का वर्णन कीजिए ?

10. ब्रेटन-वुड्स समझौते का क्या अर्थ है ?

11. 'भारत ने 19वीं सदी की विश्व अर्थव्यवस्था का रूप तय करने में अहम भूमिका निभाई' वर्णन करें ?

12. 'कॉर्न लॉ' क्या थे ? इन कानूनों को क्यों वापस ले लिया गया ?

13. यूरोपीय लोगों का अफ्रिका के प्रति आकर्षण के मुख्य कारण क्या थे ?

14. व्यापार में इजाफे और बाजार के विस्तार होने के साथ-साथ 19 वीं सदी का एक इसी कड़ी का एक अंधेरा पक्ष भी था। इस कथन को चढ़ाएं ?

15. अर्थशास्त्रियों ने अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक विनिमय में 3 तरह की गतियों या 'प्रवाहों' का उल्लेख किया है। वर्णन करें ?

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. ब्रिटेन, फ्राँस और रूस।
2. किंवदंतियों की बदौलत सोने का शहर।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका।
4. आलू।
5. (1) भाप इंजन (2) रेलवे
6. महामंदी के कारण
7. क्रिस्टोफर कोलंबस।
8. स्पेन

9. (1) व्यापार

(2) काम की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाते लोग

(3) पूँजी

**3 अंक / 5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-**

1. (1) आलू का इस्तेमाल शुरू करने पर यूरोप के गरीबों की जिन्दगी में बदलाव आया। उनका भोजन बेहतर हो गया और औसत उम्र बढ़ने लगी।

(2) गुलामों का व्यापार शुरू हो गया।

(3) यूरोप में धार्मिक टकराव होते रहते थे इसलिए हजारों लोग यूरोप से भागकर अमेरिका चले गए।

2. (1) कॉर्न-ला को समाप्त करने के बाद कम कीमतों में सामान का आयात।

(2) भयानक बीमारियों का फैलना

(3) धार्मिक टकराव।

3. (1) आयात शुल्क के कारण ब्रिटेन में भारतीय कपास के आयात में तेजी से कमी आई।

(2) भारतीय वस्त्रों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।

(3) बाद में निर्माण किए गए सूती उत्पादों के निर्यात में कमी आने के पश्चात् ब्रिटिश निर्माताओं ने बहुत ही सस्ती कीमत पर भारत से कपास का आयात आरम्भ कर दिया।

4. (1) जब निर्यात मूल्य आयात मूल्य से अधिक होता है तो इसे व्यापार अधिशेष कहा जाता है।

(2) 19वीं शताब्दी में बाजारों में ब्रिटेन के बने माल की अधिकता हो गई थी। भारत से ब्रिटेन और शेष विश्व को भेजे जाने वाले खाद्यान्न व कच्चे मालों के निर्यात में इजाफा हुआ।

(3) लेकिन जो माल भारत भेजा जाता था उसकी कीमत काफी अधिक होती थी और जो भारत से इंग्लैण्ड भेजा जाता था उसकी कीमत काफी कम होती थी इसलिए ब्रिटेन हमेशा व्यापार अधिशेष की अवस्था में रहता था।

5. (1) युद्ध के बाद भारतीय बाजार में अपनी वर्चस्व वाली स्थिति को प्राप्त करना ब्रिटेन के लिए कठिन हो गया।

(2) ब्रिटेन को विश्व स्तर पर अब जापान से भी मुकाबला करना था।

(3) अमेरिका से लिए गए कर्जे की वजह से ब्रिटेन युद्ध के बाद भारी विदेशी कर्जे में डूब गया।

(4) युद्ध के कारण आया आर्थिक उछाल जब शान्त होने लगा तो उत्पादन गिरने लगा और बेरोजगारी बढ़ने लगी।

(5) इसी समय सरकार ने भारी भरकम शांतिकालीन करों के सहारे उनकी भरपाई करने की कोशिश की। इन प्रयासों से रोजगार भारी मात्रा में समाप्त हो गए।

6. (1) महामंदी की शुरूआत 1929 से हुई और यह संकट 30 के दशक के मध्य तक बना रहा। इस दौरान विश्व के ज्यादातर हिस्सों में उत्पादन, रोजगार, आय और व्यापार में बहुत बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

(2) युद्धोतर अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर हो गई थी। कीमतें गिरीं तो किसानों की आय घटने लगी और आमदनी बढ़ाने के लिए किसान अधिक मात्रा में उत्पादन करने लगे।

(3) बहुत सारे देशों ने अमेरिका से कर्ज लिया।

(4) अमेरिकी उद्योगपतियों ने मंदी की आशंका को देखते हुए यूरोपीय देशों को कर्ज देना बन्द कर दिया।

(5) हजारों बैंक दिवालिया हो गये।

7. (1) 1928 से 1934 के बीच देश का आयात-निर्यात घट कर आधा रह गया।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें गिरने से भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई।

(3) किसानों और काश्तकारों को ज्यादा नुकसान हुआ।

(4) महामंदी शहरी जनता एवं अर्थव्यवस्था के लिए भी हानिकारक।

(5) 1931 में मंदी चरम सीमा पर थी जिसके कारण ग्रामीण भारत असंतोष व उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा था।

8. (1) एजेंट मजदूरों को फुसलाने के लिए झूठी जानकारियाँ देते थे।

(2) एजेंटों द्वारा मजदूरों का अपहरण भी कर लिया जाता था।

(3) नयी जगह की जीवन एवं कार्य स्थितियाँ कठोर थी।

(4) वेतन बहुत कम था। काम ठीक से न कर पाने के कारण वेतन काट लिया जाता था।

(5) मजदूरों के पास कानूनी अधिकार न के बराबर थे।

9. (1) किसी देश की अर्थव्यवस्था विश्व की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ जुड़ी होती है।

(2) पहला प्रवाह व्यापार का होता है जो मुख्यतः कपड़ों एवं गेहूँ के व्यापार तक सीमित था।

(3) दूसरा प्रवाह श्रम का है जिसमें लोग रोजगार की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं।

(4) तीसरा प्रवाह पूँजी का होता है जिसे अल्प या दीर्घ अवधि के लिए दूर-दराज के इलाकों में निवेश कर दिया जाता है।

10. (1) 1944 में अमेरिका स्थित न्यू हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर संयुक्त राष्ट मौद्रिक एवं वित्तीय सम्मेलन में सहमति बनी थी।

(2) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की स्थापना हुई।

(3) ब्रेटन वुड्स व्यवस्था निश्चित विनिमय दरों पर आधारित होती थी।

11. (क) भारत के साथ ब्रिटेन हमेशा व्यापार अधिशेष की अवस्था में रहता था। ब्रिटेन इस मुनाफे के सहारे दूसरे देशों के साथ होने वाले व्यापारिक घाटे की भरपाई कर लेता था ।

(ख) ब्रिटेन के व्यापार से जो अधिशेष हासिल होता था उससे तथाकथित होम चार्जेस (देसी खर्चे) का निपटारा होता था इसमें ब्रिटिश अफसरों और व्यापारियों द्वारा अपने घर भेजी गई निजी रकम, भारतीय बाहरी कर्ज पर ब्याज और भारत में काम कर रहे ब्रिटिश अफसरों की पेंशन शामिल थी ।

(ग) उन्नीसवीं सदी में भारत के लाखों मजदूरों को बागानों खदानों और सड़क व रेलवे निर्माण परियोजनाओं में काम करने के लिए दूर-दूर के देशों में ले जाया जाता था ।

(घ) भारत विकासशील देशों को कच्चा माल प्रदान करने का मुख्य स्रोत भी था ।

(ड़) भारत अंतिम उत्पादों के लिए एक बड़े बाजार के रूप में उभरा खासतौर पर सूती वस्त्र के लिए ।

उत्तर 12. कार्न लॉ एक ऐसा ब्रिटिश कानून था जिसने मक्का आयात पर पाबंदी लगा दी थी। इन कानूनों को निम्नलिखित कारणों से हटा लिया गया ।

(क) आयात पर प्रतिबंध से खाद्य पदार्थों की कीमत आसमान छूने लगी ।

(ख) इस कानून से मुक्त व्यापार में बाधा आई ।

(ग) उद्योगपति और शहरी बाशिंदे इस कानून के खिलाफ थे उन्होंने सरकार पर दबाव बनाया कि इसे हटा लें ।

उत्तर 13. यूरोपीय लोगों के अफ्रीका की तरफ आकर्षित होने के निम्न कारण थे

(1) बहुमूल्य खनिज जैसे कि सोना कोयला तथा चांदी की खोज में।

(2) अफ्रीका के विशाल भू-क्षेत्र को देखकर ।

(3) अफ्रीका में बागवानी खेती तथा खदानों का दोहन करने के लिए।

उत्तर 14.(1) दुनिया के बहुत सारे भागों में स्वतंत्रता और आजीविका के साधन छीनने लगे।

(2) यूरोपीयों के विजय से उपनिवेशों में बहुत सारे कष्टदायक आर्थिक, सामाजिक और परिस्थितिकिय परिवर्तन आए।

(3) 1890 के दशक में मवेशी प्लेग या रिंडरपेस्ट नामक बीमारी ने अफ्रीका के लोगों की आजीविका छीन ली तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर दिया।

(4) अनुबंधित श्रमिक प्रणाली लोगों के लिए निर्धनता तथा समस्याएं लेकर आई।

उत्तर 15(1) पहला प्रवाह-व्यापार मुख्य रूप से वस्तुओं जैसे कपड़ा या गेहूं का।

(2) श्रम का प्रवाह-काम या रोजगार की तलाश में लोगों का यहां से वहां जाना।

(3) पूंजी का प्रवाह - अल्प या दीर्घ अवधि के लिए दूर-दराज के इलाकों में निवेश।

# 4. औद्योगीकरण का युग




## शहरी दस्तकारी और व्यापारिक गिल्ड्स

### गिल्ड्स– उत्पादकों के संगठन



# महत्वपूर्ण घटनाक्रम

| | |
|---|---|
| 1600 | ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत आगमन । |
| 1730 | इंग्लैंड में फैक्ट्रियों की शुरुआत। |
| 1760 | ब्रिटेन ने अपनी सूती मिलो की खपत के लिए कपास का आयात प्रारंभ किया। |
| 1764 | स्पिनिंग जेनी का आविष्कार (जेम्स हरग्रीव्स)। |
| 1767 | रिचार्ज आर्कराइट द्वारा सूती कपड़ा मिल की रूपरेखा। |
| 1781 | जेम्स वाट द्वारा स्टीम इंजन का आविष्कार एवं पेटेंट होना। |
| 1785 | कार्ट राइट ने बिजली से चलने वाले करघों का आविष्कार किया जो भाप का इस्तेमाल कातने और बुनने के लिए करते थे। |
| 1830-40 | द्वारकानाथ टैगोर द्वारा बंगाल में 6 संयुक्त उद्यम कंपनियों की शुरूआत। |
| 1840 | औद्योगिकरण के पिछले चरण में ब्रिटेन अग्रणी उत्पादक बना। |
| 1850 | लंदन में रेलवे स्टेशनों का विकास |
| 1854 | मुंबई में पहली कपास मिल (कपड़ा मिल) की स्थापना। |
| 1855 | बंगाल में पहली जूट मिल का खुलना। |
| 1860 | अमेरिकी गृहयुद्ध से कपास की आमद बंद और कानपुर में एल्गिन मिल खुली। |
| 1861 | अहमदाबाद में पहली कपड़ा मिल की स्थापना। |
| 1863 | लंदन में भूमिगत रेलवे की शुरुआत। |
| 1873 | ब्रिटेन से लौह इस्पात का निर्यात प्रारंभ। |
| 1874 | मद्रास में पहली करघा मशीन द्वारा उत्पादन प्रारंभ। |
| 1900 | ई. टी. पॉल म्यूजिक कंपनी ने किताब प्रकाशित की थी जिसकी जिल्द पर तस्वीर में नयी सदी के उदय (Dawn of Centuary) का ऐलान था |

| | |
|---|---|
| 1912 | पहली लोहा इस्पात कंपनी के शुरुआत जे.एन. टाटा द्वारा (जमशेदपुर में)। |
| 1917 | कोलकाता में पहली जूट मिल लगाने वाले मारवाड़ी सेठ हुकुमचंद ने चीन से व्यापार किया। |
| 1941 | 35 प्रतिशत से ज्यादा हथकरघा में फ्लाई शटल का प्रयोग। |

## याद रखने की बातें

1 प्राच्य-यह शब्द उन देशों के लिए प्रयोग किया जाता है जो यूरोप के पूर्व में स्थित हैं।

2 पूंजी - यह मुद्रा की बड़ी मात्रा है जिसका निवेश किया जाता है या व्यापार या उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है।

3 समाजवादी- जिसमें देश के प्रत्येक व्यक्ति का समान हिस्सा होता है तथा मुख्य उद्योगों का स्वामित्व और नियंत्रण सरकार का होता है।

4 स्पिनिंग जैनी - एक सूत काटने की मशीन जो जेम्स हर गीवजलीवर्स द्वारा 1764 में बनाई गई थी।

5 स्टेपल - एक व्यक्ति का एक व्यक्ति जो देशों के हिसाब से उनको स्टेपल करता है उसे छांटता है ।

6 फुलर्ज - चुन्नटों के सहारे कपड़े को समेटता है।

7 कार्डिंग- वह प्रकिया जिसमें कपास या ऊन आदि के रेशों को कताई के लिए तैयार किया जाता है।

8 फ्लाई शटल - रस्सी और पुलियो के के जरिए चलने वाला एक यांत्रिक औजार है जिसका बुनाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

9 भारत - में सबसे पहले आने वाले यूरोपीय पुतगाली थे।

| **नए आविष्कार** | **आविष्कारक** |
|---|---|
| 1. फ्लाई शटल | 1. जॉन के |
| 2. भाप इंजन | 2. न्यूकॉमेन और जेम्स वाट |
| 3. स्पिनिंग जेनी | 3. जेम्स हरग्रीव्ज़ |

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. सूती कपड़ा मिल की रूपरेखा तैयार करने वाले
   (क) रिचर्ड आर्क राइट (ख) जेम्स वाट
   (ग) न्यूकॉमन (घ) विलियम्स

2. ग्रेट ब्रिटेन के अग्रणी उद्योग कौन से थे ?
   (क) सूती कपड़ा और चीनी (ख) सूती कपड़ा और धातु
   (ग) धातु और कृषि (घ) जलपोत और सूती कपड़ा

3. द्वारकानाथ टैगोर एक ........थे।
   (क) चित्रकार (ख) उद्योगपति
   (ग) दार्शनिक (घ) समाज सुधारक

4. निम्न में से किसका संबंध गुमाश्तों से है
   (क) व्यापारी (ख) व्यवसायी
   (ग) कंपनी द्वारा नियुक्त सुपरवाइजर (घ) बिना वेतन के श्रमिक

5. जॉबर कौन थे ?
   (क) वह व्यक्ति जिसे नई मजदूरों की भर्ती के लिए उद्योगपति काम पर रखते थे।
   (ख) किसानों द्वारा उत्पादन बेचने के लिए रखा व्यक्ति ।
   (ग) फैक्ट्री में महत्वपूर्ण काम करने वाला व्यक्ति।
   (घ) कंपनी द्वारा वेतन प्राप्त अधिकारी

6. कोस्टीस कौन थे ?
   (क) बुनकरों का समुदाय (ख) सूती वस्त्र बुनकर
   (ग) भूमिहीन मजदूर (घ) कोई नहीं

7. ब्रिटेन के वस्त्र उद्योग के निर्यात में नाटकीय वृद्धि कब हुई ?

(क) 17 वीं सदी की शुरुआत में

(ख) 18वीं सदी के आरंभ में

(ग) 19 वीं सदी के आरंभ में

(घ) 21वीं सदी के आरंभ में

8. भारत में 1911 में 67 प्रतिशत बड़े उद्योग निम्नलिखित में से किन स्थानों में स्थित थे ?

(क) बंगाल और मुंबई

(ख) सूरत अहमदाबाद

(ग) दिल्ली और मुंबई

(घ) पटना और लखनऊ

9. निम्नलिखित में से कौन से भारत के पूर्व औपनिवेशिक बंदरगाह थे ?

(क) सूरत और मछलीपट्टनम

(ख) मद्रास और हुगली

(ग) मद्रास और बंबई

(घ) मुंबई और गुगली

10. स्वदेशी का राष्ट्रवादी संदेश .....के माध्यम से प्रसारित किया गया था ?

(क) शुल्क।

(ख) ताकत

(ग) विज्ञापन

(घ) कम कीमत

11. 19वीं सदी में किस देश में उद्योगपतियों द्वारा मशीनों का प्रयोग किया जाता था ?
12. कौन से दशक में इग्लैण्ड में कारखाने खुले ?
13. गुमाश्ता कौन थे जिनको भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी ने तैनात किया था ?
14. नए उपभोक्ता तैयार करने के लिए कौन सा तरीका है ?
15. औद्योगीकरण के सबसे पहले चरण में इंग्लैंड के मुख्य उद्योग कौन से थे ?
16. स्पिनिंग जैनी ने किस प्रक्रिया में वृद्धि की ?
17. यूरोपीय प्रबन्धक एजेन्सियों की भारत में किस प्रकार के उद्योगों में रूचि थी ?
18. संसार में वस्तुओं की माँग में वृद्धि के दो कारण बताओ ?
19. शहरी उत्पादक उत्पादन को कैसे नियंत्रित करते थे ?
20. उद्योगपति मशीन का प्रयोग क्यों नहीं करना चाहते थे ?
21. ब्रिटेन के दो सबसे अधिक महत्वपूर्ण उद्योगों के नाम लिखें।
22. इंग्लैण्ड में 1840 के पश्चात् स्टील की मांग क्यों बढ़ी ?

## 3/5 अंक वाले प्रश्न

1. मैनचेस्टर के आगमन से भारतीय बुनकरों के सामने क्या समस्या थी ?
2. प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत के औद्योगिक उत्पादन बढ़ने के क्या कारण थे ?
3. 1930 की महामन्दी के कारण लिखो ?
4. नए सौदागरों का शहरों में व्यापार स्थापित करना कठिन क्यों था ?
5. नए उद्योगपति परंपरागत उद्योगों की जगह क्यों नहीं ले सके ?
6. भारतीय सौदागरों के नियंत्रण वाला नेटवर्क क्यों टूटने लगा था ?
7. ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत में बुनकरों पर निगरानी रखने के लिए गुमाश्तों को नियुक्त क्यों किया था ?
8. जॉबर कौन थे ? नई कारखाना प्रणाली में उनकी क्या स्थिति थी ?

9. ब्रिटिश निर्माताओं ने विज्ञापनों की मदद से भारतीय व्यापार पर किस प्रकार कब्जा किया ?

10. बाजार से श्रम की बहुतायत से श्रमिकों का जीवन कैसे प्रभावित हुआ ?

11. 19वीं शताब्दी में यूरोप के उद्योगपति मशीनों की अपेक्षा हाथ के श्रम को अधिक पसंद क्यों करते थे ?

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर | 1 (क) | 2 (ख) | 3 (ख) | 4 (ग) |
| | 5 (क) | 6 (क) | 7 (ग) | 8 (क) |
| | 9 (क) | 10(ग) | | |

11. अमेरिका

12. 1730 के दशक में

13. बुनकरों के ऊपर सुपरवाइजर

14. विज्ञापनों द्वारा

15. कपास और धातु उद्योग।

16. कताई

17. चाय और कॉफी के रोपण में।

18. (1) विश्व व्यापार का विस्तार

    (2) विश्व में उपनिवेशवाद की स्थापना।

19. सौदागर किसानों को ऋण देते थे।

20. सस्ते मानव श्रम का उपलब्ध होना।

21. सूती उद्योग, स्टील उद्योग।

22. (1) रेलवे के प्रसार के लिए तथा 1860 के पश्चात् उपनिवेशों में भी रेलवे का प्रसार जरूरी थी।

    (2) ब्रिटेन स्टील का निर्यात भी करने लगा

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. (1) भारत के कपड़ा निर्यात में कमी
   (2) ईस्ट इंडिया कंपनी पर कपड़ा बेचने का दबाव।
   (3) कम लागत
   (4) स्थानीय बाजार सिकुड़ने लगे।
   (5) अच्छी कपास न मिलना।
2. (1) अंग्रेजों की युद्ध सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई फैक्ट्रियाँ स्थापित की गईं।
   (2) वर्दी के कपड़े, टैंट और चमड़े के जूते आदि सामान बनाने के लिए।
   (3) नए मजदूर काम पर लगा दिए गए और काम करने का समय बढ़ा दिया गया।
3. (1) प्रथम विश्व युद्ध के बाद निर्यात घटा।
   (2) अमेरिकी पूंजीपतियों द्वारा यूरोपीय देशों के लिए कर्जे बन्द।
   (3) कृषि में अति उत्पादन।
   (4) उद्योगों में मशीनीकरण।
4. (1) शहरों में उत्पादकों के संगठन और गिल्ड काफी शक्तिशाली थे।
   (2) कारीगरों को प्रशिक्षण देते थे।
   (3) उत्पादकों पर नियंत्रण रखते थे।
   (4) नए लोगों को अपने व्यवसाय में आने से रोकते थे।
5. (1) औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों की संख्या कम थी।
   (2) प्रौद्योगिकीय बदलाव की गति धीमी थी।
   (3) कपड़ा उद्योग एक गतिशील उद्योग था।
   (4) प्रौद्योगिकी काफी महँगी थी।

(5) उत्पादन का एक बड़ा भाग कारखानों की बजाय गृह उद्योग से पूरा होता था।

6\. (1) यूरोपीय कम्पनियों ने धीरे-धीरे स्थानीय अदालतों से विभिन्न प्रकार की रियायतें प्राप्त करके व्यापार पर अधिकार प्राप्त कर लिया था।

(2) बाद में व्यापार पर एकाधिकार प्राप्त कर लिया।

(3) सूरत और हुगली के बंदरगाहों पर व्यापार घटने लगा।

7\. (1) वे बुनकरों को कर्ज देते थे।

(2) ताकि वे किसी और व्यापारी को अपना माल तैयार करके न दे सके।

(3) वे खुद कपड़ों की गुणवत्ता की जाँच करते थे।

8\. (1) उद्योगपतियों ने मजदूरों की भर्ती के लिए जॉबर रखा था।

(2) जॉबर कोई पुराना विश्वस्त कर्मचारी होता था।

(3) वह गाँव से लोगों को लाता था।

(4) काम का भरोसा देता तथा शहर में बसने के लिए मदद देता।

(5) जॉबर मदद के बदले पैसे व तोहफों की मांग करने लगा।

9\. (1) उत्पादों को बेचने के लिए कैलेण्डर अखबारों व मैग्जीन का प्रयोग।

(2) लेबलों पर भारतीय देवी देवताओं की तस्वीर लगी होती थी।

(3) विदेश में बनी चीज भी भारतीयों को जानी पहचानी लगती थी।

10\. (1) शहर में नौकरी की संभावनाओं की खबर सुनते ही श्रमिक शहरों की तरफ दौड़ पड़े।

(2) जिनके सगे-सम्बन्धी शहरों में पहले से ही कार्यरत थे उनके जरिए नए लोगों को नौकरी मिल सकती थी।

(3) जिनका शहरों में कोई नहीं था वे हफ्तों भर प्रतीक्षा करते थे तथा पुलों के नीचे या रैन बसेरों में रात गुजारते थे।

11. (1) ब्रिटेन में उद्योगपतियों को मानव श्रम की कोई कमी नहीं थी।

(2) वे मशीन इसलिए लगाना नहीं चाहते थे क्योंकि मशीनों के लिए अधिक पूँजी निवेश करनी पड़ती थी।

(3) कुछ मौसमी उद्योगों के लिए वे उद्योगों में श्रमिकों द्वारा हाथ से काम करवाना अच्छा समझते थे।

(4) बाजार में अक्सर बारीक डिजाइन और खास आकारों वाली चीजों की माँग रहती थी जो हस्त कौशल पर निर्भर थी।

# 5. "मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया"

**याद रखने की बातें :-**

1. सन् 1448 में गुटेनबर्ग ने बाइबिल को छापा।
2. सन् 1508 में इरैस्मस ने एडेजेज पुस्तक छापी।
3. सन् 1517 में मार्टिन लूथर ने धर्म सुधार पर 95 थिसिस लिखी।
4. भारत में प्रेस का जनक - जेम्स ऑगस्टस हिकी ने 1780 में बंगाल गजट का संपादन शुरू किया।
5. सन् 1820 में कलकत्ता सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस कन्ट्रोल बिल पास किया।
6. सन् 1821 में राजाराममोहन राय ने संवाद कौमुदी छापी।
7. सन् 1822 में गुजराती समाचार पत्र मुंबई में छापा गया।
8. पांडुलिपियां यह हस्तलिखित लेख होते थे, इन्हें ताड़ के पत्तों पर लिखा जाता था।
9. खुशनवीसी - सुलेखन, हाथ से बड़े सुंदर-सुडौल अक्षरों में कलात्मक रूप से लिखना।
10. डायमंड सूत्र - 868 ई. में छपी जापान की सबसे पुरानी पुस्तक।
11. वेलम जानवरों के चमड़े से बनी लेखन की सतह।
12. प्लाटेन -लेटरप्रेस छपाई में एक बोर्ड जिसे कागज के पीछे दबाकर टाइप की छाप ली जाती थी।
14. कम्पोजीटर-छपाई के लिए इबारत कम्पोज करने वाला व्यक्ति।
15. गैली - धातुई फ्रेम- जिसमें टाइप बिछाकर इबारत बनाई जाती थी।
16. गाथा - गीत- लोकगीतों का ऐतिहासिक आख्यान् जिसे गाया या सुनाया जाता था।
17. इन्क्वीजीशन (धर्म अदालत) - विधर्मियों की शिनाख्त करने और सजा देने वाली रोमन कैथोलिक संस्था।

18. निरंकुशवाद – राजकाज की ऐसी व्यवस्था, जिसमें किसी एक व्यक्ति को बिना कानूनी और संवैधानिक पाबंदी के संपूर्ण शक्ति प्राप्त हो।

18. उलेमा – इस्लामी कानून और शरिया के विद्वान।

19. फतवा – असंमजस की स्थिति में इस्लामी मुफ्ती के द्वारा की जाने वाली वैधानिक घोषणा।

20. पंचांग – चाँद, सूरज की गति और लोगों के दैनिक जीवन से जुड़ी जानकारी देने वाला वार्षिक प्रकाशन।

21. 1878 में वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट लागू किया गया।

22. मार्कोपालो 1295 में चीन से अपने साथ वुड–ब्लॉक प्रिंटिग की जानकारी अपने साथ लाया।

23 मुद्रण तकनीक चीन, जापान और कोरिया में विकसित की गई थी

24. चीन परीक्षाओं के माध्यम से नौकरशाहों की भर्ती करता था इस कारण से चीन में बहुत बड़ी संख्या में पाठ्य पुस्तकें छपती थीं।

25. **<u>मुद्रण संस्कृति के खिलाफ</u>**

चर्च या धार्मिक नेता | राजा | हिंदू और मुस्लिम रूढ़िवादी



27 नए पाठक और पढ़ने का कारण

1 अनिवार्य शिक्षा

2 साक्षरता दर में वृद्धि

3 महिलाएं और बच्चे

4 मजदूर

## 1 अंक वाले लघु प्रश्न :-

1. यूरोप में पहली प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया ?
2. कौन सा धर्म सुधारक प्रोटेस्टेट धर्म सुधार के लिए उत्तरदायी था ?
3. गुटेन्बर्ग द्वारा छापी पहली पुस्तक कौन सी थी ?
4. पुस्तकों का पेपर बेक संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?
5. इंग्लैंड में फेरीवालों के द्वारा एक पैसे में बिकने वाली किताबों को क्या कहा जाता था ?
6. पढ़ने का कौन-सा साधन विशेषकर नारियों के लिए था ?
7. 1878 का वर्नाक्युलर एक्ट किस तर्ज पर बना था ?
8. जापान की सबसे पुरानी छपी पुस्तक का नाम क्या था ?
9. किस देश में मुद्रण की तकनीक सबसे पहले विकसित हुई ?
10. 'मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है' यह वाक्य किसने कहा था ?
11. वुडब्लॉक प्रिंटिंग की तकनीक यूरोप में कौन लाया ?
12. भारत में छपाई की तकनीक कब और कौन लाया ?
13. 1871 में गुलामगिरी पुस्तक किसने लिखी ?
14. तुलसीदास के रामचरितमानस का पहला मुद्रित संस्करण कब और कहाँ छपा ?

15. दो फारसी अखबारों के नाम लिखो जो 1882 ई. में प्रकाशित हुए ?

16. रीफोर्मेशन से क्या अभिप्राय है ?

## उत्तरमाला

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. योहान गुटेन्बर्ग
2. मार्टिन लूथर
3. बाइबिल
4. महामन्दी की शुरूआत में
5. चैपबुक्स
6. पेनी मैग्जीन्स
7. आईरिश प्रेस कानून
8. डायमंड सूत्र
9. चीन
10. मार्टिन लूथर
11. मार्को पोलो
12. 16वीं शताब्दी, पुर्तगाली
13. ज्योतिबा फूले
14. कलकत्ता 1810
15. जाम-ए-जहाँ नामा, शम्सुल अख़बार
16. कैथोलिक धर्म सुधार आंदालन।

## लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 3/5 अंक वाले :-

1. ''वुड ब्लॉक (काठ की तख्ती) वाली छपाई यूरोप में 1295 ई. के बाद आई'' इस कथन को स्पष्ट करो ?
2. मुद्रण संस्कृति ने फ्रांसीसी क्रान्ति लाने में क्या भूमिका निभाई ?
3. पाण्डुलिपियाँ क्या हैं ? इनके प्रयोग की सीमाएँ क्या थीं ?
4. मुद्रण ने किस प्रकार समुदायों और भारत के विभिन्न भागों में रहने वाले लोगों को जोड़ने का कार्य किया था ?
5. मुद्रण संस्कृति ने भारत में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए किस प्रकार योगदान दिया ?
6. मुद्रित किताबें अशिक्षित लोगों के बीच लोकप्रिय क्यों हुईं ?
7. भारत में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट जारी करने के कारण बताइए ?
8. रोमन कैथोलिक चर्च के विभाजन में मुद्रण संस्कृति की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ?
9. 19वीं सदी में महिलाओं द्वारा पढ़ने के चलन के प्रति लोगों का क्या रवैया था ? महिलाओं की इस संदर्भ में क्या प्रतिक्रिया थी ?
10. ऐसे तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनसे मुद्रित किताबों तक आम आदमी की पहुँच बढ़ी ?
11. मुद्रण क्रांति के प्रभाव की व्याख्या करें ?

12 कुछ लोगों को आसानी से उपलब्ध मुद्रित पुस्तकों के प्रभाव का डर क्यों लगा ? यूरोप से एक और भारत से एक उदाहरण चुनिए

13 मुद्रित सामग्रियों की तुलना में हस्तलिखित पांडुलिपियों की कमियों का वर्णन करें ?

14 हस्तलिखित पांडुलिपियों का उत्पादन पुस्तकों की बढ़ती मांग को पूरा क्यों नहीं कर सका ? कारण बताएं।

15 यूरोप में मुद्रण संस्कृति के उदय में मदद करने वाले कारकों की व्याख्या करें ?

16 भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को रोकने के लिए ब्रिटिश द्वारा क्या कदम उठाए गए थे ?

17 भारतीय महिलाओं पर मुद्रण संस्कृति का प्रभाव क्या था ? उदाहरण के साथ समझाएं।

## लघु/दीर्घ 3/5 अंक के प्रश्नों के उत्तर :-

1. वुडब्लॉक वाली छपाई यूरोप में 1295 ई के पश्चात् आई क्योंकि -
   (1) यह तकनीक पहले चीन के पास थी।
   (2) मार्को पोलो यह ज्ञान अपने साथ लेकर लौटा
   (3) मार्को पोलो ने यूरोप को वुडब्लॉक से अवगत कराया।
   (4) यह तकनीक यूरोप में फैल गई।

2. (1) छपाई के चलते विचारों का प्रसार, उनके लेखन ने परंपरा, अविश्वास और निरकुंशवाद की आलोचना की।
   (2) रीति-रिवाजों की जगह विवेक के शासन पर बल दिया।
   (3) चर्च की धार्मिक और राज्य की निरकुंश सत्ता पर हमला।
   (4) छपाई ने वाद-विवाद की नई संस्कृति को जन्म दिया।

3. हाथों से लिखी पुस्तकों को पांडुलिपियाँ कहते हैं।
   (1) किताबों की बढ़ती माँग, पांडुलिपियों से पूरी नहीं होने वाली थी।
   (2) नकल उतारना बेहद खर्चीला, समय अधिक लगना, माँग पूरी ना होना।
   (3) ये बहुत नाजुक होती थीं। रखरखाव में, लाने ले जाने में मुश्किल आती थी।

(4) उपरोक्त समस्याओं की वजह से उनका - आदान-प्रदान मुश्किल था।

4. (1) मुद्रित प्रणाली ने नए विचारों के विकास, प्रसार और अभिव्यक्ति हेतु एक नए प्लेटफार्म का विकास किया।

(2) मुद्रित प्रणाली संचार का सबसे सस्ता और सरल साधन था।

(3) ये भारत के लोगों की समस्या को उजागर करते थे।

(4) धार्मिक पुस्तकें बड़ी तादाद में व्यापक जन समुदाय तक पहुँच रही थी।

(5) भारतीय मूल के अखबार एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक समाचार पहुँचाते थे।

5. (1) दमनकारी नीति के बावजूद राष्ट्रवादी अखबार देश के हर कोने में बढ़ते-फैलते गए।

(2) उन्होंने औपनिवेशिक कुशासन के बारे में लिखा।

(3) पंजाब के क्रांतिकारियों को गिरफ्तार करने पर बाल गंगाधर तिलक ने अपना केसरी समाचार पत्र छापा।

(4) पंजाब तथा देश के अन्य भागों में राष्ट्रीय आंदोलन को बल मिला।

(5) बाल गंगाधर तिलक को गिरफ्तार करने का पूरे भारत में विरोध हुआ।

6. (1) जो लोग पढ़ नहीं पाते थे वे भी बोलकर पढ़ने वाले लोगों को सुनकर खुश होते थे।

(2) लोकगीत और कथाओं का छपना।

(3) सचित्र किताबों का छपना।

(4) इन्हें ग्रामीण सभाओं में, शहरी शराबखानों में गाया सुनाया जाता था।

7. (1) जब किसी रिपोर्ट को बागी करार दे दिया जाता था तो उसे छपने से पूर्व चेतावनी दी जाती थी और ना मानने पर प्रिंटिंग प्रेस ज़ब्त कर ली जाती थी।

(2) भारत में अखबार के माध्यम से बढ़ रहे राष्ट्रवाद अर्थात् ब्रिटिश विरोधी विचारधारा के नियंत्रण के लिए।

(3) भारत में छपने वाले सभी देशी अखबारों के प्रकाशन पर नज़र रखने के लिए।

8. (1) मार्टिन लूथर ने रोमन कैथोलिक की कुरीतियों की आलोचना करते हुए 95 स्थापनाएं (थीसिस) लिखी।

(2) इसकी एक छपी प्रति विटेनबर्ग के गिरजाघर के दरवाजे पर टाँगी गई।

(3) लूथर के लेख बड़ी तादाद में छापे गए।

(4) फलस्वरूप चर्च का विभाजन हो गया और प्रोटेस्टेंट धर्म सुधार की शुरूआत हुई।

9. (1) उदारवादी पिता और पति अपने घर पर औरतों को पढ़ाने लगे।

(2) शहरों में छोटे-छोटे स्कूल खुले तो उन्हें स्कूल भेजने लगे।

(3) बागी औरतों ने इन प्रतिबंधो को अस्वीकार कर दिया।

10. (1) मद्रास में सस्ती किताबें चौक-चौराहों पर बेची जा रही थी। अब गरीब लोग भी उन्हें खरीद सकते थे।

(2) सार्वजनिक पुस्तकालय खुलना, शहरों, कस्बों तथा संपन्न गाँवों में।

(3) पुस्तिकाओं और निबंधो में जातिगत भेद के बारे में लिखना।

(4) मजदूरों में साक्षरता आए, नशाखोरी कम हो।

(5) राष्ट्रवाद का संदेश आम आदमी तक पहुँच रहा था।

11 मुद्रण से पुस्तकों की लागत कम हो जाती है, प्रत्येक पुस्तक का उत्पादन करने के लिए आवश्यक समय और श्रम कम हो गया।

- कई प्रतियों का उत्पादन आसानी से किया जा सकता है।
- विचारों का व्यापक प्रसार और बहस और चर्चा का नया संसार खुला
- नया बौद्धिक वातावरण आया, नए विचारों को फैलाने में मदद की, नई जानकारी प्राप्त हुई।
- अल्प शिक्षित लोगों में भी आस्था/धर्म की व्यक्तिगत व्याख्या की गई।
- प्रबुद्ध विचारकों के लेखन ने फ्रांसीसी क्रांति में मदद की।

12 विद्रोही और अधार्मिक विचार फैल सकते हैं

- बहुमूल्य साहित्य की सत्ता नष्ट हो जाएगी
- यह राजनीतिक व्यवस्था और धार्मिक संस्था के खिलाफ क्रांति को प्रोत्साहित कर सकता है
- उदाहरण यूरोप में प्रबुद्ध लेखकों के लेखन ने फ्रेंच क्रांति में मदद की और चर्च की शिक्षाओं पर बहस शुरू की।
- भारत में मुद्रण स्थानीय भाषाओं में धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। सती और विधवा विवाह आदि पर बहस शुरू हुई।

13 हस्तलिखित पांडुलिपियाँ बहुत महंगी और नाजुक थीं जबकि मुद्रित सामग्री सस्ती और आसानी से ले जाने वाली थीं।

- हस्तलिखित पांडुलिपियों को सावधानी से संभालना पड़ता था और उन्हें इधर- उधर नहीं ले जाया जा सकता था।
- उन्हें आसानी से पढ़ा नहीं जा सकता था क्योंकि पांडुलिपियाँ (लिखाई) अलग-अलग शैली में भी थीं।

14 नकल करना एक महंगा, श्रम साध्य और समय लेने वाला काम था।

  - पांडुलिपियाँ नाजुक थीं और उन्हें संभालना मुश्किल था।
  - आसानी से इधर-उधर नहीं किया जाता या आसानी से पढ़ा नहीं जाता।

15 हस्तलिखित पांडुलिपियाँ पुस्तकों की बढ़ती मांग को पूरा नहीं कर सकीं नकल करना एक महंगा श्रम साध्य और समय लेने वाला व्यवसाय था

- पांडुलिपि या नाजुक इसलिए परिसंचरण सीमित था
- 15वीं शताब्दी की शुरुआत तक वुडब्लॉक का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन सामग्रियों की बढ़ती मांग को पूरा नहीं कर सका।
- पुस्तकों के शीघ्र और सस्ते पुनः उत्पादन की आवश्यकता।

16 1857 के विद्रोह के बाद, क्रुद्ध अंग्रेजों ने देशी प्रेस पर शिकंजा कसने की मांग की।

- 1878 का वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट पारित किया गया। इस अधिनियम ने रिपोर्टों को सेंसर करने के लिए सरकार को व्यापक अधिकार प्रदान किए।
- सरकार ने नियमित रूप से समाचार पत्रों पर नजर रखी।
- जब एक रिपोर्ट को राजद्रोह के रूप में आंका गया, तो अखबार को चेतावनी दी गई और अगर चेतावनी को नजरअंदाज किया गया तो प्रेस की संपत्ति और प्रिंटिंग मशीनरी को जब्त कर लिया जाता था।

17 मुद्रण ने महिलाओं को मौन में पढ़ने, चर्चा करने और बहस करने में सक्षम बनाया है।

- महिलाओं ने खुद को व्यक्त किया और अपने विचारों को आकार दिया।
- यह महिलाओं को जाति, धर्म या वर्ग से परे जोड़ता है
- कई महिलाओं ने अपने अनुभव और कहानियाँ लिखीं।
- कई उदार पतियों और पिताओं ने अपनी पत्नी और बेटियों को पढ़ाई करने की अनुमति दी।

# राजनीतिक विज्ञान

## अध्याय - 1

# सत्ता की साझेदारी

## <u>सत्ता की साझेदारी बेल्जियम और श्रीलंका जातीय संरचना</u>




## <u>श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद</u>

सिहंलियों को एकमात्र राजभाषा घोषित कर दिया गया जिससे तमिलों की अवहेलना हुई।

सिहंलियों को विश्व-विद्यालयों और सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी गई।

1956 में एक कानून पास किया गया सिहंली समुदाय की सर्वोच्चता स्थापित करने हेतु।

बहुसंख्यक वाद का अर्थ है बहुसंख्यक समुदाय मनचाहे ढंग से देश का शासन चला सकता है। अल्पसंख्यक समुदाय की अवहेलना करके।

नए संविधान में यह प्रावधान किया गया कि सरकार बौद्ध मठ कोसंरक्षण और बढ़ावा देगी।

## बेल्जियम की समझदारी



## सत्ता की साझेदारी क्यों जरूरी है?

**युक्तिपरक तर्क**

(हानि या लाभ के परिणामों पर आधारित)

- वभिन्न सामाजिक समूहों के बीच टकराव का अंदेशा कम
- राजनीतिक व्यवस्था के स्थायित्व के लिए अच्छा

**नैतिक तर्क**

(नैतिकता या अंतर भूत महत्व पर आधारित)

- सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है।
- लोगों की भागीदारी आवश्यक है तथा लोग अपनी भागीदारी के माधयम से शासन से जुड़े रहे।
- लोगों का अधिकार है कि उनसे सलाह ली जाए प्रशासन कि शासन किस प्रकार हो।

# सत्ता की साझेदारी के विभिन्न रूप



**1 अंक वाले प्रश्न :-**

प्रश्न 1. विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता की साझेदारी का एक उदाहरण दें ?

प्रश्न 2. बेल्जियम के फ्लेमिश इस क्षेत्र में मुख्यतः कौन सी भाषा बोली जाती है ?

प्रश्न 3. बेल्जियम में कौन सा समुदाय अपेक्षाकृत समृद्ध तथा शक्तिशाली है ?

प्रश्न 4. बेल्जियम में कौन सी सरकार शिक्षा तथा संस्कृति जैसे मसलों पर फैसले लेती है ?

प्रश्न 5. सिंहली समुदाय के अधिकांश व्यक्ति किस धर्म को मानते हैं ?

प्रश्न 6. 1970 से 1993 के बीच बेल्जियम के संविधान में कितने संशोधन किए गए ?

प्रश्न 7. सिंहली समुदाय के प्रभुत्व को स्थापित करने के लिए श्रीलंका में किस तरह की शासन व्यवस्था स्थापित की गई ?

प्रश्न 8. बेल्जियम में बोली जाने वाली भाषाएं कौन सी है ?

प्रश्न 9. श्रीलंका की जनसंख्या में किस सामाजिक वर्ग की सबसे अधिक है ?

प्रश्न 10. बेल्जियम अपनी सीमा किन दो देशों के साथ साझा करता है ?

प्रश्न 11. श्री लंका का आधिकारिक धर्म कौन सा है ?

प्रश्न 12. श्रीलंका में लाखों लोगों के मारे जाने और उनकी आजीविका छिन जाने का मुख्य कारण क्या था ?

प्रश्न 13. यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहां है ?

प्रश्न 14. बेल्जियम के क्षेत्र में कौन सी भाषा बोली जाती है ?

प्रश्न 15. बूसेल्स की 80 प्रतिशत आबादी कौन सी भाषा बोलती है

उत्तर

1. बेल्जियम सामुदायिक सरकार
2. डच

3. फ्रेंच बोलने वाले
4. सामुदायिक सरकार
5. बौद्ध धर्म
6. चार
7. बहुसंख्यकवाद
8. डच तथा फ्रेंच
9. सिंहली
10. फ्रांस तथा लक्जमबर्ग
11. बौद्ध धर्म
12. गृह युद्ध
13. ब्रूसेल्स
14. फ्रेंच
15. फ्रेंच

## 3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. सत्ता की साझेदारी के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए ?
2. बेल्जियम के समाज में विभिन्न भाषायी लोगों के बीच तनाव के क्या कारण थे ?
3. श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद ने किस प्रकार सामाजिक तनाव को जन्म दिया ?
4. सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है ? तर्क दीजिए।
5. सामाजिक विविधताओं वाले शासन में सत्ता का बँटवारा किस प्रकार किया जा सकता है ?
6. श्रीलंका में पास हुए 1950 के कानून के अनुसार सिंहली लोगों के वर्चस्व के तीन प्रावधान लिखिए।
7. सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण और क्षैतिज वितरण में अंतर स्पष्ट करें।

8. श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद तथा इसके प्रभावों का वर्णन करें।

9. बेल्जियम में सामाजिक विविधताओं से उत्पन्न समस्याओं का समाधान कैसे किया गया ?

10. विभिन्न दबाव समूह और राजनीतिक दल किस प्रकार सत्ता के बँटवारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ?

11. श्रीलंका तथा बेल्जियम की कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

12. दबाव समूह अथवा हित समूह लोकतंत्र में कैसे सत्ता में साझेदारी करते हैं ?

13. लोकतंत्र में 'नियंत्रण और संतुलन की व्यवस्था' से आप क्या समझते हैं ?

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. 1) सत्ता का क्षैतिज वितरण - विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका।

   2) सत्ता का उर्ध्वाधर वितरण - केन्द्रीय सरकार, प्रांतीय सरकार और स्थानीय सरकार।

   3) सामुदायिक सरकार - विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता की साझेदारी।

   4) दबाव समूह - दबाव समूहों के द्वारा भागदारी।

2. 1) बहुसंख्यक डच भाषा की अवहेलना

   2) अल्पसंख्यक फ्रेंच भाषी का अधिक ताकतवर और समृद्ध होना।

   3) आर्थिक विकास और शिक्षा का लाभ एक खास समुदाय तक सीमित रहना।

   4) राजनीतिक सत्ता एक समुदाय विशेष में केंद्रित थी।

3. 1) बहुसंख्यकवाद के तहत सिंहलियों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया।

   2) सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सिंहलियों का एकाधिकार।

3) सिंहली को एकमात्र राजभाषा का दर्जा।

4) तमिलों के हितों को दरकिनार करना।

5) तमिलों को राजनीतिक अधिकार से वंचित रखना।

4. 1) विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच टकराव को कम करना।

2) यह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुकूल है।

3) यह राजनीतिक अस्थिरता को कम करता है।

4) सत्ता में अधिक से अधिक लोगों को भागीदार बनाता है।

5. 1) विभिन्न सामाजिक समूहों जैसे – भाषायी और धार्मिक समूहों के बीच सत्ता का विभाजन।

2) सामाजिक रूप से पिछड़े हुए लोगों और महिलाओं को विधायिका में हिस्सेदारी देना।

3) अल्पसंख्यक समुदायों को आरक्षण देकर।

4) अत्यंत पिछड़े हुए वर्ग के लिए अलग से सरकारी नीतियां बनाना।

6. 1) सिंहली भाषा को श्रीलंका की राजकीय भाषा घोषित करना।

2) सिंहली लोगों को शिक्षण संस्थाओं और सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता देना।

3) सिंहली लोगों को राजनैतिक प्रक्रिया में स्वतंत्र रूप से भाग लेने का अधिकार।

4) बौद्ध धर्म को पूजा अर्चना की पूर्ण स्वतंत्रता।

7. उध्र्वाधर वितरण

★ इसके अंतर्गत सरकार के विभिन्न स्तरों (केन्द्र, राज्य, स्थानीय सरकार) में सत्ता का बँटवारा होता है।

★ इसमें उच्चतर तथा निम्नतर स्तर की सरकारें होती हैं।

★ इसमें निम्नतर अंग उच्चतर अंग के अधीन काम करते हैं।

क्षैतिज वितरण :-

★ इसके अंतर्गत सरकार के विभिन्न अंगों (विधायिका, कार्य पालिका, न्यायपालिका) के बीच सत्ता का बँटवारा होता है।

★ इसमें सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी शक्ति का उपयोग करते हैं।

★ इसमें प्रत्येक अंग एक दूसरे पर नियंत्रण रखता है।

8. श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद :-

★ सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित करना।

★ विश्वविद्यालयों और सरकारी नौकरियों में सिंहलियों को प्राथमिकता।

★ सरकार द्वारा बौद्ध मत को संरक्षण और बढ़ावा देना।

बहुसंख्यकवाद का प्रभाव :-

1) तमिलों की नाराजगी और शासन के प्रति बेगानेपन को बढ़ावा।
2) 1980 के दशक में उत्तर-पूर्वी श्रीलंका में स्वतंत्र तमिल ईलम बनाने की माँग।
3) सिंहली और तमिलों के बीच टकराव तथा गृहयुद्ध का जन्म।
4) गृहयुद्ध के कारण हजारों लोगों का मारा जाना तथा बेघर होना।
5) युद्ध के कारण देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन में दुष्प्रभाव।

9. बेल्जियम में सामाजिक विविधताओं से उत्पन्न समस्याओं का समाधान :-

1) केंद्रीय सरकार में डच और फ्रेंच भाषी मंत्रियों की समान संख्या।
2) केन्द्रीय सरकार की अनेक शक्तियों को क्षेत्रीय सरकारों को सौंपना
3) केन्द्रीय सरकार में दोनों समुदायों का समान प्रतिनिधित्व
4) सामुदायिक सरकार का गठन
5) क्षेत्रीय और सामुदायिक सरकारों को विभिन्न मामलों में निर्णय लेने की स्वतंत्रता।

10. 1) व्यापारी, उद्योगपति, किसान और औद्योगिक मजदूर जैसे कई संगठित हित समूहों का सक्रिय होना।

2) हित समूह एवं दबाव समूह का सरकार की विभिन्न समितियों में सीधी भागीदारी करना।

3) सरकार के ऊपर दबाव बनाकर महत्वपूर्ण फैसले के लिए सरकार को बाध्य करना।

4) अपने-अपने वर्ग के हितों को बढ़ावा देना।

5) जनता की मुख्य समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना।

11. श्रीलंका तथा बेल्जियम की कहानी से हमें निम्नलिखित शिक्षा मिलती है—

(क) बेल्जियम के नेताओं को लगा कि विभिन्न समुदाय और क्षेत्र की भावनाओं का आदर करने पर ही देश की एकता संभव है।

(ख) इस एहसास के चलते दोनों पक्ष सत्ता में साझेदारी करने पर सहमत हुए तथा देश में गृह युद्ध की आशंकाओं पर विराम लगा तथा देश का विभाजन होने से रह गया।

(ग) श्रीलंका के उदाहरण से यह पता चलता है कि अगर बहुसंख्यक समुदाय दूसरों पर प्रभुत्व कायम करने तथा सत्ता में उनको हिस्सेदार न बनाने का फैसला करता है तो इससे देश की एकता संकट में पड़ सकती है

12. दबाव समूह अथवा हित समूह लोकतांत्रिक सत्ता में अप्रत्यक्ष रूप से साझेदारी करते हैं—

(क) लोकतंत्र में व्यापारी, उद्योगपति, किसान और औद्योगिक मजदूर सरकार की विभिन्न समितियों में सीधी भागीदारी करते हैं।

(ख) सरकार की नीतियों पर अपने सदस्य वर्ग के लाभ के लिए दबाव बनाते हैं।

13 लोकतंत्र में सरकार के विभिन्न अंगों जैसे विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता की साझेदारी होती है

(क) सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी अपनी शक्ति का उपयोग करते हैं।

(ख) कोई भी एक अंग सत्ता का असीमित उपयोग नहीं कर सकता। हर अंग दूसरे पर अंकुश रखता है इससे विभिन्न संस्थाओं के बीच सत्ता का संतुलन बनता है उदाहरण के लिए मंत्री विधायिका के प्रति उत्तरदायी होते हैं।

(ग) न्यायपालिका की नियुक्ति कार्यपालिका करती है परंतु न्यायपालिका ही कार्यपालिका तथा विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों पर अंकुश रखती है। इस व्यवस्था को 'नियंत्रण और संतुलन' की व्यवस्था कहते हैं।

# 2. ''संघवाद''

सरकार

## संघात्मक

- दो या दो से अधिक , स्तर पर सरकार
- केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार को कुछ विशेष प्रकार के आदेश नहीं दे सकती।
- राज्य सरकारों के पास अपनी शक्तियाँ होती हैं और वह इसके लिए केंद्रीय सरकार को जवाबदेह नहीं होती दोनों ही जनता को जवाब देह होती है।
- उदाहरण–भारत, कनाड़ा, जर्मनी

## एकात्मक

- शासन का एक ही स्तर होता है बाकी इकाइयाँ उसके अधीन होकर कार्य करती हैं।
- केंद्र सरकार राज्य एवं प्रांतीय सरकारों को आदेश दे सकती है।
- राज्य सरकारें केंद्र सरकार को जवाबदेह होती हैं।
- उदाहरण–फ्रांस, चीन, जापान।

**संघवाद के प्रकार**

**साथ आकर संघ बनाना**

दो या अधिक स्वतंत्र इकाइयों को साथ लेकर एक बड़ी इकाई का गठन। सभी स्वतंत्र राज्यों की सत्ता एक समान होती है। ऑस्ट्रेलिया, USA ।

**साथ लेकर संघ बनाना**

एक बड़े देश द्वारा अपनी आंतरिक विविधता को ध्यान में रखते हुए राज्यों का गठन। केंद्र ज्यादा शक्तिशाली। भारत, जापान

प्रधानमंत्री – लोकसभा में बहुमत दल का नेता

मुख्यमंत्री – विधानसभा में बहुमत दल का नेता




केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच विधायिकी शक्तियों का वर्गीकरण

संघ सूची– रक्षा, बैंकिंग, संचार, मुद्रा, विदेशी मामले,

राज्य सूची– पुलिस, सिंचाई, कृषि, व्यापार, वाणिज्य

समवर्ती सूची–शिक्षा, वन, विवाह, मजदूर संघ, उत्तराधिकार, गोद लेना।

अन्य (बाकी बचे विषय)– कम्प्यूटर

गांव के स्तर पर स्थानीय शासन पंचायती राज कहलाता है।




**ग्राम पंचायत** – प्रत्येक गांव या ग्राम समूह की एक पंचायत होती है जिसमें कई सदस्य और एक अध्यक्ष होता है। प्रधानअध्यक्ष सरपंच कहलाता है।

**पंचायत समिति** – कई ग्राम पंचायत मिलकर (मंडल समिति/पंचायत) पंचायत समिति का गठन करती हैं। इसके सदस्यों का चुनाव उस इलाके के सभी पंचायत सदस्य करते हैं।

**जिला परिषद** – जिले की सभी पंचायत समितियों को मिलाकर जिला परिषद का गठन होता है इसके अधिकांश सदस्यों का चुनाव होता है।

**जिला परिषद** – लोकसभा (सांसद) विधानसभा + (विधायक) + जिला स्तर की संस्थाओं के अधिकारी

जिला परिषद प्रमुख – इस परिषद् का राजनीतिक प्रधान होता हे।

**स्मरणीय बातें :-**

1. **संघीय सरकार में दो या दो से अधिक स्तर की सरकारें होती हैं।**
2. **संघीय व्यवस्था में विभिन्न स्तर की सरकारों के अधिकार क्षेत्र संविधान में स्पष्ट वर्णित होते हैं।**
3. **संघीय व्यवस्था में संविधान के मौलिक प्रावधानों को किसी एक स्तर की सरकार अकेले नहीं बदल सकती।**
4. **संघीय व्यवस्था का उद्देश्य देश की एकता को सुरक्षित रखना तथा क्षेत्रीय विविधताओं का सम्मान करना है।**

5. अमेरिका, स्विटजरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे संघीय व्यवस्था वाले देशों में प्रांत, केन्द्र की तुलना में अधिक ताकतवर होते हैं।

6. भारत, बेल्जियम और स्पेन में राज्यों की तुलना में केन्द्र अधिक शक्तिशाली है।

7. भारतीय संविधान में विधायी अधिकारों को तीन हिस्से में बाँटा गया है - संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची।

8. भारत में उपर्युक्त तीन सूचियों के अतिरिक्त बाकी बचे विषय केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

9. भारत में 40 प्रतिशत लोगों की मातृभाषा हिन्दी है।

10. एक से अधिक राजनीतिक दलों के द्वारा मिलकर बनाई गई सरकार, को गठबंधन सरकार कहते हैं।

11. अनुसूचित भाषाएँ - वे 22 भाषाएँ जिन्हें भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में रखा गया है, अनुसूचित भाषाएँ कहते हैं।

12. भारत में 1992 में संविधान संशोधन करके पंचायतों को ज्यादा शक्तिशाली और प्रभावी बनाया गया।

13. नये संविधान संशोधन के द्वारा पंचायतों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित की गई।

## 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. सत्ता का विकेन्द्रीकरण किसे कहते हैं ?

2. नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों के लिए लगभग कितने लोगों का चुनाव होता है ?

3. स्थानीय शासन वाली कौन-कौन सी संस्थाएँ शहरों में काम करती हैं ?

4. एकात्मक शासन व्यवस्था किसे कहते हैं ?
5. बेल्जियम में किस प्रकार की सरकार है ?
6. पंचायत समिति का गठन कैसे होता है ?
7. नगर निगम के प्रमुख को क्या कहते हैं ?
8. समवर्ती सूची के विषयों पर कानून कौन बनाता है ?
9. भारत के राज्यों में पंचायत और नगर पालिका के चुनाव करवाने वाली संस्था का नाम क्या है ?

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. केन्द्र और राज्य से शक्तियाँ लेकर स्थानीय सरकारों को देना।
2. 36 लाख
3. नगरपालिका और नगर निगम
4. ऐसी व्यवस्था जिसमें शासन का एक ही स्तर होता है।
5. संघीय सरकार
6. विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति के सदस्यों के द्वारा मिलकर।
7. मेयर या महापौर
8. केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार।
9. राज्य निर्वाचन आयोग।

## 3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. भारतीय संविधान में केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का बँटवारा किस प्रकार किया गया है ?

2. स्थानीय सरकारों के महत्व का वर्णन कीजिए ?

3. भारत की संघीय व्यवस्था में बेल्जियम से मिलती जुलती एक विशेषता और उससे अलग एक विशेषता को बताएँ ?

4. 1992 के संविधान संशोधन द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में विकेन्द्रीकरण को प्रभावी बनाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं ?

5. संघवाद या संघीय शासन व्यवस्था क्या है ? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

6. भारत की भाषा नीति क्या है ?

7. 1992 से पूर्व विकेन्द्रीकरण के स्वरूप का वर्णन कीजिए।

8. एकात्मक और संघात्मक सरकारों के बीच अंतर स्पष्ट करें।

9. केन्द्र और राज्यों के सम्बन्धों में आए बदलावों का वर्णन कीजिए।

10. पंचायतों की मुख्य परेशानियों का वर्णन करें।

11. भारत एक संघीय व्यवस्था वाला देश है इस तथ्य को साबित करने वाले मुख्य सिद्धांतों को लिखें।

12. संघवाद की किन्हीं तीन बुराइयों की व्याख्या कीजिए।

## 3/5 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. संघ सूची - प्रतिरक्षा, विदेश, बैंकिंग, संचार, मुद्रा आदि - राष्ट्रीय महत्व के विषय।

   राज्य सूची - पुलिस, व्यापार, वाणिज्य, कृषि, सिंचाई - प्रान्तीय महत्व के विषय।

   समवर्ती सूची - शिक्षा, वन, मजदूर संघ, विवाह, गोद लेना।

   अवशिष्ट शक्तियाँ - वे विषय जो ऊपर के तीन सूचियों में नहीं हैं तथा

जिन पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार को है।

2. 1) अनेक समस्याओं का निपटारा स्थानीय स्तर पर हो जाता है।

2) लोगों को इस बात की जानकारी होती है कि पैसा कहाँ और कैसे खर्च करना है।

3) स्थानीय स्तर पर लोगों को फैसलों में सीधे भागीदार बनाना संभव हो जाता है।

4) सत्ता में अधिक से अधिक लोगों को भागीदार बनाना।

5) स्थानीय शासन सत्ता के विकेन्द्रीकरण के अनुरूप है।

3. भारत में बेल्जियम से मिलती-जुलती विशेषता यह है कि दोनों देशों में संपूर्ण देश के लिए एक संघ सरकार का गठन किया गया है। अलग विशेषता यह है कि बेल्जियम की केन्द्र सरकार की अनेक शक्तियाँ देश के दो क्षेत्रीय सरकारों को सुपुर्द कर दी गई हैं, जबकि भारत में केंद्र सरकार अनेक मामलों में राज्य सरकार पर नियंत्रण रखती है।

4. 1) स्थानीय निकायों के चुनाव नियमित रूप से कराना अनिवार्य है।

2) कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

3) हर राज्य में पंचायत और नगरपालिका चुनाव कराने के लिए राज्य चुनाव आयोग नामक स्वतंत्र संस्था का गठन किया गया है।

4) राज्य सरकारों को अपने राजस्व और अधिकारों का कुछ हिस्सा स्थानीय निकायों को देना पड़ा।

5. 1) संघीय व्यवस्था में सत्ता केन्द्रीय सरकार और अन्य सरकारों में बंटी होती है।

2) संघीय व्यवस्था में दो या दो से अधिक स्तर की सरकारें होती हैं।

3) केंद्र सरकार राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर कानून बनाती है और राज्य सरकारें राज्य से संबंधित विषयों पर।

4) दोनों स्तर की सरकारें अपने-अपने स्तर पर स्वतंत्र होकर अपना काम करती हैं।

5) केन्द्र तथा राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र संविधान में स्पष्ट रूप से वर्णित हैं।

6. 1) भारत में किसी एक भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा न देकर हिंदी और अन्य 21 भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है।

2) अंग्रेजी को राजकीय भाषा के रूप में मान्यता दी गई है, विशेषकर गैर हिन्दी भाषी प्रदेशों को देखते हुए।

3) सभी राज्यों की मुख्य भाषा का विशेष ख्याल रखा गया है।

7. 1) सभी राज्यों में गाँव के स्तर पर ग्राम पंचायतें और शहरों में नगरपालिकाओं की स्थापना की गई थी।

2) स्थानीय संस्थाएँ राज्य सरकारों के अधीन रखी गई थी।

3) स्थानीय संस्थाओं के चुनाव नियत समय पर नहीं कराए जाते थे।

4) स्थानीय संस्थाओं के पास न अपना अधिकार था और न संसाधन।

8. एकात्मक शासन व्यवस्था :-

1) इसमें केन्द्र सरकार शक्तिशाली होती है।

2) इसके अंतर्गत संविधान संशोधन केन्द्र सरकार कर सकती है।

3) शक्तियाँ एक जगह पर केंद्रित होती हैं।

4) इसमें एक ही नागरिकता होती है।

5) केन्द्र सरकार राज्यों से शक्तियाँ ले सकती हैं।

संघात्मक शासन व्यवस्था :-

1) इसमें केन्द्रीय सरकार अपेक्षाकृत कमजोर होती है।

2) इसमें केन्द्र सरकार अकेले संविधान संशोधन नहीं कर सकती है।

3) शक्तियाँ कई स्तरों पर विभाजित होती हैं।

4) कई संघीय व्यवस्था वाले देशों में दोहरी नागरिकता होती है।

5) दोनों स्तर की सरकारें अपने अधिकार क्षेत्र में स्वतंत्र होती हैं।

9. 1) विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारें।

2) गठबन्धन सरकारों के आने से केन्द्र सरकार अपनी मनमानी नहीं कर सकती है।

3) केन्द्रीय राजस्व में राज्यों को दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी।

4) केन्द्र - राज्य तनाव में कमी।

5) केन्द्र - राज्य सम्बन्धों में सुधार।

6) केन्द्र सरकार की योजनाओं में राज्यों के हितों का ख्याल।

10. 1) जागरूकता का अभाव।

2) धन का अभाव।

3) अधिकारियों की मनमानी।

4) जन सहभागिता में कमी।

5) केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराना।

6) चुनाव नियमित रूप से नहीं होते।

11. 1) भारत में केन्द्र, राज्य और स्थानीय, तीन स्तरों पर सरकारें हैं।

2) भारत में एक लिखित एवं विस्तृत संविधान है।

3) प्रत्येक स्तर की सरकार के अधिकार क्षेत्र संविधान में स्पष्ट वर्णित हैं।

4) संविधान के मौलिक प्रावधानों को कोई एक स्तर की सरकार अकेले नहीं बदल सकती।

5) सर्वोच्च न्यायालय को संविधान की व्याख्या का अधिकार।

6) केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच विधायी शक्तियों को संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची में बांटा जाना।

7) वित्तीय स्वायतता के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों के लिए अलग-अलग स्रोत।

12. 1) केन्द्रीय सरकार का अधिक शक्तिशाली होना।

2) संविधान संशोधन का अधिकार केवल केन्द्र को ही प्राप्त होना।

3) संसद को अधिक अधिकार होना।

4) धन संबंधी अधिकारों का केन्द्र के पास अधिक होना।

5) केन्द्र सरकार का राज्य सरकारों के मामले में अनावश्यक हस्तक्षेप।

# 3. "लोकतंत्र और विविधता"

**स्मरणीय बातें :-**

1. समरूप समाज – एक ऐसा समाज जिसमें सामुदायिक, सांस्कृतिक या जातीय विभिन्नताएँ ज्यादा गहरी नहीं होती।
2. एफ्रो-अमेरिकी – उन अफ्रीकी लोगों की संतानें जिन्हें 17वीं सदी में अमेरिका में लाकर गुलाम बनाया गया था।
3. नस्लभेद – किसी देश अथवा समाज में नस्ल के आधार पर कुछ लोगों को नीच या हीन समझना।
4. रंगभेद – रंग के आधार पर भेदभाव करना।
5. अनु. जाति अनु. जनजाति – भारत के निर्धन, भूमिहीन और सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोग।
6. अश्वेत शक्ति आंदोलन – नस्ल आधारित भेदभाव के उन्मूलन के लिए अमेरिका में 1966 से 1975 के बीच चलाया गया हिंसक आंदोलन।
7. प्रवासी – अस्थाई तौर पर आर्थिक अवसरों के लिए दूसरे देशों या नगरों में जाकर बसने वाले लोग।
8. विभाजित समाज – एक ऐसा समाज जिसमें सामुदायिक, सांस्कृतिक या जातीय विभिन्नताएँ बहुत गहरी होती हैं।
9. बहुल समाज – विभिन्न विचारों एवं पंथो वाला समाज।
10. अपवर्जक भेदभाव – समाज के किसी वर्ग या जाति से दूरी बनाए रखना या अपने समूह से निष्कासित करना।
11. अलगाववाद – एक क्षेत्र या जन-समूह का अपने बड़े समूह या देश से अलग होकर स्वतंत्र अस्तित्व बनाने की इच्छा।

## 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. 1968 ई. में ओलंपिक खेल का आयोजन कहाँ हुआ था ?
2. टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस कौन थे ? उन्होंने किस खेल में पदक जीते थे ?
3. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
4. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन किसके नेतृत्व में चलाए गए थे ?
5. मैक्सिको ओलंपिक में टॉमी स्मिथ द्वारा पहना गया काला मफलर जैसा परिधान किस बात का प्रतीक था ?
6. वह कौन सा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी था जिसने टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस के समर्थन में विरोध जताया था ?
7. यूगोस्लाविया के विभाजन का मुख्य आधार क्या था ?
8. श्रीलंका में किस तरह के सामाजिक विभेद हैं ?
9. समरूप समाज का अस्तित्व किस देश में है ?
10. आयरलैण्ड में किस-किस धर्म के अनुयायी रहते हैं ?
11. स्मिथ और कार्लोस का ओलंपिक पदक वापस क्यों ले लिया गया था ?
12. हाल में ही किस यूनिवर्सिटी ने अपने कैम्पस में स्मिथ, कार्लोस और नार्मन की मूर्तियाँ लगवाई हैं ?
13. किस देश में धर्म और वर्ग में गहरी समानता है ?
14. उत्तरी आयरलैंड की आबादी में प्रोटेस्टेंट और कैथोलिकों का प्रतिशत कितना है ?

## 3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. सामाजिक भेदभाव की उत्पत्ति के दो प्रमुख कारण बताइए ?

2. भारत में भिन्नताओं को दर्शाने वाले प्रमुख तत्वों का उल्लेख कीजिए।
3. सामाजिक विभाजनों की राजनीति के परिणाम तय करने वाले तीन कारकों को लिखिए ?
4. लोकतंत्र से आप क्या समझते हैं। यह कितने प्रकार का होता है ? संक्षेप में बताइए।,
5. ''सामाजिक विभाजन हमेशा खतरनाक नहीं होते हैं।'' अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।
6. टॉमी स्मिथ और जॉन कार्लोस ने 1968 के मैक्सिको ओलंपिक खेल में, संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले रंगभेद के मसले के प्रति अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी का ध्यान किस प्रकार आकर्षित किया ?
7. सामाजिक अंतर कब और कैसे सामाजिक विभाजनों का रूप ले लेते हैं ?
8. विभिन्नताओं में सामंजस्य व टकराव में अंतर स्पष्ट करें।
9. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन के विकास का वर्णन कीजिए ?
10. लोकतंत्र में, सामाजिक विभाजनों की प्रत्येक राजनीतिक अभिव्यक्ति अनर्थकारी नहीं होती।'' इस कथन की सत्यता को स्थापित कीजिए ?

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. मैक्सिको
2. एफ्रो-अमरीकी, 200 मीटर के दौड़ में
3. नस्ल आधारित भेदभाव की समाप्ति।
4. मार्टिन लूथर किंग जूनियर।
5. अश्वेत शक्ति का।
6. पीटर नार्मन।
7. धार्मिक और जातीय विभाजन।
8. भाषाई एवं धार्मिक।

9. जर्मनी और स्वीडन।

10. कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट।

11. राजनीतिक बयान देने के कारण जो ओलंपिक भावना के विरूद्ध था।

12. सैन होज़ स्टेट यूनिवर्सिटी।

13. उत्तरी आयरलैंड।

14. 53 प्रतिशत एवं 44 प्रतिशत

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. 1) जन्म पर आधारित - हम सिर्फ इस आधार पर उस समुदाय के सदस्य हो जाते हैं जिसमें हमारा जन्म हुआ है।

   2) पसंद या चुनाव पर आधारित - जैसे-धर्म, व्यवसाय खेल इत्यादि का चुनाव हम अपनी पसंद से करते हैं।

   3) सोचने के अलग-अलग ढ़ंग।

2. 1) जातीय भिन्नता - आर्य, अनार्य, मंगोल, मुगल, पारसी आदि।

   2) भाषाओं की भिन्नता - 22 अनुसूचित भाषाएँ और 1500 अन्य भाषाएँ भारत में बोली जाती हैं ?

   3) धर्म की भिन्नता - हिन्दू धर्म, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, इस्लाम आदि।

3. 1) लोगों में अपनी पहचान के प्रति आग्रह की भावना।

   2) राजनीतिक दलों का संविधान के दायरे में रहकर कार्य करना।

   3) सरकार विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रति कैसा रूख अपनाती है।

   4) लोकतंत्र शासन की एक ऐसी पद्धति है, जिसमें जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा शासन करती है।

लोकतंत्र के प्रकार :-

1) प्रत्यक्ष लोकतंत्र - जिसमें जनता स्वयं शासन में भागीदार होती है। जैसे- स्विटजरलैंड के कुछ कैन्टन।

2) अप्रत्यक्ष लोकतंत्र - इसमें जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा शासन चलाती है। जैसे - भारत।

5\. 1) उत्तरी आयरलैंड और नीदरलैंड दोनों ईसाई बहुल देश हैं तथा प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक खेमें में बंटे हैं।

2) उत्तरी आयरलैंड में धर्म और वर्ग के बीच गहरी समानता है। वहाँ का कैथोलिक समुदाय गरीब है तथा लंबे समय से भेदभाव के शिकार हैं।

3) नीदरलैंड में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट दोनों ही समान रूप से अमीर और गरीब हैं। इसलिए वहाँ कोई भेदभाव नहीं है।

4) आयरलैंड में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच भारी मारकाट चलती है।

6\. 1) बिना जूतों के केवल मोजे पहनकर अश्वेतों की गरीबी को दर्शाया।

2) स्मिथ ने अश्वेत लोगों के आत्मगौरव को बताने के लिए अपने गले में काला मफलर पहना था।

3) कार्लोस ने मारे गए अश्वेतों की याद में काले मनकों की एक माला पहनी थी।

4) काले दसताने और बंधी हुई मुट्ठियों के द्वारा अश्वेत शक्ति को दर्शाया।

7. 1) जब कुछ सामाजिक अंतर दूसरी अनेक विभिन्नताओं से ऊपर और बड़े हो जाते हैं।

2) अमेरिका में श्वेत और अश्वेत के बीच भारी अंतर है जो सामाजिक विभाजन का मुख्य कारण है।

3) जब एक तरह का सामाजिक अंतर अन्य अंतरों से ज्यादा महत्वपूर्ण बन जाता है।

8. सामंजस्य :-

1) इसके अंतर्गत सामाजिक विभिन्नताओं में एकता दिखाई देती है।

2) इसमें लोग यह महसूस करने लगते हैं कि वे विभिन्न समुदायों से संबंध रखते हैं।

3) इससे गहरी सामाजिक विभाजन की संभावना घट जाती है।

4) जैसे- अमेरिका में श्वेत और अश्वेत का अंतर।

टकराव :-

1) इसके अंतर्गत सामाजिक विभिन्नताओं से टकराव उत्पन्न होता है।

2) इसमें कई समूह एक मुद्दे पर समान नजरिया रखते हैं तो दूसरे मुद्दे पर उनके नजरियों में अंतर हो जाता है।

3) इसमें सामाजिक विभाजन की संभावना बढ़ जाती है।

4) जैसे- नीदरलैंड में वर्ग और धर्म के बीच ऐसा मेल नहीं दिखाई देता है।

9. 1) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में नस्लीय भेदभाव बढ़ गया।

2) अश्वेत लोगों पर अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगा दिए गए थे।

3) 1980 के दशक में अमेरिका में लगभग 33 प्रतिशत काले लोग, 20 प्रतिशत हिस्पानी और 12 प्रतिशत श्वेत गरीब एवं बेघर थे।

4) 1950 के दशक में नागरिक अधिकारों के लिए शक्तिशाली आंदोलन हुए।

5) 1954 में वहाँ के सर्वोच्च न्यायालय ने 'अलग परंतु समान' के सिद्धांत को अस्वीकार कर दिया।

6) नस्लीय भेदभाव के विरूद्ध मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नेतृत्व में आंदोलन चलाया गया।

7) 1960 के दशक में कानून बनाकर इस भेदभाव को खत्म किया गया।

10. 1) राजनीति और सामाजिक विभाजनों का मेल खतरनाक और विस्फोटक लगता है। किसी ना किसी तरह का विभाजन राजनीतिक शक्ल अख्तियार कर लेता है।

2) सामाजिक विभाजन जब राजनीतिक विभाजन में बदलता है तो देश विखंडन की तरफ जाता है।

3) उत्तरी आयरलैंड लंबे समय से जातीय हिंसा और राजनीतिक टकराव की गिरफ्त में रहा। लेकिन राजनीति में सामाजिक विभाजन की हर अभिव्यक्ति फूट पैदा नहीं करती।

# 5. "जाति, धर्म और लैंगिक मसले"

**स्मरणीय बातें :-**

1. श्रम का लैंगिक विभाजन - लिंग के आधार पर काम का बँटवारा। जैसे- घर के अंदर के अधिकतर काम औरतें करती हैं।
2. नारीवादी - औरत और मर्द दोनों के लिए एक समान अधिकारों की माँग करना या नारी सशक्तिकरण की माँग।
3. स्वीडन, नार्वे और फिनलैंड जैसे देशों में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी का स्तर काफी ऊँचा है।
4. पितृ-प्रधान समाज - ऐसा समाज जिसमें परिवार का मुखिया पिता होता है और उन्हें औरतों की तुलना में अधिक अधिकार होता है।
5. 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में पुरूष साक्षरता की दर 76 प्रतिशत तथा महिलाओं में साक्षरता की दर 54 प्रतिशत थी।
6. 2001 की जनसंख्या के अनुसार भारत में लिंग अनुपात 927 थी।
7. लोकसभा में महिला सांसदों का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से भी कम है जबकि राज्य विधान सभाओं में उनका प्रतिनिधित्व 5 प्रतिशत से भी कम है।
8. भारत के ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं की संख्या 10 लाख से ज्यादा है।
9. पारिवारिक कानून - विवाह, तलाक, गोद लेना और उत्तराधिकार जैसे परिवार से जुड़े मसलों से संबंधित कानून।
10. साम्प्रदायिकता - जब किसी धर्म के मानने वाले लोग अपने धर्म को दूसरों के धर्मों से श्रेष्ठ समझने लगते हैं।

11. धर्मनिरपेक्षता - ऐसी व्यवस्था जिसमें राज्य का अपना कोई धर्म नहीं होता। सभी धर्मों को एक समान महत्व दिया जाता है तथा नागरिकों को किसी भी धर्म को अपनाने की आजादी होती है।

12. वर्ण व्यवस्था - विभिन्न जातीय समूहों का समाज में पदानुक्रम।

13. सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार - किसी राज्य में एक निश्चित आयु के बाद सभी लोगों को एक समान मत देने का अधिकार।

14. जातिवाद - जाति के आधार पर लोगों में भेदभाव करना।

15. एक दूसरे पर राजनीति, लिंग, जाति, और धर्म का प्रभाव।




16. लिंग -

-श्रम का लैंगिक विभाजन-महिलाएं घर के अंदर के सारे काम करती हैं।

-पितृसतात्मक समाज-सभी शक्ति पुरुषों द्वारा धारण की जाती हैं।

-विधायिका (भारत) में कम प्रतिनिधित्व 2019 में लोक सभा में लगभग 14 प्रतिशत।

-स्थानीय सरकार में 1/3 आरक्षण

-नारीवादी और अन्य लोग और कई संगठन विधायिका में महिलाओं के आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

## 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. समाज द्वारा स्त्री और पुरूष को दी गई असमान भूमिकाएँ क्या कहलाती हैं ?
2. भारत में औरतों के लिए आरक्षण की व्यवस्था किन प्रतिनिधि संस्थाओं में है ?
3. 2001 की जनगणना के अनुसार भारत के किन राज्यों में लिंगानुपात 800 से भी कम है ?
4. स्थानीय सरकारों में महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है ?
5. लिंगानुपात किस कहते हैं ?
6. 'धर्म को राजनीति से कभी भी अलग नहीं किया जा सकता' - ये शब्द किसने कहे हैं ?
7. एक ऐसे समुदाय के लोग जो साधारणतया पहाड़ी और जंगली क्षेत्रों में रहते हैं और जिनका बाकी समाज से अधिक मेल जोल नहीं है, क्या कहते हैं ?
8. उस प्रक्रिया को क्या कहते हैं जिसमें लोग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन करते हैं ?

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. लैंगिक विजाजन।
2. पंचायती राज की संस्थाओं में।
3. पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात।
4. 33 प्रतिशत
5. प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या।
6. महात्मा गाँधी।
7. अनुसूचित जनजाति।
8. शहरीकरण

## 3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. जीवन में उन विभिन्न पहलुओं का जिक्र करें जिनमें भारत में स्त्रियों के साथ भेदभाव होता है।
2. जाति के आधार पर भारत में चुनावी नतीजे तय नहीं किये जा सकते। कारण लिखिए।
3. भारत को एक धर्म निरपेक्ष राज्य बनाने वाले विभिन्न प्रावधान कौन-कौन से हैं?
4. भारत सरकार ने नारी असमानता को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं?
5. बताइए कि भारत में किस तरह अभी भी जातिगत असमानताएँ जारी हैं?
6. साम्प्रदायिक राजनीति के विभिन्न रूपों का वर्णन करें।
7. नारीवादी आंदोलन किस कहते हैं? इसकी विशेषताओं और प्रभाव को बताइए?
8. भारत में स्वतंत्रता के उपरांत महिलाओं की स्थिति में कुछ सुधार हुए हैं परंतु वे अभी भी पुरूषों से काफी पीछे हैं। इस कथन को विभिन्न तथ्यों और साक्ष्यों से समझाइए।
9. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की विशेषताएँ लिखिए। देश की आबादी में उनके प्रतिशत क्या हैं?
10. भारतीय राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। कारण बताइए।
11. अगर एक सी सामाजिक असमानताएँ कई समूहों में मौजूद हों, तो फिर एक समूह के लोगों के लिए दूसरे समूहों से अलग पहचान बनाना मुश्किल हो जाता है। उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए।
12. लैंगिक विभाजन की राजनीतिक अभिव्यक्ति और इस सवाल पर राजनीतिक गोलबंदी ने सार्वजनिक जीवन में किस प्रकार महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने में मदद की है?

13. भारतीय विधायिका में महिलाओं का अनुपात क्या है? विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए क्या किया जा सकता है?

14. सांप्रदायिकता राजनीति में विभिन्न रूप ले सकती है। कथन की व्याख्या करें।

15. धर्म को राजनीति से कभी अलग नहीं किया जा सकता। महात्मा गाँधी ने ऐसा क्यों कहा?

16. आधुनिक भारत में जाति और जाति व्यवस्था में बदलाव के पीछे का कारण बताएं।

17. राजनीति जाति व्यवस्था और जाति की पहचान को कैसे प्रभावित करती है?

18. जाति पर विशेष ध्यान देने से राजनीति में नकारात्मक परिणाम कैसे आ सकते हैं?

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1.
   1) महिलाओं के ऊपर पूरा घरेलू दायित्व।
   2) पुरूषों का अत्यधिक नियंत्रण।
   3) व्यवस्थापिकाओं में कम प्रतिनिधित्व।
   4) कन्या भ्रूण हत्या
   5) स्त्री शिक्षा को कम महत्व।
   6) पारिश्रमिक वितरण में असमानता।

2.
   1) मतदाताओं में जागरूकता - कई बार मतदाता जातीय भावना से ऊपर उठकर मतदान करते हैं।
   2) मतदाताओं द्वारा अपने आर्थिक हितों और राजनीतिक दलों को प्राथमिकता।
   3) किसी एक संसदीय क्षेत्र में किसी एक जाति के लोगों का बहुमत न होना।

4) मतदाताओं द्वारा विभिन्न आधारों पर मतदान करना।

3. 1) भारत का कोई राजकीय धर्म नहीं है।

2) भारत में सभी धर्मों को एक समान महत्व दिया गया है।

3) प्रत्येक नागरिक को अपनी इच्छानुसार किसी भी धर्म को अपनाने की स्वतंत्रता है।

4) भारतीय संविधान धार्मिक भेदभाव को असंवैधानिक घोषित करता है।

4. 1) दहेज को अवैध घोषित करना।

2) पारिवारिक सम्पत्तियों में स्त्री-पुरूष को बराबर हक।

3) कन्या भ्रूण हत्या को कानूनन अपराध घोषित करना।

4) समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक का प्रावधान।

5) नारी शिक्षा पर विशेष जोर देना।

6) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसी योजना।

5. 1) आज भी हमारे देश में कुछ जातियों के साथ अछूतों जैसा बर्ताव किया जाता है।

2) आज भी अधिकतर लोग अपनी जाति या कबीले में विवाह करते हैं।

3) कुछ जातियाँ अधिक उन्नत हैं तो कुछ खास जातियाँ अत्यधिक पिछड़ी हुई।

4) कुछ जातियों का अभी भी शोषण हो रहा है।

5) चुनाव अथवा मंत्रिमंडल के गठन में जातीय समीकरण को ध्यान में रखना।

6. 1) कट्टर पंथी विचारधारा वाले लोग।

2) धार्मिक आधार पर मतों का ध्रुवीकरण।

3) धर्म के आधार पर लोगों को चुनाव में प्रत्याशी घोषित करना।

4) साम्प्रदायिक हिंसा और खून खराबा।

5) साम्प्रदायिक दिशा में राजनीति की गतिशीलता।

6) साम्प्रदायिकता के आधार पर राजनीतिक दलों का अलग-अलग खेमों में बँट जाना। जैसे- आयरलैंड में नेशलिस्ट और यूनियनिस्ट पार्टी।

7. महिलाओं के राजीतिक और वैधानिक दर्जे को ऊँचा उठाने, उनके लिए शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की माँग और उनके व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जीवन में बराबरी की माँग करने वाले आंदोलन को नारीवादी आंदोलन कहते हैं।

विशेषताएँ :-

1) यह आंदोलन महिलाओं के राजनैतिक अधिकार और सत्ता पर उनकी पकड़ की वकालत करता है।

2) इसमें महिलाओं को घर की चार-दीवारी के भीतर कैद रखने और घर के सभी कामों का बोझ डालने का विरोध सम्मिलित है।

3) यह पितृसत्तात्मक परिवार को मातृसत्तात्मक बनाने की ओर अग्रसर है।

4) महिलाओं की शिक्षा तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में उनके व्यवसाय, सेवा आदि का समर्थक है।

5) यह महिलाओं के हर प्रकार के शोषण का विरोध करता है।

8. 1) साक्षरता की दर – महिलाओं में साक्षरता की दर 54 प्रतिशत है जबकि पुरूषों में 76 प्रतिशत।

2) ऊँचा वेतन और ऊँची स्थिति के पद, इस क्षेत्र में पुरूष महिलाओं से बहुत आगे हैं।

3) असमान लिंग अनुपात – अभी भी प्रति 1000 पुरूषों पर महिलाओं की संख्या 933 है।

4) घरेलु और सामाजिक उत्पीड़न

5) जन प्रतिनिधि संस्थाओं में कम भागीदारी अथवा प्रतिनिधित्व।

6) महिलाओं में पुरूषों की तुलना में आर्थिक आत्मनिर्भरता कम।

9. अनुसूचित जातियाँ : वे जातियाँ जो हिन्दू सामाजिक व्यवस्था में उच्च जातियों से अलग और अछूत मानी जाती हैं तथा जिनका अपेक्षित विकास नहीं हुआ है।

अनुसूचित जनजातियाँ : ऐसा समुदाय जो साधारणतया पहाड़ी और जंगली क्षेत्रों में रहते हैं और जिनका बाकी समाज से अधिक मेलजोल नहीं है। साथ ही उनका विकास नहीं हुआ है।

अनुसूचित जातियों का प्रतिशत 16.2 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत 8.2 प्रतिशत है।

10. 1) महिलाओं में राजनीतिक जागरूकता का अभाव है।

2) पुरूष अभी भी महिलाओं को आगे आने नहीं देते।

3) राजनीतिक दल महिलाओं को उनकी जनसंख्या के अनुपात में टिकट नहीं देते।

4) महिलाओं की साक्षरता दर भी कम है।

11. 1) किसी एक मुद्दे पर कई समूहों के हित एक जैसे हो सकते हैं, जबकि किसी दूसरे मुद्दे पर उनके नजरिये में अंतर हो सकता है।

2) उत्तरी आयरलैंड और नीदरलैंड दोनों ही ईसाई बहुल देश हैं, लेकिन यहाँ के लोग प्रोस्टेंट और कैथोलिक खेमे में बंटे हुए हैं।

3) उत्तरी आयरलैंड में वर्ग और धर्म में शहरी समानता है। वहाँ कैथोलिक समुदाय गरीब है और उनके साथ भेदभाव होता है।

4) नीदरलैंड में वर्ग और धर्म के बीच समानता नहीं है। वहाँ कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट दोनों ही अमीर एवं गरीब हैं।

5) उत्तरी आयरलैंड में दोनों ही समुदायों में भारी मारकाट चलती है परंतु नीदरलैंड में ऐसा नहीं है।

12. लैंगिक विभाजन की राजनीतिक अभिव्यक्ति और इस सवाल पर राजनीतिक गोलबंदी ने सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका को निम्नलिखित प्रकार से प्रभावित किया है :-

1) आज विभिन्न पेशे में महिलाओं की भूमिका पहले से अधिक देखने को मिलती है। जैसे-डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधक आदि।

2) पहले उपर्युक्त कामों के लिए महिलाओं को योग्य नहीं समझा जाता था।

3) दुनिया के कुछ चुनिन्दा देशों जैसे-नार्वे फिनलैंड आदि में महिलाओं की भागीदारी का स्तर ऊँचा है।

4) भारत में आजादी के बाद महिलाओं का प्रतिनिधित्व राजनीति एवं अन्य क्षेत्रों में बढ़ा है, परन्तु अभी भी वे पुरुषों से काफी पीछे हैं।

13. लोक सभा 2019 में महिलाएं 14 प्रतिशत है।

1) राज्य विधानसभाओं में महिलाएं 5 प्रतिशत

2) विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए, महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण कानूनी रूप से पंचायतों की तरह बाध्यकारी होना चाहिए।

3) पंचायत में 1/3 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

4) कुछ राज्य जहां महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें पहले से ही आरक्षित हैं, वे हैं बिहार, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश।

14. धार्मिक पूर्वाग्रहों, धार्मिक समुदायों की रूढ़िवादिता और दूसरे धर्म पर स्वयं के धर्म की श्रेष्ठता में विश्वास।

1) एक सांप्रदायिक दिमाग अपने स्वयं के धार्मिक समुदाय के राजनीतिक प्रभुत्व की तलाश करता है।

2) धार्मिक तर्ज पर राजनीतिक लामबंदी करना। इसमें राजनीतिक क्षेत्र में एक धर्म के अनुयायियों को एक साथ लाने के लिए पवित्र प्रतीकों, धार्मिक नेताओं और भय का उपयोग शामिल है।

3) सांप्रदायिकता का सबसे बदसूरत रूप सांप्रदायिक हिंसा, दंगे और नरसंहार है।

15. गांधी जी के अनुसार-धर्म, हिंदू धर्म या इस्लाम जैसे किसी भी धर्म विशेष से संबंधित नहीं था, लेकिन नैतिक मूल्य जो सभी धर्मों को सूचित करते हैं। राजनीति को धर्म से लिए गए नैतिक मूल्यों द्वारा निर्देशित होना चाहिए।

16. आधुनिक भारत में जाति और वर्ण व्यवस्था के कारण महान परिवर्तन हुए हैं–

1) आर्थिक विकास

2) बड़े पैमाने पर शहरीकरण

3) साक्षरता और शिक्षा का विकास

4) व्यावसायिक गतिशीलता

5) गांव में जमींदारों की स्थिति का कमजोर होना।

17. प्रत्येक जाति समूह पड़ोसी जातियों या उप-जातियों को अपने भीतर समाहित करके बड़ा बनने का प्रयास करता है, जिन्हें पहले इससे बाहर रखा गया था।

1) अन्य जातियों के साथ गठबंधन में प्रवेश करने के लिए जाति समूह की आवश्यकता होती है।

2) राजनीतिक क्षेत्र में नए तरह के जातियों के समूह जैसे पिछड़े और अगड़े जाति समूह आ गए हैं।

18. केवल जाति की पहचान पर आधारित राजनीति, लोकतंत्र में बहुत स्वस्थ नहीं है।

1) यह गरीबी, विकास और भष्टाचार जैसे अन्य महत्व के मुद्दों से ध्यान हटा सकता है।

2) जातीय विभाजन से तनाव, संघर्ष और यहां तक कि हिंसा भी होती है।

# 5. जन-संघर्ष और आन्दोलन

**याद रखने योग्य बातें :-**

1. दबाव समूह-लोगों का एक ऐसा समूह जो सरकार की नीतियों को प्रभावित करता है।
2. हित समूह-लोगों का समान हित और लक्ष्य से प्रेरित औपचारिक संगठन।
3. माओवादी-चीन की क्रांति के नेता माओ की साम्यवादी विचारधारा को मानने वाले साम्यवादी।
4. नेपाल का जन संघर्ष-राजा वीरेन्द्र द्वारा संवैधानिक राजतंत्र के लिए सहमति।
5. एस.पी.ए.-सेवन पार्टी अलांयस (नेपाल का सप्तदलीय गठबंधन)
6. बोलिविया-लैटिन अमेरिका का एक निर्धन देश।
7. फेडीकोर-बोलिविया का राष्ट्रीय गठबंधन-एक आंदोलन समूह।
8. बामसेफ-पिछड़े एवं अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारियों का परिसंघ।
9. संगठन-किसी विशेष उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एकत्रित एवं व्यवस्थित जन-समूह।
10. पूर्ण बहुमत-कुल मतदान के 50 प्रतिशत से ज्यादा मत प्राप्त करने की दशा।

**1 अंक वाले प्रश्न :-**

1. बोलिविया के जल युद्ध का क्या कारण था ?
2. सन् 2006 के अप्रैल महीने में नेपाल में एक विलक्षण जन-आंदोलन हुआ। इस आंदोलन का क्या उद्देश्य था।
3. नेपाल में कब लोकतंत्र स्थापित हुआ ?

4. उन समूहों को क्या कहते हैं जो सरकार नीतियों को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं ?

5. उन संगठनों को क्या कहते हैं जो अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए बने हों ?

6. 'जन संघर्ष प्रजातंत्र के कामकाज का अभिन्न अंग है।' किसी एक 'जन संघर्ष' का उदाहरण दीजिए।

7. जन-आंदोलन की एक विशेषता लिखिए।

8. जन-हितकारी समूहों का उदाहरण दीजिए। (कोई एक)

9. फेडेकोर क्या है ?

10. नेपाल का लोकतांत्रिक आंदोलन एवं बोलिविया जल युद्ध के बीच क्या समानता थी ? (कोई एक)

### 3/5 अंक वाले लघु/दीर्घ वाल प्रश्न :-

1. दबाव-समूह और राजनीतिक दल में क्या अंतर है ?
2. दबाव-समूह क्या है ? उदाहरण देकर बताइए।
3. हित समूह के तीन कार्यो का वर्णन कीजिए।
4. नेपाल और बोलिविया के जनसंघर्षों की दो-दो समानताओं और दो-दो असमानताओं को बताइए ?
5. चुनाव घोषणा पत्र क्या होता है ? इसका महत्व बताइए।
6. दबाव समूह राजनति पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं ?
7. निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए :
   (क) फेडेकोर
   (ख) निर्वाचन
   (ग) सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार
   (घ) चुनाव याचिका

## उत्तरमाला

### 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. बोलिविया में पानी के निजीकरण के खिलाफ
2. लोकतंत्र कायम करना
3. 1990 ई.
4. दबाव समूह
5. हित समूह
6. बोलिविया में जल के निजीकरण के विरूद्ध जन-संघर्ष
7. इसका एक कमजोर संगठन होता है
8. पिछड़ा तथा अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी संगठन (बामसेफ)
9. इस संगठन में इंजीनियर और पर्यावरणवादी समेत स्थानीय कामकाजी लोग शामिल थे।
10. जनता की लामबंदी।

### लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर :-

**1. दबाव समूह**

1) ये सरकार में प्रत्यक्ष भागीदार नहीं होते।
2) इनका संगठन ढीला-ढाला होता है।
3) इनका प्रभाव सीमित होता है।
4) इनका लक्ष्य छोटी-अवधि वाला होता है।

**राजनीतिक दल**

1) ये सरकार में प्रत्यक्ष भागीदार होते हैं।
2) ये पूरी तरह संगठित होते हैं।
3) इनका विस्तार क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर होता है।
4) इनका लक्ष्य लम्बी अवधि वाला होता है।

2. दबाव समूह लोगों का ऐसा समूह जो सरकार की नीतियों को प्रभावित करके अपने उद्‌देश्यों की पूर्ति करता है।

**उदाहरण :-**

(क) किसान संघ-अखिल भारतीय यूनियन

(ख) अध्यापक संघ-अखिल भारतीय परिषद्

(ग) छात्र संगठन-अखिल विद्यार्थी परिषद्

(घ) व्यापारी संघ-अखिल भारतीय व्यापार मण्डल

3. हित समूह के कार्य-

1) जनमत का निर्माण

2) हड़तालों और प्रदर्शनों की व्यवस्था करना।

3) निर्वाचन के समय राजनीतिक दलों को समर्थन

4. **समानताएँ**

1) ये दोनों लोकतांत्रिक आंदोलन थे।

2) ये दोनों संघर्ष में सफल रहे।

3) ये दोनों पूरे विश्व के लोकतंत्रवादियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

4) ये दोनों राजनीतिक संघर्ष के उदाहरण हैं।

**असमानताएँ**

1) नेपाल में संघर्ष देश की राजनीति के आधार पर संबंधित था।

2) बोलिविया का संघर्ष किसी विशेष नीति से संबंधित था।

5. इसमें राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने कार्यक्रमों, नीतियों तथा उद्‌देश्यों का विवरण स्पष्ट रूप से लिखा होता है।

**महत्व :**

1) इसके द्वारा किसी दल की आंतरिक या बाहरी नीतियों का पता चलता है।

2) चुनाव पश्चात् किए जाने वाले कार्यों की जानकारी मिलती है।

3) इसमें वर्णित कार्य कराने के लिए जनता सरकार पर दबाव डालती है।

6. 1) दबाव समूह में शामिल लोग प्रत्यक्ष रूप से चुनाव में भाग नहीं लेते परंतु चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं।

2) ये अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवारों की मदद करते हैं।

3) ये सरकार पर दबाव डालने के लिए धरना, प्रदर्शन, हड़ताल सभा का आयोजन करते हैं।

4) ये अपने कार्यों के लिए जनता का समर्थन और सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते हैं।

5) जन-जन अभियान चलाना, जन सभा को आयोजन करना।

6) दबाव समूह और आंदोलन अपने संगठन में बड़े नेताओं को जोड़ने का प्रयास करते हैं जिससे कि उनका प्रभाव बढ़ जाए।

7. 1) फेडेकोर-फेडेकोर बोलिविया के समस्त हित-समूहों का एक संयुक्त परिसंघ है।

2) निर्वाचन-मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करता है। सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार-18 वर्ष या अधिक के आयु के सभी नागरिकों को सरकार के निर्वाचन में मत देने का अधिकार।

3) चुनाव याचिका-चुनाव के वक्त गलत तरीकों का प्रयोग करके मतदान को प्रभावित करने पर किसी भी सदस्य द्वारा न्यायालय में चुनाव याचिका प्रस्तुत की जाती है जिसका न्यायालय परीक्षण करता है।

# 6. राजनीतिक दल

## स्मरणीय तथ्य :-

1. एक ऐसा संगठित समूह जो चुनाव लड़ने और राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने के उद्देश्य से काम करती है, राजनीतिक दल कहलाता है।
2. राजनीतिक दल के तीन प्रमुख हिस्से नेता, सक्रिय नेता और अनुयायी या समर्थक होते हैं।

**राजनीतिक दल के कार्य**

- सरकार बनाना व चलाना
- कानून बनाना
- चुनाव लड़ना
- विपक्ष की भमिका
- जनमत का निर्माण करना

## राजनीतिक दलों की आवश्यकता

1. प्रतिनिधित्व पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक।
2. देश के प्रति उत्तरदायी सरकार के लिए आवश्यक।
3. सरकार की नीतियों पर अंकुश लगाने के लिए।
4. सरकार का समर्थन करने एवं उस पर अंकुश रखने हेतु।
5. जब समाज बड़े और जटिल हो जाते हैं तब उन्हें विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग विचारों को समेटने और सरकार की नज़र में लाने के लिए राजनीतिक दलों की जरूरत होती है।

## प्रांतीय दल बनाम राष्ट्रीय दल

1. जब कोई दल राज्य विधानसभा के चुनाव में पड़े कुल मतों का 6 फीसदी या उससे अधिक हासिल करती है और कम से कम दो सीटों पर जीत हासिल करती है तो उसे राज्य के राजनीतिक दल के रूप में मान्यता मिलती है।

2. अगर कोई दल लोकसभा-चुनाव में पड़े कुल वोट का अथवा चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में पड़े कुल वोटों का 6 प्रतिशत हासिल करता है और लोकसभा चुनाव में कम से कम चार सीटों पर जीत दर्ज करता है तो उसे राष्ट्रीय दल की मान्यता दी जाती है।

**दलीय प्रणाली**

- कई देशों, में एक ही दल को सरकार बनाने व चलाने की आजादी है। ऐसी व्यवस्था को हम एकदलीय व्यवस्था कहते हैं जैसे-चीन
- कुछ देशों में सत्ता दो मुख्य दलों के मध्य बदलती रहती है इसे दो दलीय व्यवस्था कहते हैं। जैसे अमरीका, ब्रिटेन
- जब अनेक दलों का सत्ता में आने का ठीक-ठाक अवसर हो तो उसे बहुदलीय व्यवस्था कहते हैं। जैसे - भारत

### भारत के प्रमुख राष्ट्रीय दल (तालिका 6.1)

| दल का नाम | चुनाव चिन्ह | स्थापना वर्ष | विचाराधारा के मुख्य तत्व | 2019 चुनाव में स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | हाथ का पंजा | 1885 | मध्यमार्गी, धर्मनिरपेक्षता अल्पसंख्यक के समुदाय हितों की रक्षा | 52 सीटें लोकसभा में |
| भारतीय जनता पार्टी | कमल का फूल | 1980 | प्राचीन संस्कृति से प्रेरणा लेकर मजबूत और आधुनिक भारत बनाना। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता, समान नागरिक संहिता। | 303 सीटें लोकसभा में। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बहुजन समाज पार्टी | हाथी | 1984 | बाबा साहब, फुले व व पेरियार के विचारों से प्रेरित। धर्मनिरपेक्षता अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए विशेष प्रावाधान एवं उनके हितों की रक्षा। | 10 सीटें लोकसभा में। |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(एम) | हसियां हथौड़ा सितारा | 1964 | मार्क्सवाद-लेनिनवाद में आस्था। समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की समर्थक तथा साम्राज्यवाद और सांप्रदायिकता का विरोध। | 3 सीटें लोकसभा में। |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी | गेहूं की बाली हसिया | 1925 | मार्क्सवाद-लेनिनवाद, धर्मनिरपेक्षता एवं लोकतंत्र में आस्था। अलगाववादी और सांप्रदायिक ताकतों का विरोध। | 2 सीटें लोकसभा में। |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | टेबल घड़ी | 1999 | गांधीवाद, धर्मनिरपेक्षता सामाजिक न्याय, संघवाद आदि। | 5 सीटें लोकसभा में। |

नोट-राष्ट्रीय दल का आधार वर्ष 2006 में भारतीय चुनाव आयोग की संस्तुति है।

## भारत के प्रमुख प्रांतीय दल (तालिका 6.2)

| राज्य | प्रांतीय दल |
|---|---|
| जम्मू एंड कश्मीर | जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कांफ्रेस, जम्मू एंड कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी |
| उत्तराखंड | उत्तराखंड क्रांति दल |
| पंजाब | शिरोमणि अकाली दल |
| हरियाणा | इंडियन नेशनल लोक दल |
| महाराष्ट्र | शिवसेना |
| गोवा | महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, यूनाइटेड गोअंस पार्टी |
| कर्नाटक | जनता दल (सेक्यूकलर) |
| केरल | केरल कांग्रेस (मणि), इंडियन फेडरल डेमोक्रेटिक पार्टी |
| तमिलनाडु | डीएमके, एआईएडीएमके |
| आंध्र प्रदेश | तेलगुदेशम |
| तेलंगाना | तेलंगाना राष्ट्र समिति |
| उड़ीसा | बीजू जनता दल |
| झारखंड | झारखंड मुक्ति मोर्चा |
| पश्चिम बंगाल | फॉरवर्ड ब्लॉक, तृणमुल कांग्रेस |
| त्रिपुरा | इंडीजिनस नेशनल पार्टी ऑफ त्रिपुरा |
| मिजोरम | मिजो नेशनल फ्रंट, मिजोरम नेशनलिस्ट पार्टी |
| मणिपुर | मणिपुर पीपल्स पार्टी |
| नागालैंड | नागालैंड पीपल्स पार्टी |
| अरूणाचल प्रदेश | अरूणाचल कांग्रेस |
| असम | असम गण परिषद, असम यूनाईटेड डेमोक्रटिक फ्रंट |
| सिक्किम | सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट |
| बिहार | लोक जनशक्ति पार्टी, जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल |
| उत्तर प्रदेश | समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल |
| दिल्ली | आम आदमी पार्टी |

**कुछ रोचक तथ्य :-**

स्वतंत्रता के उपरांत भारत में प्रथम आम चुनाव 1951-52 में हुए।
पंड़ित जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने।
व्योमेश चंद्र बनर्जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष थे।
श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1980 में भारतीय जनता पार्टी की नीवं रखी।
कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी की नींव रखी।
1985 में संसद ने दल-बदल कानून पारित किया उस समय राजीव गाँधी प्रधानमंत्री थे।




## राजनीतिक दलों में सुधार हेतु कुछ सुझाव :-

- दल बदल कानून को सख्त किया जाए।
- आपराधिक प्रवृत्तियों के लोगों पर रोक लगे।
- राजनीतिक दलों में समय-समय पर सांगठनिक चुनाव हो।
- राजनीतिक दलों के आंतरिक कामकाज को पारदर्शी बनाए जाये।

- महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलें।
- चुनाव का खर्च सरकार उठाए।

## 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. निम्नलिखित में से कौन सा एक राष्ट्रीय दल नहीं है?
   1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
   2) भारतीय जनता पार्टी
   3) बहुजन समाज पार्टी
   4) राष्ट्रीय जनता दल
2. निम्नलिखित में से कोन सा एक प्रांतीय दल नहीं है?
   1) भारतीय जनता पार्टी
   2) राष्ट्रीय जनता दल
   3) समाजवादी पार्टी
   4) आम आदमी पार्टी
3. स्व. कांशीराम जी ने किस राजनीतिक दल का गठन 1984 में किया था?
   1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
   2) बहुजन समाज पार्टी
   3) भारतीय जनता पार्टी
   4) राष्ट्रीय जनता दल
4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का चुनाव चिन्ह क्या है?
   1) कमल का फूल
   2) हाथी
   3) हाथ का पंजा
   4) लालटेन
5. भारतीय जनता दल का चुनाव चिन्ह क्या है?

1) कमल का फूल

2) साइकिल

3) हाथ का पंजा

4) लालटेन

6. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह क्या है ?

1) टेबल घड़ी

2) कमल का फूल

3) साइकिल

4) तीर कमान

7. भारत में किस स्तर पर चुनाव बिना राजनीतिक दलों के लड़े जाते हैं ?

1) लोकसभा स्तर पर

2) राज्यसभा स्तर पर

3) विधानसभा स्तर पर

4) पंचायत स्तर पर

8. शासक दल से आप क्या समझते हैं ?

9. कौन सी दलीय व्यवस्था को लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं माना जाता है ?

10. दल-बदल से आप क्या समझते हैं ?

**उत्तरमाला :-**

1. राष्ट्रीय जनता दल
2. भारतीय जनता पार्टी
3. बहुजन समाज पार्टी
4. हाथ का पंजा

5. कमल का फूल

6. टेबल घड़ी

7. पंचायत स्तर पर

8. जिस दल की सरकार होती है, उसे शासक दल कहते हैं।

9. एक दलीय व्यवस्था

10. विधायिका के लिए किसी दल-विशेष से निर्वाचित होने वाले प्रतिनिधि का उस दल को छोड़कर किसी अन्य दल में चले जाना।

## 3 अथवा 5 अंक वाले प्रश्न :-

1. राजनीतिक दलों के कार्य लिखिए।

2. किसी दल को राष्ट्रीय या प्रांतीय मानने का आधार क्या है?

3. विभिन्न प्रकार की दलीय व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

4. वर्तमान में राजनीतिक दलों क समक्ष चुनौतियों की व्याख्या कीजिए।

5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख विचाराधारात्मक तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

6. भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख विचाराधात्मक तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

7. बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख विचाराधारात्मक तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

8. 'राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।' कथन की व्याख्या कीजिए।

9. लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका का वर्णन कीजिए।

10. गठबंधन की सरकार से आप क्या समझते हैं? भारतीय लोकतंत्र में गठबंधन की सरकारों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

11. सामान्य जन किस प्रकार राजनीतिक दलों में सुधार ला सकते हैं?

## उत्तरमाला :-

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

6. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

7. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

8. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

9. लोकतंत्र में विपक्ष बहुत ही महत्वपूर्ण है।

   1) सरकार की नीतियों पर नज़र रखना।

   2) सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना।

   3) सराकर चलाने में सकरात्मक भूमिका निभाना।

10. जब चुनावों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता तो या दो से अधिक राजनीतिक दल विकास के साझा कार्यक्रम के साथ मिलकर सरकार चलाते हैं। इसे गठबंधन की सरकार कहते हैं। भारत में 1989 से लेकर 2014 तक केन्द्र में गठबंधन की सरकार रही है।

    1) गठबंधन की सरकारों के कारण राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय दलों की अनदेखी नहीं कर सकते हैं।

    2) केन्द्रीय सरकारों को सभी क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देना होगा।

11. कुछ उपाय

    1) जनभागीदारी को बढ़ावा देकर।

    2) राजनीतिक दलों पर दबाव बनाकर।

    3) अपराधिक छवि वालें उम्मीदवारों को हराकर।

    4) ईमानदार एवं स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को जिताकर।

## अभ्यास प्रश्न :-

1. भारत में बहु-दलीय व्यवस्था क्यों है ?
2. प्रांतीय दल से आप क्या समझते हैं ? किसी दल को प्रांतीय दल का दर्जा कब दिया जाता है ?
3. भारत में क्षेत्रीय दलों के उभार ने संघवाद एवं लोकतंत्र को मजबूत किया है। आप इस कथन से कहां तक सहमत हैं ? व्याख्या कीजिए।
4. तमिलनाडु के किन्हीं दो प्रांतीय दलों का नाम उनके चुनाव चिन्ह के साथ लिखिए।
5. बिहार के किन्ही दो प्रांतीय दलों के नाम लिखिए।

# 7. लोकतंत्र के परिणाम

## अवधारणा मानचित्र
## (Concept Map)




**परिणामतः**

1. राजनैतिक समानता (चुनाव लड़ने व वोट देने का अधिकार)
2. समान अधिकार, न्याय और स्वतंत्रता
3. स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव
4. नीति निर्णयों पर खुली बहस
5. बहुमत का निर्णय (जनमत के आधार पर)

**परिणामतः**

1. जनकल्याण और सामाजिक-आर्थिक समानता
2. वस्तुओं, आय और अवसरों, की समानता का न्यायपूर्ण वितरण
3. धनी व शक्तिशाली व्यक्ति को विशेष अधिकार नहीं।

**परिणामतः**

1. व्यक्ति की गरिमा
2. नागरिक समानता
3. सामाजिक टकरावों की कम संभावना
4. कमजोर वर्गों को समानता का अधिकार
5. सामाजिक समानता

## याद रखने योग्य बातें :-

1. आज विश्व के 100 से अधिक देश किसी ना किसी तरह की लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते हैं। इनका औपचारिक संविधान है। इनके यहां चुनाव होते हैं और राजनीतिक दल भी हैं। साथ ही वे अपने नागरिकों को कुछ बुनियादी अधिकारों की गारंटी भी देते है।

2. लोकतंत्र में इस बात की पक्की व्यवस्था होती है कि फैसले कुछ कायदे कानूनों के अनुसार हों।

3. कोई नागरिक यह जानना चाहे कि फैसले लेने में नियमों का पालन हुआ है या नहीं तो वह इसका पता लगा सकता है। उसे न सिर्फ यह जानने का अधिकार है बल्कि उसके पास इसके साधन भी उपलब्ध हैं, इसे पारदर्शिता कहते हैं।

4. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था निश्चित रूप से अन्य शासनों से बेहतर है। यह वैध शासन व्यवस्था है। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था लोगों की अपनी शासन व्यवस्था है। इसी कारण सम्पूर्ण विश्व में लोकतंत्र के विचार के प्रति जबरदस्त समर्थन का भाव है।

5. लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक समानता पर आधारित होती है। प्रतिनिधियों के चुनाव में हर व्यक्ति का स्तर बराबर होता है।

6. तानाशाही का समर्थन करने वाली राजनैतिक विचारधारा को निरंकुशतावाद कहते हैं।

7. लिंग भेद, जातिभेद और साम्प्रदायिक प्रवृत्ति सामाजिक असमानता के रूप हैं।

8. कानून के शासन से आशय है कि एक देश के संविधान के प्रति अटूट निष्ठा के साथ शासन करना।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. रिक्त स्थान भरिए-

लोकतंत्र व्यक्ति की........................को बढ़ाता है।

2. निम्न का सही मिलान करें—

| लक्षण | शासन का रूप |
|---|---|
| (i) स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव | तानाशाही |
| (ii) खुली बहस पर रोक | लोकतंत्र |
| (iii) वैध सरकार | तानाशाही |
| (iv) नागरिकों की बदतर स्थिति | लोकतंत्र |

3. वाक्य को राजनीतिक तथ्यों के आधार पर सही करके लिखिए-

'लोकतांत्रिक सरकार एक निरंकुश सरकार होती है ?

4. सही विकल्प का चयन कीजिए-

निम्न में से किस प्रकार की सरकार में नागरिकों को सामाजिक समानता उपलब्ध होती है-

(i) राजतंत्र

(ii) तानाशाही

(iii) लोकतंत्र

(iv) अल्पतंत्र/एकतंत्र

5. वाक्यों के आगे (T) सत्य अथवा (F) असत्य लिखिए-

(क) लोकतंत्र में गलतियों को सुधारने का अवसर होता है। ( )

(ख) लोकतंत्र सामाजिक टकरावों को बढ़ाने में मदद करता है। ( )

(ग) लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था निश्चित रूप से अन्य शासनों से बेहतर है। ( )

(घ) सूचना के अधिकार के द्वारा सरकार के कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ( )

(ड) हम सरकार के बारे में अधिक जानते हैं जबकि सरकार हमारे बारे में कम जानती है। ( )

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. लोकतंत्र की परिभाषा लिखिए।
2. तानाशाही का समर्थन करने वाली विचारधारा को क्या कहते हैं?
3. लोकतंत्र अच्छा क्यों है?
4. किस प्रकार की सरकार सबसे बेहतर मानी जाती है?
5. 'नागरिक स्वतंत्रता' क्या है?
6. सामाजिक असमानता का कोई एक रूप लिखिए।
7. बहुमत के शासन का क्या अर्थ है?
8. कुछ लोगों का अथवा एक दल का शासन क्या कहलाता है?

## लघु / दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए?
2. लोकतांत्रिक व्यवस्था को तानाशाही से बेहतर क्यों माना जाता है?
3. लोकतंत्र के सामाजिक परिणाम लिखिए?
4. लोकतंत्र किस प्रकार एक वैध सरकार को जन्म देता है?
5. लोकतंत्र किस प्रकार नागरिकों को शांतिपूर्ण और सद्भावनापूर्ण जीवन देता है?

6. लोकतंत्र नागरिकों की गरिमा को कैसे बनाये रखता है ?

7. शिकायतें किस प्रकार लोकतंत्र को सफल बनाने में सहयोग देती हैं ?

8. लोकतंत्र के सिद्धान्तों को जीवन के सभी क्षेत्रों में कैसे लागू किया जा सकता है ?

9. तानाशाही सरकार की तुलना में लोकतांत्रिक सरकार की कमियाँ बताएँ।

10. नीचे दिए गए ब्यौरों में लोकतंत्र की चुनौतियों की पहचान करें। ये स्थितियाँ किस तरह नागरिकों के गरिमापूर्ण, सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन के लिए चुनौती पेश करती है ? लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए नीतिगत-संस्थागत उपाय भी सुझाएँ।

    1) उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद उड़ीसा में अनुसूचित जाति एवं गैर अनुसूचित जाति के प्रवेश के लिए अलग-अलग दरवाजा रखने वाले एक मंदिर को एक ही दरवाजे से सबको प्रवेश की अनुमति देनी पड़ी।

    2) भारत के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

    3) जम्मू-कश्मीर के गंडवारा में मुठभेड़ बताकर जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा तीन नागरिकों की हत्या करने के आरोप को देखते हुए इस घटना की जाँच के आदेश दिए गए।

11. क्या आप सोच सकते हैं कि सरकार कैसे आपके और आपके परिवार के बारे में जानती है ? (उदाहरण-राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र) सरकार के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आपके पास कौन-कौन से स्त्रोत हैं ?

12. लोकतंत्र से कौन-कौन से परिणाम अपेक्षित हैं ?

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (उत्तरमाला)

1. गरिमा

2. (i) स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव — लोकतंत्र

   (ii) खुली बहस पर रोक — तानाशाही

   (iii) वैध सरकार — लोकतंत्र

   (iv) नागरिकों की बदतर स्थिति — तानाशाही

3. लोकतांत्रिक सरकार एक जवाबदेह/जिम्मेदार सरकार होती है।

4. (iii) लोकतंत्र

5. (क) (T) असत्य

   (ख) (F) असत्य

   (ग) (T) सत्य

   (घ) (T) सत्य

   (ड) (F) असत्य

## उत्तर माला
### 1 अंक वाले प्रश्न

1. जनता का शासन, जनता के लिये व जनता के द्वारा
2. निरंकुशतावाद
3. यह नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।
4. लोकतांत्रिक सरकार।
5. नागरिकों के मौलिक अधिकार जिनकी रक्षा कानून करता है।
6. लिंग भेद, जातिभेद आदि।
7. बहुमत का निर्णय होना।
8. तानाशाही या एक दलीय शासन व्यवस्था।

## लघु/ दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. ★ नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है।
   ★ व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है।
   ★ इससे फैसलों में बेहतरी आती है।
   ★ इसमें गलतियों को सुधारने का अवसर होता है।
   ★ टकराव को सुलझाता है।
2. ★ लोकतंत्र में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं।
   ★ लोकतंत्र में नीति तथा निर्णयों पर खुली बहस होती है।
   ★ लोकतंत्र में वैध सरकार होती है।
   ★ लोकतंत्र में नागरिकों की स्थिति बेहतर होती है।

3. ★ लोकतांत्रिक व्यवस्था सद्भावनापूर्ण जीवन उपलब्ध कराती है।
   ★ इसमें सामाजिक टकरावों की संभावना कम रहती है।
   ★ व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है।
   ★ लोकतंत्र में समाज के कमजोर वर्गों को समानता का दर्जा देने पर बल दिया जाता है।

4. 1) लोकतान्त्रिक सरकार एक जवाबदेह सरकार है।
   2) नागरिकों को, निर्णय निर्माण प्रक्रिया की जाँच करने के अधिकार और साधन प्राप्त होते हैं।
   3) लोकतंत्र एक जिम्मेदार सरकार है। यह नागरिकों के विचारों और उम्मीदों का ध्यान रखती है।
   4) लोकतांत्रिक सरकार एक वैध सरकार है क्योंकि यह जनता द्वारा चुनी जाती है।

5. 1) प्रत्येक नागरिक को मत देने और चुनाव लड़ने का अधिकार है।
2) यह नागरिकों को सामाजिक समानता उपलब्ध कराता है।
3) लोकतंत्र टकरावों तथा आपसी मतभेद को समाप्त करने में मदद करता है।
4) लोकतंत्र में बहुमत को सदा अल्पमत के साथ काम करने की जरूरत होती है ताकि सरकार सभी की इच्छाओं का प्रतिनिधित्व कर सके।

6. 1) लोकतंत्र सम्मान एवं स्वतंत्रता की भावना को जन्म देता है।
2) लोकतंत्र में सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार किया जाता है।
3) लोकतंत्र ने महिलाओं को पुरूषों के समान दर्जा प्रदान किया है।
4) लोकतंत्र में जाति आधारित असमानताओं एवं क्रूरताओं का कोई नैतिक एवं कानूनी आधार नहीं है।

7. 1) बहुत समय से स्त्रियों को समान अधिकार, न्याय और स्वतंत्रता से वंचित रखा गया था। मगर 'लोकतंत्र ने सभी अधिकार सुनिश्चित कर दिये।
2) समाज के कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान करना।
3) उचित प्रतिनिधित्व देने से विभिन्न जातीय समूहों के बीच टकराव कम हुआ है। मतभेदों को दूर करने के लिए लोकतंत्र संवैधानिक तरीका उपलब्ध कराता है।

8. 1) किसी लोकतांत्रिक फैसले में उन सभी लोगों से राय- विचार करने तथा सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है जो इस फैसले से प्रभावित होने वाले हैं।
2) सभी व्यक्तियों को निर्णय निर्माण प्रक्रिया में भाग लेने का समान अधिकार है।
3) किसी भी धनी या शक्तिशाली व्यक्ति को विशेष अधिकार प्राप्त नहीं है।

9. 1) तानाशाही की तुलना में लोकतंत्र में निर्णय लेने में कुछ अधिक समय लगता है क्योंकि तानाशाही में औपचारिकता नहीं होती।

2) तानाशाही सरकार की तुलना में लोकतांत्रिक सरकार ज्यादा खर्चीली है क्योंकि यहाँ निश्चित अवधि के बाद चुनाव होते है।

3) तानाशाही में उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार हो सकता है परंतु लोकतंत्र में हर स्तर पर भ्रष्टाचार हो सकता है।

4) लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए पैसा पानी की तरह बहाया जाता है जबकि तानाशाही में ऐसा नहीं होता है।

10. 1) यहाँ मुख्य चुनौती जातिवाद है।

सुझाव : जिन संस्थाओं के द्वारा जातिवाद को बढ़ावा दिया जाता है, उन्हें प्रतिबंधित करना चाहिए। लोगों में जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कानून बनाना चाहिए।

2) कृषि के लिए आधारभूत सुविधाएँ अपर्याप्त हैं। भारतीय कृषि अभी भी बहुत हद तक मानसून पर निर्भर है।

सुझाव : कम ब्याज दर पर किसानों को ऋण दिया जाना चाहिए। कृषि सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए तथा किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

3) आतंकवाद के नाम पर निर्दोष नागरिकों की हत्या नहीं करनी चाहिए।

सुझाव :

पुलिस बल को नागरिकों और आतंकवादियों की पहचान की समुचित सूचना होनी चाहिए। नागरिकों में विश्वास बहाली का माहौल बनाना चाहिए। (पुलिस की कार्यवाही को पारदर्शी बनाकर सकारात्मक माहौल बनाना चाहिए।)

11. सरकार के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारे पास निम्नलिखित स्रोत हैं :-

1) सूचना का अधिकार
2) राजनीतिक नेताओं के द्वारा
3) अखबारों और दूरदर्शन पर सरकार द्वारा दिए गए विज्ञापन।
4) राजनीति पर आधारित वाद-विवाद
5) साहित्यकारों और राजनीतिक विश्लेषकों के लेख

12. 1) सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के आधार पर चुनाव समय-समय पर होने चाहिए।
2) चुने गए प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह हों।
3) प्रेस स्वतंत्र हो तथा वह जिम्मेवारी से अपनी भूमिका निभाएँ।
4) जनता को मौलिक अधिकार प्राप्त हों।
5) देश की एकता, अखण्डता वं संघवाद मजबूत हों।

# 7. लोकतंत्र की चुनौतियाँ

**मुख्य बातें :-**

1. **चुनौती** - वह मुश्किल है जो लोकतंत्र में आती रहती है और उसे दूर किया जा सकता है।
2. **बुनियादी आधार की चुनौती** - इस चुनौती में मौजूदा गैर-लोकतांत्रिक सरकार को गिराने, सत्ता पर सेना के नियंत्रण को समाप्त करने और एक सम्प्रभु तथा कारगर शासन व्यवस्था को स्थापित करने की चुनौती है।
3. **विस्तार की चुनौती** - इस चुनौती में लोकतांत्रिक शासन के बुनियादी सिद्धांतो को सभी क्षेत्रों, सभी सामाजिक समूहों और विभिन्न संस्थाओं में लागू करना शामिल हैं
4. **लोकतंत्र को मजबूत करने की चुनौती** - इस चुनौती में लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रथाओं को मजबूत करना शामिल है।
5. **लोकतंत्र** - एक ऐसी शासन व्यवस्था जहाँ सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है।

### 1 अंक वाले प्रश्न

1. किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को क्या कहते है ?
2. प्रत्येक लोकतंत्र के समक्ष किसकी मुख्य चुनौती होती है ?
3. लोगों को राजनीतिक सुधार लागू करने में सशक्त बनाने वाला कौन सा कानून श्रेष्ठत्तम है।
4. राजनीतिक सुधार किसे कहते हैं ?

## लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. लोकतंत्र की चुनौतियों पर हम कैसे विजय प्राप्त कर सकते है ? समझाएँ।
2. लोकतंत्र की चुनौतियाँ कौन-कौन सी है ?
3. लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है ?
4. अच्छे लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए ?
5. शिकायतों को लोकतंत्र की सफलता का प्रमाण किस प्रकार माना जाता है ? तीन तथ्यों की सहायता से स्पष्ट करें।
6. सबसे बढ़िया कानून सा है ? भारत से उदाहरण दे कर स्पष्ट करें।
7. भारतीय लोकतंत्र के समक्ष कौन-कौन सी चुनौतियाँ हैं ?
8. कुछ दिशा निर्देशों की चर्चा करें जिन्हें भारत में राजनीतिक सुधारों के लिए तरीका और जरिया ढूँढ़ते समय अपने ध्यान में रखा जा सकता है।
9. यहाँ हम भारत के बारे में चर्चा करेंगे। समकालीन भारत के लोकतंत्र के सामने मौजूद चुनौतियों पर गौर करें। इनमें से उन पाँच की सूची बनाइए जिन पर पहले ध्यान दिया जाना चाहिए। यह सूची प्राथमिकता को भी बताने वाली होनी चाहिए यानी आप जिस चुनौती को सबसे महत्वपूर्ण और भारी मानते हैं उसे सबसे ऊपर रखें। शेष को इसी क्रम से बाद में। ऐसी चुनौती का एक उदाहरण दें और बताएँ कि आपकी प्राथमिकता में उसे कोई खास जगह क्यों दी गई है ?

### उत्तरमाला

### 1 अंक वाले प्रश्न

1. लोकतंत्र की चुनौतियाँ
2. विस्तार की चुनौती
3. सूचना का अधिकार, 2005
4. लोकतंत्र की विभिन्न चुनौतियों के बारे में सभी सुझाव या प्रस्ताव 'लोकतांत्रिक सुधार या राजनीतिक सुधार कहे जाते हैं।

## लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. ★ सैद्धान्तिक रूप से सुधार मुख्यतः राजनीतिक दलों के द्वारा ही लाये जाने चाहिए।
   ★ जनादेश के अनुसार समुचित संवैधानिक आधार अपनाया जाना चाहिए।
   ★ पंचायती राज व्यवस्था के द्वारा प्रशासन में लोगों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास।
   ★ सामाजिक जरूरतों के अनुसार नियमों में समय-समय पर बदलाव।

2. 1) बुनियादी चुनौती - जहाँ लोकतंत्र नहीं है वहाँ इसे स्थापित करना।
   2) विस्तार की चुनौती - सभी क्षेत्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों को लागू करना।
   3) लोकतंत्र को मजबूत करने की चुनौती - लोकतंत्र में जनता तथा संस्थाओं को सशक्त करना।

3. 1) लोकतांत्रिक संस्थाओं और उनकी कार्य पद्धतियों को मजबूत बनाना।
   2) लोगों द्वारा लोकतंत्र से जुड़ी अपनी उम्मीदों को पूरा करना।
   3) लोगों की भागीदारी में वृद्धि।
   4) सरकारी फैसलों में पारदर्शिता।

4. -- धर्म, नस्ल, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं
   -- एक निश्चित कार्यकाल के बाद चुनाव सम्पन्न।
   -- एक से अधिक दल।
   -- स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका।

5. 1) शिकायत के द्वारा सरकार की निर्णय लेने की प्रक्रिया अच्छी हो जाती है।

2) इससे विचारों को व्यक्त करने की स्वतंत्रता सशक्त होती है और लोकतंत्र में सुधार होते हैं।

3) शिकायतों द्वारा नागरिक सजग हैं ज्ञात होता है।

6. सबसे बढ़िया कानून वे हैं जो लोगों को लोकतांत्रिक सुधार करने की ताकत देते हैं। सूचना का अधिकार कानून लागों को जानकार बनाने और लोकतंत्र के रखवाले के तौर पर सक्रिय करने का अच्छा उदाहरण है। यह भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाता है।

7. 1) भ्रष्टाचार

2) जातिवाद

3) क्षेत्रवाद

4) भाषावाद

5) आतंकवाद

8. भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था में कई तरह की कमियाँ आ चुकी हैं। इन कमियों को दूर करने के लिए निम्न तरीका और जरिया ढूँढ़ा जा सकता है :-

1) बेहतर कानून बनाकर सुधार लाना

2) चुनावी खर्च को लेकर बनाए गए कानून का कड़ाई से पालन करना।

3) अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध।

4) दल-बदल करने पर उसकी सदस्यता समाप्त करना।

5) राजनीतिक दलों के चंदे को 'सूचना का अधिकार' कानून के अंतर्गत लाना।

6) पार्टी के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को हर हाल में बहाल करना।

9. बच्चें स्वयं अपनी प्राथमिकता और चुनौती के आधार पर इस प्रश्न का उत्तर देंगे। फिर भी इससे संबंधित कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं :-

| प्राथमिकता | लोकतंत्र की चुनौती | उदाहरण | प्राथमिकता का कारण |
|---|---|---|---|
| 1. | जातिवाद | भारत के कई राज्यों में जाति के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाता है तथा वोट डाला जाता है। जैसे-बिहार एवं उत्तर प्रदेश | जातिवाद के कारण सामाजिक वैमनस्य बढ़ता है और प्रदेश का विकास अवरुद्ध हो जाता है। |
| 2. | साम्प्रदायिकता | इसके कारण देश के कई हिस्से में दंगे फैल जाते हैं और निर्दोष लोग मारे जाते हैं। जैसे-गुजरात | इससे धन-जन की बहुत हानि होती है तथा देश की एकता एवं अखंडता खतरे में पड़ जाती है। |
| 3. | आतंकवाद और नक्सलवाद | जम्मू-कश्मीर छत्तीसगढ़, बिहार आदि सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यह एक बहुत गंभीर चुनौती है। | आज देश को इन दोनों चीजों से सबसे अधिक खतरा है। भारत सरकार का बहुत अधिक पैसा इस पर खर्च होता है। |

# भूगोल कक्षा 10वीं

# 1. संसाधन एवं विकास

## स्मरणीय तथ्य :-

1. हमारे पर्यावरण में उपलब्ध प्रत्येक वस्तु जो हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने में प्रयुक्त की जा सकती है और जिसको बनाने के लिए प्रौद्योगिकी उपलब्ध है जो आर्थिक रूप से संभावय और सांस्कृतिक रूप से मान्य है संसाधन कहलाती है।

## संसाधनों के प्रकार

**उत्पत्ति के आधार पर**

**जैव संसाधन**
ऐसे संसाधन जो हमें जीवमंडल से प्राप्त होते हैं, एवं जिनमें जीवन है। जैव संसाधन कहलाते हैं। जैसे-मनुष्य, प्राणीजात आदि।

**अजैव संसाधन**
वे सभी संसाधन जो निर्जीव वस्तुओं से बने हैं, अजैव संसाधन कहलाते हैं। जैसे चट्टानें और धातुएं।

**समाप्यता के आधार पर**

**नवीकरणीय संसाधन**
वे संसाधन जिन्हें विभिन्न भौतिक, रासयनिक अथवा यांत्रिक प्रक्रियाओं द्वारा पुनः उपयोगी बनाया जा सकता है, नवीकरणीय संसाधन कहलाते हैं। जैसे-वायु, जल आदि।

**अनवीकरणीय संसाधन**
वे संसाधन जिन्हें एक बार उपयोग में लाने के बाद पुनः उपयोग में नहीं लाया जा सकता, इनका निर्माण एवं विकास एक लंबे भूवैज्ञानिक अंतराल में हुआ है, अनवीकरणीय संसाधन कहलाते हैं। जैसे-खनिज

**स्वामित्व के आधार पर**

- निजी स्वामित्व वाले व्यक्तिगत संसाधन कहलाते हैं।
- वे संसाधन जिनका उपयोग समुदाय के सभी लोग करते हैं, सामुदायिक संसाधन कहलाते हैं।
- किसी भी प्रकार के संसाधन जो राष्ट्र की भौगोलिक सीमा के भीतर मौजूद हों, राष्ट्रीय संसाधन कहलाते हैं।
- तट रेखा के 200 मील दूरी से परे खुले महासागरीय संसाधनों पर किसी देश का अधिकार नहीं है। यह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की निगरानी में हैं। इन्हें अंतर्राष्ट्रीय संसाधन कहते हैं।

**विकास के स्तर के आधर पर**

- वे संसाधन जो किसी प्रदेश में विद्यमान हैं, परंतु उनका उपयोग नहीं किया गया है। संभावी संसाधन कहलाते हैं।
- वे संसाधन जिनके उपयोग की गुणवत्ता और मात्रा निर्धारित की जा चुकी है, विकसित संसाधन कहलाते हैं।
- पर्यावरण में उपलब्ध वे संसाधन जो अभी प्रौद्योगिकी के अभाव में मानव की पहुंच से बाहर हैं, भंडारित संसाधन कहलाते हैं।
- वे संसाधन जिन्हें अभी तकनीकी ज्ञान के उपयोग से प्रयोग में लाया जा सकता है, परंतु इनका उपयोग अभी आरंभ नहीं हुआ है, संचित संसाधन कहलाते हैं।

2. संसाधनों का ऐसा विवेकपूर्ण प्रयोग ताकि न केवल वर्तमान पीढ़ी की अपितु भावी पीढ़ियों की आवश्यकताएं भी पूरी होती रहें, सतत् पोषणीय विकास कहलाता है।

3. ऐसे उपाय अथवा तकनीक जिसके द्वारा संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है संसाधन नियोजन कहलाता है।

4. 1992 में ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरो में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास सम्मेलन के **तत्वाधान** में राष्ट्राध्यक्षों ने एजेंडा 21 पारित किया जिसका उद्देश्य समान हितों, पारस्परिक आवश्यकताओं एवं सम्मिलित जिम्मेदारियों के अनुसार विश्व सहयोग के द्वारा **पर्यावणीय** क्षति, गरीबी और रोगों से निपटना है।

5. महात्मा गाँधी ने कहा था कि - हमारे पास व्यक्ति की आवश्यकता पूर्ति के लिए बहुत कुछ है, लेकिन किसी के लालच की संतुष्टि के लिए नहीं। अर्थात् हमारे पास पेट भरने के लिए बहुत कुछ है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं।

## भारत की भू-आकृति







भू-उपयोग

1. वन
2. कृषि के लिए अनुपलब्ध भूमि
3. परती भूमि
4. परती भूमि के अतिरिक्त अन्य कृषि योग्य भूमि
5. शुद्ध बोया गया क्षेत्र










## जलोढ़ मृदा

1. भारत के लगभग 45 प्रतिशत क्षेत्रफल पर पाई जाती है।
2. इस मिट्टी में पोटाश की बहुलता होती है।
3. सिंधु, गंगा तथा ब्रह्मपुत्र नदी तंत्रों द्वारा विकसित।

4. रेत, सिल्ट तथा मृत्तिका के विभिन्न-

5. आयु के आधार पर पुरानी जलोढ़ (बांगर) एवं नयी जलोढ़ (खादर)

6. बहुत उपजाऊ तथा गन्ना, चावल, गेहूँ आदि फसलों के लिए उपयोगी।

## काली मृदा

1. रंग काला एवं अन्य नाम रेगर मृदा
2. **टिटेनीफेरस** मैग्नेटाइट एवं जीवांश की उपस्थिति
3. बेसाल्ट चट्टानों के टूटने-फूटने के कारण निर्माण
4. आयरन, चूना, एल्युमीनियम एवं मैग्निशियम की बहुलता
5. कपास की खेती के लिए सर्वाधिक उपयुक्त
6. महाराष्ट्र, सौराष्ट्र, मालवा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पठारों में पाई जाती है।

## लाल एवं पीली मृदा

1. लोहे के कणों की अधिकता के कारण रंग लाल तथा कहीं-कहीं पीला भी।

2. अम्लीय प्रकृति की मिट्टी।

3. चूने के इस्तेमाल से उर्वरता को बढ़ाया जा सकता है।

4. उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य गंगा के मैदान व गारो, खासी व जयंतिया के पहाड़ों पर पाई जाती है।

## लेटराइट मृदा

1. उच्च तापमान और अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित।

2. भारी वर्षा से अत्यधिक निक्षालन का परिणाम।

3. चाय व काजू के लिए उपयुक्त।

4. कर्नाटक, केरल तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उड़ीसा तथा असम के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त।

**मरूस्थलीय मृदा**

1. रंग लाल व भूरा
2. रेतीली तथा लवणीय
3. शुष्क जलवायु तथा उच्च तापमान के कारण जल वाष्पन की दर अधिक
4. ह्यूमस और नमी की मात्रा कम
5. उचित सिंचाई प्रबंधन के द्वारा उपजाऊ बनाया जा सकता है।

**वन मृदा**

1. पर्वतीय क्षेत्रों में पाई जाती है।
2. गठन में पर्वतीय पर्यावरण के अनुसार बदलाव
3. नदी घाटियों में मृदा दोमट तथा सिल्टदार
4. **अधिसिलक** तथा ह्यूमस रहित।

**मृदा अपरदन के कारण :-**

1. मृदा के कटाव और उसके बहाव की प्रक्रिया को मृदा अपरदन कहा जाता है।
2. बहता हुआ जल **मृत्तिकायुक्त मृदाओं** को काटते हुए गहरी वाहिकाएं बनाता है, जिन्हें **अवनलिकाएँ** कहते हैं।
3. ऐसी भूमि जो जोतने योग्य नहीं रहती उसे उत्खात भूमि कहते हैं।
4. चंबल बेसिन में इसे खड्ड भूमि कहते हैं।
5. पवन द्वारा मैदान और ढालू क्षेत्र से मृदा को उड़ा ले जाने की प्रक्रिया को पवन अपरदन कहते हैं।
6. कृषि के गलत तरीकों के कारण भी मृदा अपरदित होती है।

**कुछ रोचक तथ्य :-**

भारत में सामाजिक व राजनीतिक आंदोलनों के साथ ही विभिन्न पर्यावरणीय आंदोलन भी चलाए गए। जैसे-

1. **खेजड़ी** आंदोलन 1700 में राजस्थान में चलाया गया।
2. चिपको आंदोलन 1973 में टिहरी गढ़वाल में चलाया गया।
3. साइलेंट वैली आंदोलन 1978 में केरल में चलाया गया।
4. अपिप्को आंदोलन 1983 में कर्नाटक में चलाया गया।
5. नर्मदा बचाओ आंदोलन 1985 में गुजरात में चलाया गया।

## भारत में मृदा का वर्गीकरण



## 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अजैव संसाधन है ?
   1) प्राणीजात
   2) मानव
   3) धातुएं
   4) पशु
2. प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन कहां हुआ ?
   1) ब्राजील
   2) अमेरीका
   3) भारत
   4) रूस
3. प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन कब हुआ ?
   1) 1900
   2) 1992
   3) 1990
   4) 1991
4. स्माल इज ब्युटीफुल के लेखक कौन थे ?
   1) महात्मा गांधी
   2) शूमेसर
   3) सचिन
   4) जवाहर लाल नेहरू
5. किसने कहा था कि हमारे पास पेट भरने के लिए संसाधन हैं पेटी भरने के लिए नहीं ?
   1) महात्मा गांधी
   2) भीमराव अम्बेडकर
   3) नरेन्द्र मोदी
   4) जवाहर लाल नेहरू

6. निम्नलिखित में से कौन सा कथन जलोढ़ मृदा के संदर्भ में सही है ?
   1) भारत के लगभग 45 प्रतिशत क्षेत्रफल पर पाई जाती है।
   2) इस मिट्टी में पोटाश की बहुलता होती है।
   3) सिंधु, गंगा तथा ब्रह्मपुत्र नदी तंत्रों द्वारा विकसित
   4) सभी कथन सही हैं।
7. निम्नलिखित में से कौन सा कथन काली मृदा के संदर्भ में सही है ?
   1) टिटेनीफेरस, मैग्नेटाइट एवं जीवांश की उपस्थिति
   2) आयरन, चूना, एल्युमीनियम एवं मैग्निशियम की बहुलता
   3) कपास की खेती के लिए सर्वाधिक उपयुक्त
   4) सभी कथन सही हैं।
8. निम्नलिखित में से कोन सा कथन वन मृदा के संदर्भ में सही हैं ?
   1) गठन में पर्वतीय पर्यावरण के अनुसार बदलाव
   2) नदी घाटियों में मृदा दोमट तथा सिल्टदार
   3) अधिसिलक तथा ह्यूमस रहित।
   4) सभी कथन सही हैं।
9. निम्नलिखित में से कौन सा कथन लेटराइट मृदा के संदर्भ में सही है ?
   1) उच्च तापमान और अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित।
   2) भारी वर्षा से अत्यधिक निक्षालन का परिणाम।
   3) चाय व काजू के लिए उपयुक्त।
   4) सभी कथन सही हैं।
10. निम्नलिखित में से कौन सा कथन मरूस्थलीय मृदा के संदर्भ में सही है ?
   1) रंग लाल व भूरा
   2) रेतीली तथा लवणीय
   3) शुष्क जलवायु तथा उच्च तापमान के कारण जल वाष्पन की दर अधिक
   4) सभी कथन सही हैं।

11. रेखांकित शब्द को सही करके कथन को लिखिए।
काली मृदा काजू की कृषि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।
12. रेखांकित शब्द को सही करके कथन को लिखिए।
लेटराइट मृदा कपास की कृषि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

**उत्तरमाला :-**

1. धातुएँ
2. ब्राजील
3. 1992
4. शूमेसर
5. महात्मा गाँधी
6. सभी कथन सही हैं।
7. सभी कथन सही हैं।
8. सभी कथन सही हैं।
9. सभी कथन सही हैं।
10. सभी कथन सही हैं।
11. काली मृदा, कपास की कृषि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।
12. लेटराइट मृदा काजू/चाय की कृषि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

## 3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. संसाधन क्या हैं? इनके वर्गीकरण पर एक नोट लिखिए
2. भूमि निम्नीकरण के क्या कारण हैं?
3. भूमि संरक्षण के कुछ उपाए बताइए?
4. 'हमारे पास पेट भरने के संसाधन है, पेटी भरने के नहीं'। इस कथन के आलोक में सतत पोषणीय विकास का महत्व बताइए।
5. एजेंडा 21 क्या है?
6. मृदा निर्माण में कौन कौन से कारक उत्तरदायी हैं? स्पष्ट कीजिए।
7. खादर एवं बांगर में अंतर स्पष्ट कीजिए।

8. उन पर्यावरणीय समस्याओं का वर्णन कीजिए जो संसाधनों के अति उपयोग से सामने आ सकती हैं?
9. भारत में पाई जाने वाली मृदा के प्रकारों पर एक नोट लिखिए।
10. भारत में पाए जाने वाले संसाधनों का वर्णन कीजिए?

**उत्तरमाला :-**

1. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
2. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
3. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
4. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
5. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
6. मृदा निर्माण में निम्नलिखित तत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
   1) शैल
   2) जलवायु
   3) पेड़-पौधे
   4) अति चारण
   5) वर्षा
7. खादर एवं बांगर में निम्नलिखित अंतर हैं।

| **खादर** | **बांगर** |
|---|---|
| नवीन जलोढ़ मृदा | प्राचीन जलोढ़ मृदा |
| अधिक बारीक व रेतीली | कंकड़ व कैल्शियम कार्बोनेट |
| बार-बार नवीकरण संभव | बार-बार नवीकरण नहीं। |
| नदी के पास डेल्टा तथा बाढ़ निर्मित मैदानों में पाई जाती है। | नदी से दूर ऊँचे स्तर पर पाई जाती है। |

8. संसाधनों के अति उपभोग से निम्नलिखित समस्या उत्पन्न हो सकती है।
   1) मृदा अपरदन
   2) वैश्विक तापन

3) प्रदूषण
4) जलवायु परिवर्तन
5) मरूस्थलीकरण
6) जैव-विविधता का अभाव

9. स्मरणीय तथ्यों को देखें।
10. स्मरणीय तथ्यों को देखें।

## अभ्यास प्रश्न :-

1. नवीकरणीय व अनवीकरणीय संसाधनों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।
2. काली मृदा की विभिन्न विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
3. 'भारत जैसे देश में संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रयोग के लिए योजना एक व्यापक रूप से स्वीकृत रणनीति है।' कथन की व्याख्या कीजिए।
4. 'पर्यावरणीय क्षति से होने वाले नुकसान कभी भी राज्यीय एवं राष्ट्रीय सीमाओं का ध्यान नहीं करते हैं।' कथन की व्याख्या कीजिए।
5. भू-संरक्षण की समस्या को हल करने के लिए उपाए बताइए।

# 2. वन और वन्य जीव संसाधन
## (केवल आवधिक परीक्षा हेतु)

**पारिस्थितिक व्यवस्था**
**(पारितंत्र)**

- वनस्पतिजात (पौधे, वनस्पति, वन)
- उपयोग और दोहन (ह्मास)
- प्राणिजात (वन्य जीव, प्राणी, जीव जन्तु)

**पौधों और प्राणियों की प्रमुख श्रेणियां**
**(पादप और प्राणी जातियों की)**

- सामान्य
- संकट ग्रस्त
- सुभेद्य
- दुर्लभ
- स्थानिक
- लुप्त

**भारत में वन और वन्य जीवन का संरक्षण**

- संरक्षण परियोजनाएं (राष्ट्रीय पार्क, वन्य जीव पशु-विहार, बाघ रिजर्व बाघ संरक्षण परियोजना आदि)
- समुदाय और वन संरक्षण (पवित्र पेड़ आदि)

**वन और वन्य जीवन संसाधनों के प्रकार और वितरण**

- आरक्षित वन
- रक्षित वन
- अवर्गीकृत वन

## तथ्य बिन्दु एवम् स्मरणीय तथ्य :-

1. प्राकृतिक वनस्पति का अर्थ है प्राकृतिक रूप से स्वयं उगने व पनपने वाले पादप समूह। वन, घास, भूमि आदि इसके प्रकार हैं। इसे अक्षत वनस्पति के रूप में भी जाना जाता है।

2. रोपित वनस्पति-मनुष्यों के द्वारा वृक्षारोपण।

3. वन्यजीवन-वन जीव जोकि अपने प्राकृतिक पर्यावण में रहते हैं

4. घरेलू या पालतू जीव-मानव के साथ रहने व उपयोग में लाये जाने वाले पशु।

5. वनस्पति जात (फ्लोरा) - किसी क्षेत्र या काल विशेष के पादप।

6. प्राणिजात (फौना) - जंतुओं की प्रजातियां।

7. पारितंत्र (पारिस्थितिकी तंत्र) - किसी क्षेत्र के पादप और जंतु अपने भौतिक पर्यावरण में एक-दूसरे पर निर्भर व परस्पर जुड़े हुए होते हैं। यही एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाता है। मानव भी इस तंत्र का एक प्रमुख भाग है।

8. स्थानिक पादप-अक्षत (प्राकृतिक) वनस्पति जो कि विशुद्ध रूप में भारतीय है। इसे स्वदेशी वनस्पति प्रजातियां भी कहते हैं।

9. राष्ट्रीय प्राणी उद्यान-वन्य जंतुओं व पक्षियों के लिए आरक्षित स्थान।

10. वन्य जीव अभयारण्य-राष्ट्रीय वन जहां वन्य जीवों (पशु-पक्षियों) के अवैध शिकार पर ... प्रतिबंध है।

11. भारत अपने वनस्पति जात (फ्लोरा) में अति समृद्ध है। भारत में लगभग 47000 पादप प्रजातियां तथा लगभग 15,000 पुष्प प्रजातियां स्थानिक (स्वदेशी) हैं।

12. भारत अपने प्राणिजात (फौना) में भी अति समृद्ध है। यहां 81000 से अधिक प्राणि/जंतु प्रजातियां है। यहां पक्षियों की 1200 से अधिक और

मछलियों की 2500 से अधिक प्रजातियां हैं। यहां लगभग 60,000 प्रजातियों के कीट-पतंग भी पाये जाते हैं।

13. जैव विविधता का अर्थ है आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए तथा परस्पर निर्भर पादपों और जंतुओं के विविध प्रकार।

14. भारत में पांच प्रकार के वन पाये जाते हैं। ये हैं-उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन, उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन, कंटीले वन, पर्वतीय वन और मैंग्रोव वन।

15. मानव पेड़ों को काटकर और जंतुओं के शिकार के द्वारा परिस्थितिक असंतुलन पैदा करता है।

16. 'प्रोजेक्ट टाईगर' विश्व की बेहतरीन वन्य जीव परियोजनाओं में से एक है। इसकी शुरूआत 1973 में हुई।

17. भारतीय वन्यजीवन (रक्षण) अधिनियम 1972 में लागू किया गया और बाद में 1980, 1986 और 1991 में इसमें कुछ नए प्रावधान शामिल किए गये।

18. समुदाय ने भारत में वनों और वन्य जीवों के संरक्षण में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है और निभाते रहेंगे।

19. वनों और वन्य जीवन का विनाश मात्र जीव विज्ञान का विषय ही नहीं है। जैव संसाधनों का विनाश सांस्कृतिक विविधता के विनाश से जुड़ा हुआ है।

20. भारत में वनों को सबसे बड़ा नुकसान उपनिवेश काल में हुआ।

## रोचक तथ्य :-

1. भारत में बड़े प्राणियों में से स्तनधारियों की 79 जातियां, पक्षियों की 44 जातियां, सरीसृपों की 15 जातियां और, जलस्थलचरों की 3 जातियां लुप्त होने का खतरा झेल रही हैं।

2. लगभग 1500 पादप जातियों के भी लुप्त होने का खतरा बना हुआ है।

3. एशियाई चीता, इसके आवासीय क्षेत्र और शिकार की उपलब्धता कम होने से लगभग लुप्त हो चुका है।

4. टकसोल नामक रसायन जो कि हिमालन यव से निकाला जाता है, विश्व में सबसे अधिक बिकने वाली कैंसर औषधि है।

5. कुछ आदिवासी क्षेत्रों में गरीबी, पर्यावरण निम्नीकरण का सीधा परिणाम होता है।

6. एक अमेरिकी नागरिक का औसत संसाधन उपभोग एक सोमाली नागरिक के औसत उपभोग से 40 गुना ज्यादा है।

7. निकोबारी मेगापोड एक संकटग्रस्त पक्षी प्रजाति है।

8. यदि हम एक कक्षा पास करके अपनी पुस्तकें उस कक्षा में आने वाले विद्यार्थियों को दे दें तो हम वृक्ष बचा सकते हैं।

9. संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति केवल 28 वृक्ष हैं। जबकि कनाड़ा में यह संख्या 8953, रूस में 4461, अमेरिका में 716 और चीन में 102 है।

10. प्रत्येक पाँच वर्ष में हमारा पर्यावरण $1^{\circ}$ सेल्सियस अधिक गर्म हो जाता है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. रिक्त स्थान भरिए-

किसी क्षेत्र या काल विशेष के पादपों हेतु...............शब्द का उपयोग किया जाता है।

2. सही मिलान कीजिए-

| समुदाय | संरक्षण |
|---|---|
| (i) मुंडा और संथाल जनजातियाँ | (i) इमली और आम |
| (ii) ओड़िशा (उड़ीसा) और बिहार की जनजातियाँ | (ii) बीज बचाओ |

(iii) राजस्थान का बिश्नोई समुदाय (iii) महुआ और कदंब

(iv) टिहरी के किसान आौर नागरिक समूह (iv) चिंकारा (काला हिरण)

3. वाक्य को भौगोलिक तथ्यों के आधर पर सही करके लिखिए-

चिंकारा (काला-हिरण) भारत में एक लुप्त प्रजाति है।

4. सही विकल्प चुनिये-

जलस्थलचर क्या हैं?

क) वे जंतु जो जल और स्थल दोनों पर जीवित रह सकते हैं।

ख) जल में रहने वाले जंतु।

ग) स्थल पर रहने वाले जंतु।

घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. नीचे लिखे वाक्यों के आगे सही (T) या गलत (F) लिखिए-

(i) स्थानांतरी (झूम) खेती कर्तन-दहन खेती का एक प्रकार है। जिससे भारत में वनों की कटाई या निम्नीकरण हुआ है। ( )

(ii) सागवान (Teak) के एकल रोपण से दक्षिण भारत में अन्य प्राकृतिक वन बर्बाद हो गए। ( )

(iii) कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान केरल में स्थित है। ( )

(iv) उत्तर प्रदेश में स्थायी वनों के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र है। ( )

(v) प्रसिद्ध चिपको आंदोलन उत्तराखंड में वन कटाई रोकने में कामयाब रहा। ( )

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (उत्तरमाला)

1. वनस्पति जात (फ्लोरा)

2. (i) मुंडा और संथाल जनजातियाँ (i) महुआ और कदंब

(ii) ओडिशा (उड़ीसा) और बिहार की जनजातियां — (i) इमली और आम

(iii) राजस्थान का बिश्नोई समुदाय — (iv) चिंकारा (काला हिरण)

(iv) टिहरी के किसान और नागरिक समूह (ii) बीज बचाओ

3. चिकारा (काला-हिरण) भारत में एक संकटग्रस्त जाति है।

4. (क) वे जंतु जो जल और स्थल दोनों पर जीवित रह सकते हैं।

5. (i) सत्य (T)

(ii) सत्य (T)

(iii) असत्य (F)

(iv) असत्य (F)

(v) सत्य (T)

## अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न (1 अंक) :-

1. परिस्थितिकी तंत्र के उन प्राथमिक उत्पादकों का नाम लिखिए जिन पर दूसरे सभी जीव निर्भर करते हैं?

2. I.U.C.N. (अं. प्रा. सं. प्रा. सं.सं.स.) क्या है?

3. भारत में पाई जाने वाली कोई एक सुभेद्य जीव प्रजाति का नाम लिखिए?

4. चीता किसी तेंदुए से कैसे भिन्न होता है?

5. औपनिवेशिक काल में भारतीय वनों को होने वाले नुकसान का कोई एक कारण लिखिए?

6. उपनिवेश काल में किस पौधे या वृक्ष को समृद्ध हिमालयन ओक की जगह लगाया गया?

7. वन संसाधनों के ह्रास के लिए चारा और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह उत्तरदायी क्यों नहीं है ?

8. पारिस्थितिकी तंत्र क्या है ?

9. भारत में पाए जाने वाले किसी एक औषधीय पौधे का नाम लिखिए।

10. पर्यावरणीय असंतुलन क्या है ?

11. आपके क्षेत्र के नजदीक कौन सी नदी बहती है ? क्या यह स्वच्छ है ? यदि नहीं तो यह स्वच्छ क्यों नहीं है ?

12. हाल के वर्षों में दिल्ली में लुप्त किसी एक पक्षी का नाम लिखिए।

13. वनों और वन्य जीवन का हमारे लिये कोई एक उपयोग लिखिए ?

14. वनोन्मूलन क्या है ?

15. वनीकरण क्या है ?

16. किस खनिज अयस्क के खनन के कारण पश्चिम बंगाल में बक्सा टाईगर रिजर्व गंभीर खतरे में है ?

## अति संक्षिप्त प्रश्न (उत्तरामाला)

1. हरे पौधे या वन।

2. अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण संघ।

3. नीली भेड़/एशियाई हाथी/गंगा नदी की डॉल्फिन इत्यादि।

4. चीते की विशेष पहचान उसकी आंख के कोने से मुंह तक नाक के दोनों ओर फैली आंसुओं की लकीरनुमा निशान है।

5. उपनिवेश काल में रेललाइन, कृषि, व्यवसाय, वैज्ञानिक, वानिकी और खनन क्रियाओं में वृध्दि। (कोई एक)

6. चीड पाईन

7. क्योंकि चारे और ईंधन हेतु लकड़ी की आवश्यकता पूर्ति मुख्यतः पेड़ो की टहनियां काटकर की जाती है न कि पूरे पेड़ काटकर।

8. पौधों, जंतुओं और मानवों के अंर्तसंबंधों और अंर्तनिर्भरता के कारण बना जटिल भौतिक पर्यावरण।

9. तुलसी, नीम, अर्जुन, जामुन, कचनार, बबूल इत्यादि (कोई एक)

10. पादप व जंतु प्रजातियों की कमी या ह्मस के कारण उत्पन्न संकट।

11. यमुना प्रदूषण के कारण (कोई एक)।

12. गौरेया।

13. लकड़ी, छाल, पत्ते, रबड़, दवाईयां, भोजन, ईंधन, चारा, खाद आदि। (कोई एक)

14. पेड़ काटना।

15. वृक्षारोपण।

16. डोलोमाइट (एक अयस्क)।

**3/5 लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-**

1. मानव किसी क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र को किस प्रकार प्रभावित करता है?

2. भारत की जैवविविधता/पर्यावरणीय विनाश/निम्नीकरण हेतु कौन से तत्व उत्तरदायी हैं?

3. वन विभाग द्वारा कौन से तीन प्रकारों में वन एवं वन्य जीव संसाधनों को वर्गीकृत किया गया है?

4. I.U.C.N. के अनुसार मौजूदा पादप और जंतु प्रजातियों को किन तीन श्रेणियों में बांटा गया है? वर्णन कीजिए।

5. ऐसे कुछ उपाय सुझाइए जिनसे हमारे वन्य जीवन को होने वाले अविवेकी ह्मस पर नियंत्रण पाया जा सके? (HOT)

## 3/5 अंक के लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. (i) वनस्पति व वन्यजीवन का उपयोग करके।

   (ii) मानव के लालच के कारण इन संसाधनों का अति उपयोग होने लगा है।

   (iii) पेड़ काटकर और जानवरों के शिकार द्वारा उन्हें मारकर वे पर्यावरणीय असंतुलन पैदा करते हैं।

   (iv) परिणामस्वरूप कुछ पादप और जंतु लुप्त होने के कगार पर हैं।

   (v) हमारे पर्यावरण के प्रति असंवेदनाशीलता दिखाकर और सतत पोषणीय विकास के अभाव द्वारा।

2. (i) स्वतंत्रता पश्चात् कृषि विस्तार

   (ii) अधिक जनसंख्या

   (iii) नदी घाटी परियोजनाएं

   (iv) खनन

   (v) अतिचारण और ईंधन की लकड़ी का संग्रह

   (vi) संसाधनों तक असमान पहुँच व अन्यायपूर्ण उपभोग

   (vii) पर्यावास क्षति, अवैध शिकार, अति शोषण, विषाक्तता व वन अग्नि (दावानल)

   (viii) पर्यावरणीय प्रदूषण।

3. (i) आरक्षित वन

   (ii) रक्षित वन

   (iii) अवर्गीकृत वन (वर्णन सहित)

4. (i) सामान्य

(ii) संकट ग्रस्त

(iii) सुभेद्य

(iv) दुर्लभ

(v) स्थानिक

(vi) लुप्त (वर्णन सहित)

5. (i) सरकार द्वारा प्रभावी, वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम।

(ii) भारत सरकार ने लगभग चौदह जैव निचय (जैव संरक्षण स्थल) प्राणि-जात व पादप-जात, हेतु बनाए हैं।

(iii) सन् 1992 से भारत सरकार द्वारा कई वनस्पति उद्यानों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता दी गई है।

(iv) बाघ परियोजना, गैंडा परियोजना, ग्रेट इंडियन बर्स्टड परियोजना तथा कई अन्य ईको-विकासीय (पारिस्थितिक विकासीय) परियोजनायें शुरू की गई हैं।

(v) 89 राष्ट्रीय उद्यान, 490 वन्य जीव अभयारण्य तथा प्राणी उद्यान बनाये गये हैं।

(vi) इन सबके अतिरिक्त हम सभी को हमारे प्राकृतिक पारिस्थितक व्यवस्था के महत्त्व को हमारी उत्तरजीविता के लिए समझना अति आवश्यक है।

# 3. ''जल संसाधन''

**जानने योग्य तथ्य तथा महत्त्वपूर्ण शब्दावली :-**

★ विश्व में जल के आयतन का 96.5 प्रतिशत भाग महासागरों में तथा केवल 2.5 प्रतिशत भाग अलवणीय जल है।

★ भारत की अधिकतर नदियाँ विशेषकर सरिताएँ प्रदूषण के कारण जहरीली धाराओं में परिवर्तित हो चुकी हैं।

★ नदी बेसिन – मुख्य नदी तथा उसकी सहायक नदियों द्वारा कुल सिंचित क्षेत्र।

★ नर्मदा बचाओ आंदोलन – नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध बनाने के विरोध में चलाया गया आंदोलन।

★ पालर पानी – राजस्थान के कुछ भागों में वर्षा जल का सबसे शुद्ध रूप।

★ भूमिगत जल – मृदा के नीचे बिछे हुए शैल आस्तरण छिद्रों और परतों में एकत्र होने वाला जल।

★ वर्षा जल संग्रहण – वर्षा जल को गड्ढों में एकत्र करना तथा पुनः उपयोग करना।

★ जल विद्युत – ऊँचे स्थानों से जल धारा को नीचे गिराकर उत्पन्न की गई विद्युत।

★ जल प्रपात – नदी घाटी के मध्य में ऊँचाई से गिरने वाला झरना।

★ बाँध – बहते जल को रोकने, दिशा देने या बहाव कम करने के लिए खड़ी की गई बाधा है जो आमतौर पर जलाशय, झील अथवा जलभरण बनाती है।

★ बहुउद्देशीय परियोजनाएँ – नदियों पर बाँध बनाकर एक बार में अनेक उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाता है।

★ बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ – वे कंपनियाँ जिनके उद्योग संस्थान एक से अधिक देशों में कार्य करते हैं तथा अनेक देशों में पूंजी निवेश करते हैं तथा अधिक लाभ अर्जित करते हैं।

★ बाँस ड्रिप सिंचाई प्रणाली – नदियों व झरनों के जल को बाँस के बने पाइपों द्वारा एकत्रित करके सिंचाई करना बाँस ड्रिप सिचांई कहलाता है।

## अति लघु उत्तर वाले प्रश्न (1 अंक वाले प्रश्न)

1. विश्व में कुल जल के आयतन का मनुष्य के उपयोग के लायक कितना जल है ?
2. भारत का कौन सा राज्य है जहाँ छत वर्षा जल संग्रहण ढाँचों का निर्माण आवश्यक कर दिया गया है ?
3. स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में बहुउद्देशीय परियोजनाओं को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
4. 'गुल' अथवा 'कुल' क्या है ?
5. 'खादीन' और 'जोहड़' क्या हैं ?
6. भारत के ऐसे क्षेत्र का उदाहरण दें जहाँ पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती है फिर भी जल की कमी है ?
7. राजस्थान में छत वर्षा जल संग्रहण को क्या कहा जाता है ?
8. जल दुर्लभता के दो कारण लिखो।
9. टिहरी बाँध परियोजना किस राज्य में तथा किस नदी पर स्थित है ?
10. सलाल परियोजना किस नदी पर तथा किस राज्य में निर्मित है ?

## लघु/दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न (3/5 अंक वाले प्रश्न)

1. वर्षा जल संग्रहण क्या है ? भारत के विभिन्न भागों में वर्षा जल संग्रहण की दो विधियाँ लिखो।

2. बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना क्या है? बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के लक्ष्य/उद्देश्य बताएँ।

3. बेकार पड़े कुएँ का वर्षा के जल के द्वारा पुनः भरण कैसे किया जाता है?

4. औद्योगीकरण तथा शहरीकरण किस प्रकार जलदुर्लभता के लिए उत्तरदायी हैं?

5. 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' पर टिप्पणी लिखो।

6. एक नवीकरणीय संसाधन होते हुए भी जल के संरक्षण तथा प्रबंधन की आवश्यकता क्यों है?

7. परंपरागत वर्षा जल संग्रहण की किन पद्धतियों को आधुनिक समय में अपनाकर जल दुर्लभता की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है?

8. जवाहर लाल नेहरू ने 'बाँधों को आधुनिक भारत के मंदिर' क्यों कहा है? बाँधों से होने वाले लाभों की सूची बनाइए।

9. हमारे देश में जल का अभाव दिन प्रतिदिन क्यों बढ़ता जा रहा है? कारणों की सूची तैयार करें।

10. भारत के रेखा मानचित्र पर निम्न को दर्शाइए -

1) भाखड़ा बाँध
2) हीराकुंड बाँध
3) सरदार सरोवर परियोजना
4) टिहरी परियोजना
5) नागार्जुन सागर
6) रिहन्द बाँध
7) राणा प्रताप सागर परियोजना
8) सलाल परियोजना

## उत्तर कुंजी -

## अति लघु उत्तर वाले प्रश्नों के उत्तर (1 अंक वाले)

1. 2.5 प्रतिशत

2. तमिलनाडु

3. ★ कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास

★ औद्योगीकरण में तेजी

★ शहरी अर्थव्यवस्था का विकास

4. पश्चिमी हिमाचल में पर्वतीय क्षेत्रों में वाहिकाओं को 'गुल' अथवा 'कुल' कहते हैं।

5. शुष्क तथा अर्धशुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल को एकत्र करने के लिए बनाए गड्ढे।

6. मेघालय की राजधानी शिलांग।

7. टाँका

8. ★ बढ़ती जनसंख्या की बढ़ती आवश्यकताएँ

★ जल का असमान वितरण

9. उत्तराखंड में भागीरथी नदी पर

10. जम्मू व कश्मीर में चेनाव नदी पर

## लघु/दीर्घ उत्तर वाले प्रश्नों के उत्तर (3/5 अंक वाले)

1. ★ एक तकनीक जिसमें वर्षा जल को खाली स्थानों, घरों में टैंक में, बेकार पड़े कुएँ में भरा जाता है। बाद में इसका प्रयोग किया जाता है।

★ पर्वतीय क्षेत्रों में 'गुल' तथा 'कुल' जैसी वाहिकाओं से नदी की धारा का रास्ता बदलकर खेतों की सिचांई।

★ राजस्थान में पीने का जल एकत्रित करने के लिए छत वर्षा जल संग्रहण आम तकनीक है।

★ पश्चिम बंगाल में बाढ़ के दौरान बाढ़ जल वाहिकाएँ बनाते हैं।

★ शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल एकत्रित करने के लिए गड्ढ़ों का निर्माण।

2. नदी पर बाँध बनाकर इससे अनेक प्रकार के उद्देश्यों को पूरा करना, बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना कहलाता है।

**उद्देश्य**

1) जल विद्युत उत्पादन

2) सिंचाई

3) घरेलू व औद्योगिक जल आपूर्ति

4) नौचालन व पर्यटन

5) बाढ़ नियंत्रण

6) मछली पालन

3. 1) पी.वी.सी. पाइप का प्रयोग करके छत पर वर्षा जल एकत्र किया जाता है।

2) रेल व ईंट प्रयुक्त करके जल का छनन किया जाता है।

3) भूमिगत पाइप द्वारा जल हौज तक ले जाया जाता है, जहाँ से तुरंत प्रयोग किया जाता है।

4) इसी हौज से अतिरिक्त जल कुएँ तक ले जाया जाता है।

5) कुएँ का जल भूमिगत जल का पुनर्भरण करता है।

6) बाद में इस जल का प्रयोग पीने के अलावा अन्य कार्यों के लिए किया जा सकता है।

4. 1) स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में तेजी से औद्योगीकरण

2) उद्योगों की बढ़ती संख्या के कारण अलवणीय जल का अत्यधिक प्रयोग।

3) शहर की बढ़ती आबादी तथा शहरी जीवन शैली के कारण जल ऊर्जा की आवश्यकता में तीव्र वृद्धि।

4) शहरों तथा गाँवों में जल संसाधनों का अतिशोषण।

5. ★ नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध निर्माण के विरोध में था।

★ आंदोलन गैर सरकारी संगठन (NGO) द्वारा संचालित

★ जनजातीय लोगों, किसानों, पर्यावरणविदों व मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का सरदार सरोवर परियोजना के विरोध में लामबंद होना।

★ आरंभ में यह आंदोलन जंगलों के बाँध के पानी में डूबने के मुद्दे पर केंद्रित।

★ बाद में इसका लक्ष्य विस्थापितों का पुनर्वास करना हो गया।

6. 1) विश्व में केवल 2.5 प्रतिशत ही ताजा जल है।

2) जल संसधनों का अति दोहन।

3) बढ़ती जनसंख्या, अधिक मांग और असमान पहुँच।

4) बढ़ता शहरी करण

5) औद्योगीकीकरण

7. 1) छत वर्षा जल संग्रहण

2) 'गुल' अथवा 'कुल'

3) बाढ़ जल वाहिकाएँ

4) गड्ढे बनाकर

5) खादीन

6) टैंक अथवा टाँका

7) बाँस ड्रिप सिंचाई प्रणाली।

बाँधों से अनेक लाभ हैं। ये विकास में योगदान करते हैं इसलिए नेहरू जी ने इन्हें आधुनिक भारत के मंदिर कहा था।

8. बाँधों से लाभ :-

1) सिंचाई

2) विद्युत उत्पादन

3) घरेलू तथा औद्योगिक आवश्यकता हेतु जल आपूर्ति

4) बाढ़ नियंत्रण

5) मनोरंजन तथा पर्यटन

6) मत्स्य पालन।

9. ★ भारत मानसूनी जलवायु का देश। कई बार मानसून असफल होने से जल की कमी बढ़ रही है।

★ सिंचाई के जल की मांग में तीव्र वृद्धि।

★ औद्योगिक क्रियाओं के कारण भूमिगत जल स्तर का गिरना।

★ शहरीकरण की गति में वृद्धि के कारण जल संसाधनों पर बढ़ता दबाव।

★ बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के कारण।

10. भारत के मानचित्र का अवलोकन करें तथा उसका अभ्यास करें।

1) भाखड़ा बाँध = सतलुज नदी पर

2) हीराकुंड बाँध = महानदी पर

3) सरदार सरोवर परियोजना = नर्मदा नदी पर

4) टिहरी परियोजना = भागीरथी नदी पर

5) नागार्जुन सागर = कृष्णा नदी पर

6) रिहंद बाँध = सोन नदी पर

7) राणा प्रताप सागर परियोजना = चंबल नदी पर

8) सलाल परियोजना = चेनाब नदी पर


भारत
मुख्य नदियाँ एवं बाँध
68° पू॰
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96° पू॰
36° उ॰
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8° उ॰
पाकिस्तान
चीन
(तिब्बत)
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
म्यांमार
श्री लंका
सिंधु नदी
झेलम नदी
चेनाब नदी
रावी नदी
व्यास नदी
सतलुज नदी
सलाल प्रोजेक्ट
भाखड़ा नांगल
टिहरी
नरोरा
गंगा नदी
यमुना नदी
शारदा नदी
घाघरा नदी
गंडक नदी
कोसी नदी
सांगपो नदी
ब्रह्मपुत्र नदी
चंबल नदी
कोटा बैराज
राणा प्रताप सागर
गांधी सागर
सोन नदी
तिलैया
रिहन्द
कोनार
मेथॉन
पचेत
कर्क रेखा
सरदार सरोवर
नर्मदा नदी
तापी नदी
हीराकुड
महानदी नदी
प्रवारा
गोदावरी नदी
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
कोयना
कृष्णा नदी
नागार्जुन सागर
तुंगभद्रा
तुंगभद्रा नदी
मेट्टूर
पोन्नैयार
कावेरी नदी
पेरियार
लक्षद्वीप
(भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(भारत)
0
200
400
600 किमी.
हिंद महासागर
72° पू॰
76°
84°
88°
92° पू॰

## लघु/दीर्घ उत्तर वाले प्रश्नों के उत्तर (3/5 अंक वाले)

11. ''कहा जाता है कि यदि तीसरा महायुद्ध हुआ तो पानी की कमी के करण होगा।'' इस संदर्भ में जलाभाव/जलदुर्लभता के प्रमुख कारण लिखिए।

अथवा

इस बात को ध्यान में रखते हुए दुनिया में जल की कमी के लिए उत्तरदायी करणों को स्पष्ट कीजिए।

12. हाल के वर्षों में बड़े बाँधों के विरोध के प्रमुख कारण बताइए।

## उत्तर कुंजी -

11.
1) वनोन्मूलन
2) महानगर
3) बढ़ती जनसंख्या
4) बढ़ता शहरीकरण
5) औद्योगीकरण
6) कृषि में उपयोग
7) जल का दुरूपयोग (अति उपयोग)
8) प्रदूषण
9) भू-जल का गिरता स्तर
10) मानसून की अनिश्चितता, पीने योग्य न्यून जल, जलाभाव, जल का असमान वितरण। केपटाउन (अफ्रीका) का उदाहरण चूंकि जल जीवन की एक परम आवश्यकता है।

12.
1) अति मृदा जमाव
2) जल भराव
3) मृदा अपरदन
4) अचानक बाढ़ आना
5) बड़े पैमाने पर वनोन्मूलन

6) वन्य जीवों/प्रजातियों का लुप्त होना।

7) समुदायों का प्रवसन

8) जन जातियों का जीविकोपार्जन समाप्त होना

9) अति वर्षा में बांधों से पानी का छोड़ना स्थिति को अधिक बिगाड़ देता है।

10) बांधों से भूकंप, जल प्रदत्त रोग और प्रदूषण जैसी स्थितियाँ भी पैदा होती हैं। क्योंकि जल का अत्याधिक उपयोग होता है।

# 4. "कृषि"

अवधारणा मानचित्र (Concept Map)



## जानने योग्य तथ्य तथा महत्त्वपूर्ण शब्दावली :-

- ★ भारत सबसे अधिक फलों और सब्जियों का उत्पादन करता है।
- ★ रोपण कृषि में एक लंबे चौड़े भूखंड पर एक ही फसल बोई जाती है।
- ★ भारत में चाय, कॉफ़ी, रबड़, गन्ना, केला इत्यादि मुख्य रोपण फसलें हैं।
- ★ भारत में मुख्य रूप से चावल, गेहूँ, मोटे अनाज, दालें (दलहन), चाय, कॉफी, गन्ना, तिलहन, कपास, जूट इत्यादि फसलें उगाई जाती हैं।
- ★ रबी फसलें शीतऋतु में अक्टूबर से दिसबंर के मध्य में बोई जाती हैं और ग्रीष्म ऋतु में अप्रैल से जून के मध्य काट ली जाती हैं। गेहूँ, जौ, मटर, चना और सरसों आदि मुख्य रबी फसलें हैं।
- ★ खरीफ़ फसलें देश के विभिन्न क्षेत्रों में मानसून के आगमन के साथ जून-जुलाई में बोई जाती हैं और सितंबर-अक्टूबर में काट ली जाती हैं।
- ★ खरीफ ऋतु की मुख्य फसलें चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर, मूँग, उड़द, कपास, जूट, मूँगफली और सोयाबीन हैं।
- ★ भारत में अधिकांश लोगों का खाद्यान्न चावल है। भारत चीन के बाद चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
- ★ ज्वार, बाजरा, रागी, भारत में उगाए जाने वाले मुख्य मोटे अनाज हैं।
- ★ भारत का विश्व में दालों के उत्पादन में अग्रणी स्थान है।
- ★ भूमि को जोतने, बोने, फसलें उगाने, पशुओं को पालने की कला को कृषि कहते हैं।
- ★ निर्वाह कृषि - ऐसी कृषि प्रणाली जिसमें किसान अपने परिवार का पोषण करने के लिए उत्पादन करता है। इसमें परंपरागत कृषि उपकरणों तथा तरीकों का प्रयोग किया जाता है।
- ★ कर्तन-दहन प्रणाली - कृषि की ऐसी पद्धति जिसमें किसान जमीन के टुकड़े को साफ करके उस पर अनाज व अन्य खाद्य फसलें उगाते हैं। जब मृदा में उर्वरा शक्ति कम होने लगती है तब उस भूखंड को छोड़ दिया जाता है। फिर अन्य स्थान पर नया खेत बना लिया जाता है।

* गहन कृषि - इस पद्धति में अधिक उत्पादन के उद्देश्य से अधिक पूँजी निवेश, आधुनिक उपकरणों, कीटनाशकों, उर्वरकों आदि का प्रयोग किया जाता है।
* रोपण कृषि - एक प्रकार की वाणिज्यिक कृषि है जिसमें विस्तृत क्षेत्र में एकल फसल बोई जाती है। जिसमें अत्यधिक पूंजी निवेश व श्रम का प्रयोग होता है।
* शस्यावर्तन - भूमि की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए भूमि के किसी टुकड़े पर फसलें बदल-बदल कर बोना।
* चकबंदी - बिखरी हुई कृषि जोतों अथवा खेतों को एक साथ मिलाकर आर्थिक रूप से लाभ प्रद बनाना।
* हरित क्रांति - कृषि क्षेत्र में अधिक उपज वाले बीजों का प्रयोग, आधुनिक तकनीक, अच्छी खाद/उर्वरकों का प्रयोग करने से कुछ फसलों विशेषकर गेहूँ के उत्पादन में क्रांतिकारी वृद्धि को हरित क्रांति कहते हैं।
* श्वेत क्रांति - दूध के उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुओं की नस्लों को सुधारना (आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करके)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. रिक्त स्थान भरिए-

   .........एक रेशेदार फसल है।

2. निम्न का सही मिलान करें-

| **फसल** | **भारत में प्रमुख उत्पादन क्षेत्र** |
|---|---|
| (i) चाय | (i) केरल |
| (ii) गेहूँ | (ii) असम |
| (iii) रबड़ | (iii) उत्तर प्रदेश |
| (iv) गन्ना | (iv) हरियाणा |

3. वाक्य को भौगोलिक तथ्यों के आधार पर सही करके लिखिए-

भारत का विश्व में दालों के उत्पादन में तीसरा स्थान है।

4. सही विकल्प का चयन कीजिए-

निम्न में खरीफ ऋतु की मुख्य फसल है-

(i) गेहूँ

(ii) जौ

(iii) चावल

(iv) चना

5. वाक्यों के आगे सत्य (T) अथवा असत्य (F) लिखिए-

(क) उड़द एक तिलहन फसल है। ( )

(ख) श्वेत क्रांति का संबंध फसलों की उत्पादन वृद्धि से है। ()

(ग) गेहूँ को सुनहरा रेशा भी कहा जाता है। ( )

(घ) ज्वार, बाजरा, रागी मोटे अनाज भी कहलाते हैं। ( )

(ड) वियतनाम में कर्तन-दहन प्रणाली कृषि को 'रे' कहते हैं। ()

6. सही विकल्प का चयन कीजिए-

निम्न में से कौन सी फसल एक 'फलीदार' फसल है?

(क) दालें

(ख) ज्वार

(ग) तिल

(घ) मोटे अनाज

7. भारत की चार खरीफ और चार रबी फसलों के नाम लिखिए।

8. रोपण कृषि की दो विशेषताएं बताइए।

9. दलहन तथा तिलहन फसलों के चार-चार उदाहरण लिखिए।

10. रेशम उत्पादन के लिए रेशम के कीड़ों को पालना कृषि का कौन-सा प्रकार है?

11. कर्तन दहन कृषि या स्थानांतरीय कृषि को विभिन्न देशों में किन-किन नामों से जाना जाता है ?

12. जीविका निर्वाह कृषि की दो विशेषताएँ लिखिए।

13. गहन कृषि के दो गुण लिखिए।

14. 'ऑपरेशन फ्लड' किससे संबंधित है ?

15. ऑर्गेनिक कृषि (जैविक कृषि) क्या है ?

16. 'सुनहरा रेशा' किस फसल को कहा जाता है ?

17. भारत के मानचित्र पर चावल उत्पादक क्षेत्रों को पहचानिए।



## लघु/दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न (3/5 अंक वाले प्रश्न)

1. भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का क्या महत्त्व है ?
2. सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए संस्थागत सुधारों के बारे में लिखें।
3. भारत में घटते खाद्य उत्पादन के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।
4. जीविका निर्वाह कृषि तथा वाणिज्यिक कृषि में अंतर बताइए।
5. भारत में गन्ना, चाय और कहवा का वितरण मानचित्र पर दिखाइए।



6. चाय की फसल के लिए उपयुक्त भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए ?

7. रबड़ व मक्का के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

8. गन्ने की खेती के लिए उपयुक्त दशाओं का विवेचन कीजिए।

9. चावल तथा कपास के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं को लिखिए।

10. भारत में उगाई जाने वाली चार रेशेदार फसलों के नाम लिखिए। इनमें कौन सा रेशा सीधे फसल उगाने से प्राप्त नहीं होता ? इसकी उत्पादन विधि का नाम भी लिखें।

11. गेहूँ की कृषि के लिए उपयुक्त दशाओं का वर्णन कीजिए।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (उत्तरमाला) :-

1. पटसन/कपास/सन/प्राकृतिक रेशम

2. (i) चाय (ii) असम

   (ii) गेहूँ (ii) हरियाणा

   (iii) रबड़ (iii) केरल

   (iv) गन्ना (iv) उत्तर-प्रदेश

3. भारत का विश्व में दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान है।

4. (iii) चावल

5. (क) (F) असत्य

   (ख) (F) असत्य

   (ग) (F) असत्य

   (घ) (T) सत्य

   (ड) (T) सत्य

6. (क) दालें

## उत्तर कुंजी -

## अति लघु उत्तर वाले प्रश्नों के उत्तर (1 अंक वाले)

7. रबी - गेहूँ, चना, जौ, मटर, सरसों आदि

खरीफ़ - चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर, मूँग आदि।

8. 1) रोपण कृषि व्यापक क्षेत्र में की जाती है।

2) अधिक पूंजी और श्रम की आवश्यकता।

9. दलहन - अरहर, मूँग, उड़द, मटर, चना, मसूर आदि।

तिलहन - मूँगफली, सरसों, अलसी, तिल, सोयाबीन आदि।

10. सेरीकल्चर

11. मैक्सिको तथा मध्य अमेरिका - मिलपा

| | | |
|---|---|---|
| वेनेजुएला | - | कोनुको |
| ब्राजील | - | रोका |
| इंडोनेशिया | - | लदांग |
| वियतनाम | - | रे |
| मध्य अफ्रीका | - | मसोले |

12. 1) भूमि के छोटे टुकड़ों पर परंपरागत रूप से कृषि करना।

2) प्रायः मानसून, मृदा की प्राकृतिक उर्वरता तथा फसल उगाने की पर्यावरणीय परिस्थितियों की उपयुक्तता पर निर्भर।

13. 1) अधिक उत्पादन के लिए अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों तथा सिंचाई का प्रयोग।

2) भूखंडो का आकार छोटा होने पर कई-कई फसलें उगाना।

14. दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए (श्वेत क्रांति)

15. प्राकृतिक तरीकों से कृषि, उर्वरकों, कीटनाशकों का प्रयोग न करके कृषि करने को कार्बनिक कृषि/ ऑर्गेनिक कृषि या जैविक कृषि कहते हैं।

16. जूट या पटसन

## लघु/दीर्घ उत्तर वाले प्रश्नों के उत्तर (3/5 अंक वाले)

1. 1) दो-तिहाई जनसंख्या कृषि कार्यों में संलग्न
   2) कृषि एक प्राथमिक क्रिया
   3) विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराना।
   4) भारत की प्राचीन आर्थिक क्रियाएँ
   5) पिछली कुछ शताब्दियों में कृषि कार्यों में क्रांतिकारी परिवर्तन।

2. 1) फसलों की बीमा सुविधा देना।
   2) सहकारी बैंकों का विकास कर किसानों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराना।
   3) फसलों के समर्थन मूल्य का उचित निर्धारण कर प्रोत्साहित करना।
   4) मौसम संबंधी सूचनाओं को समय-समय पर प्रसारित करना।
   5) कृषि संबंधी नवीन तकनीक, औजारों, उर्वरकों आदि से संबंधित कार्यक्रम रेडियो तथा दूरदर्शन पर प्रसारित करना।

3. 1) गैर-कृषि उपयोग के साथ प्रतिस्पर्धा के कारण बोए गए क्षेत्र में कमी।
   2) रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अधिक उपयोग के कारण उपजाऊ क्षमता में कमी।
   3) असक्षम तथा अनुचित जल प्रबंधन ने जलाक्रांतता और लवणता की समस्या को उत्पन्न किया।

4) अत्यधिक भू-जल दोहन के कारण भौम जल स्तर गिर गया है, इससे कृषि लागत में वृद्धि।

5) अपर्याप्त भंडारण क्षमता तथा बाज़ार का अभाव

4.

| | जीविका निर्वाह कृषि | वाणिज्यिक कृषि |
|---|---|---|
| 1) | खेतों का छोटा आकार | 1) खेतों का बड़ा आकार |
| 2) | परंपरागत तकनीक तथा उपकरण | 2) नवीनतम तकनीक तथा औजार |
| 3) | स्थानीय बाजार के लिए उत्पादन | 3) निर्यात करने के लिए उत्पादन |
| 4) | दो या तीन फसलें लेना | 4) एक मुख्य फसल पर बल |
| 5) | खाद्य फसलों की पैदावार पर बल | 5) गन्ना, कपास, गेहूँ आदि। |

प्रश्न 6 से 11 तक के लिए निम्न सारणी (अगले पृष्ठ पर दी गई है) का अवलोकन करें।

10. 1) कपास, जूट, सन प्राकृतिक रेशम।

2) रेशम

3) कीट पालन के द्वारा रेशम के कीड़े को कोकून से प्राप्त किया जाता है।

विभिन्न फसलों के वितरण से संबंधित मानचित्रों का अध्ययन करें तथा अभ्यास करें।

प्र0 6 से 11 तक के उत्तर :-

| नाम | तापमान | फसल | मृदा/मिट्टी | वर्षा | जलवायु | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चाय | $20^{0}$से.–$30^{0}$सी. | रोपण | उत्तम जल निकासी वाली | 150–200 से.मी. | ऊष्ण–आर्द्र जलवायु | असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु |
| रबड़ | $25^{0}$से.–$35^{0}$सी. | रोपण | वन मृदा | 300 से.मी. | गर्म व आर्द्र जलवायु | केरल, असम, त्रिपुरा, कर्नाटक, तमिलनाडु |
| मक्का | $21^{0}$ से.–$27^{0}$सी. | खरीफ़ | जलोढ़ | 50–100 से.मी. | विभिन्न प्रकार की जलवायु | कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश |
| गन्ना | $21^{0}$से.–$27^{0}$ से. | खरीफ़ | जलोढ़ व काली | 75–100 से.मी. | गर्म व आर्द्र | उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश |
| चावल | $24^{0}$ से. | खरीफ़ | जलोढ़ | 100 से.मी. | ऊष्णकटिबंधीय | पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, असम |
| कपास | $30^{0}$ से. | खरीफ़ | काली व जलोढ़ | 50–100 से.मी. | ऊष्ण व उपोष्ण | महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब |
| गेहूँ | $10^{0}$से–$25^{0}$सी. | रबी | जलोढ़ | 50–75 से.मी. | ऊष्ण व उपोष्ण | पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान |


भारत
व्यापारिक फसलें-2
(कपास, पटसन और रबर)
किलोमीटर
100 0 200 400
अफ़गानिस्तान
पाकिस्तान
चीन
तिब्बत
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
भा
र
त
म्यनमार
(बर्मा)
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
संकेत
कपास
पटसन
रबड़
लक्षद्वीप सागर
लक्षद्वीप (भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (भारत)
अंडमान
श्रीलंका
हिंद
महासागर


भारत
गेहूँ
उ
पाकिस्तान
चीन
(तिब्बत)
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
म्यांमार
कर्क रेखा
अरब
सागर
बंगाल की
खाड़ी
प्रमुख क्षेत्र
गौण क्षेत्र
लक्षद्वीप
(भारत)
हिंद
महासागर
श्री
लंका
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(भारत)
0
200
400
600 किमी.
68° पू.
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96° पू.
36° उ.
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8° उ.
72° पू.
92° पू.

12. भारत में किसानों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

13. भारत में कृषिगत सुधारों के कोई पाँच उपाय लिखिए ?

14. हरित क्रांति की चार हानियां लिखिए।

## उत्तर कुंजी -

12. 1) मानसून की अनिश्चितता
    2) गरीबी और ऋण का दुश्चक्र
    3) शहरों की ओर पलायन
    4) सरकारी सुविधाओं तक पहुँच में कठिनाई और बिचौलिए
    5) अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता

13. 1) अच्छी सिंचाई व्यवस्था, जैविक खाद, आधुनिक कृषि यंत्रों आदि का उपयोग।
    2) किसानों की प्रत्यक्ष सहायता, बैंक खाते में सहायता रकम का सीधा पहुंचना
    3) सरकारी सहायता, सस्ते ऋण
    4) बिजली-पानी की सुलभता
    5) बाजारों तक सुगमता
    6) बाढ़, सूखे, चक्रवात, आग, कीट आदि से बचाव के लिए फसल बीमा
    7) न्यूनतम समर्थन मूल्य, ग्रामीण बैंक, किसान कार्ड आदि।
    8) कृषि संबधी शिक्षा, मौसम संबधी जानकारी देना।
    9) राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कृषि सेमिनारों का आयोजन और आम किसान की पहुँच उन तक होना।

10) कृषि विद्यालय, विश्वविद्यालय और अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना और उपयोग।

14. 1) अत्यधिक रसायनों के कारण भूमि का निम्नीकरण।

2) सिंचाई की अधिकता से जल स्तर नीचा।

3) जैव विविधता समाप्त हो रही है।

4) अमीर और गरीब किसानों के मध्य अंतर बढ़ गया है।

# 5. खनिज और ऊर्जा संसाधन
## खनिजों का वर्गीकरण

- खनिज
  - घात्विक
    - लौह घातु (लोहे का अंश होता है।) लौह अयस्क मैंगनीज निकल व कोबाल्ट
    - अलौह ताँबा, सीसा जस्ता, बॉक्साइट
    - बहुमूल्य खनिज सोना, चाँदी प्लेटिनम
  - अघात्विक
    - अभ्रक, नमक पोटाश, सल्फर चूनाश्म, चूना पत्थर, संगमरमर तथा बलुआ पत्थर
  - ऊर्जा खनिज
    - कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस
      - परंपरागत
        * कोयला
        * पेट्रोलियम
        * प्राकृतिक गैस
        * विद्युत ऊर्जा
      - गैर परंपरागत
        - सौर ऊर्जा
        - पवन ऊर्जा
        - ज्वारीय
        - भूतपीय
        - नाभिकीय

लौह अयस्क




मैंगनीज




ताँबा




चूना पत्थर



**महत्वपूर्ण घटनायें / तथ्य :-**

1. **खनिज** - हमारे जीवन का अति अनिवार्य भाग। सभी वस्तुओं का निर्माण खनिजों द्वारा होता है। एक कार्बनिक पदार्थ जिसमें कठोरता, रंग और निश्चित आकार होता है।
2. **लिग्नाइट** - निम्न कोटि का भूरा मुलायम कोयला।
3. **अयस्क** - लोहा, मैंगनीज, अभ्रक जैसे खनिज के अंशों का मिश्रित रूप। खनिज अयस्कों में पाये जाते हैं। जो कि विभिन्न अशुद्धियों के साथ प्राकृतिक अवस्था में होते हैं।
4. **हेमेटाइट** - उद्योगों में प्रयोग होने वाला सर्वाधिक महत्वपूर्ण लोहा जिसमें 50-60 प्रतिशत लौह अंश होता है।
5. **मैग्नेटाइट** - उच्च कोटि का लौह अयस्क जिसमें 70 प्रतिशत लौह अंश होता है।
6. **पेट्रोलियम** - अशुद्ध या कच्चा खनिज तेल।
7. **खनन** - उपयोगी खनिज पदार्थो के निष्कर्षण का काम।
8. **लौह खनिज** - जिन खनिजों में लौह अंश होता है जैसे लोहा, मैंगनीज़ आदि।
9. **मुंबई हाई** - मुंबई से 115 कि.मी. दूर अरब सागर में उथला समुद्री तेल क्षेत्र।
10. **आणविक शक्ति** - अणु के विखंडन से प्राप्त ऊर्जा।
11. **आणविक खनिज** - परमाणु ऊर्जा को धारण करने वाले पदार्थ जैसे यूरेनियम, थोरियम तथा बैरिलियम।
12. **बॉयो गैस** - ऊर्जा जो घास फूस, कृषि कचरा, जानवर तथा मानव अपशिष्ट पदार्थों से प्राप्त की जाती है।
13. **धात्विक खनिज** - वे खनिज जिनमें धातु का अंश अधिक होता है जैसे लौह अयस्क, बॉक्साइट।
14. **अधात्विक खनिज** - वे खनिज जिनमें धातु का अंश नहीं होता है जैसे चूना पत्थर, पोटाश आदि।

15. **भूगर्भशास्त्री** - वे वैज्ञानिक जो चट्टानों की प्रकृति और उनके निर्माण का अध्ययन करते हैं।

**भारत में विभिन्न खनिज उत्पादन करने वाले क्षेत्रों का विवरण :-**

| **खनिज का नाम** | | **उत्पादन करने वाले क्षेत्र** |
|---|---|---|
| लौह अयस्क | -- | छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, गोआ और कर्नाटक। |
| मैंगनीज़ | -- | कर्नाटक, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गोआ आदि। |
| एल्यूमिनियम (बॉक्साइट) | -- | मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़। |
| अभ्रक | -- | झारखंड, बिहार, आन्ध्र प्रदेश, राजस्थान आदि। |
| ताँबा | -- | मध्यप्रदेश, झारखण्ड, राजस्थान, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश |
| सोना | -- | कर्नाटक और बिहार आदि। |
| कोयला | -- | झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र आदि। |
| खनिज तेल | -- | मुंबई हाई, असम, गुजरात, अरूणाचल प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु। |

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. अवसादी चट्टानों में खनिज कहाँ पाये जाते हैं?
2. लौह अयस्क की सर्वोत्तम किस्म कौन सी है?
3. मैंगनीज का उपयोग क्या-क्या बनाने में किया जाता है?
4. चूना पत्थर किस उद्योग का आधारभूत कच्चा माल है?
5. मोनाजाइट रेत में कौन सा खनिज पाया जाता है?
6. ऊर्जा के गैर परंपरागत साधन कौन-कौन से हैं?
7. भारत का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र कहाँ स्थित है?
8. भारत में भू-तापीय ऊर्जा की दो परियोजनाएँ कहाँ शुरू की गई हैं?
9. रैट होल खनन क्या है?

10. मुंबई हाई किसलिए प्रसिद्ध है?
11. कौन सा खनिज सबसे कठोर होता है?
12. कौन सा खनिज प्रायः महासागरीय जल से प्राप्त किया जाता है?
13. उस खनिज का नाम बताइए जिसका भारत विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक है?
14. ताँबे का महत्त्व या उपयोग बताइए?
15. उच्चकोटि के कोयले का नाम बताइए?
16. भारत में सबसे बड़ी पवन ऊर्जा पेटी कहाँ अवस्थित है?

## लघु / दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक वाले प्रश्न)

1. खनिजों का हमारे लिए क्या महत्व है?
2. खनिज कितने प्रकार के होते हैं तथा उनका वर्गीकरण किस आधार पर किया जाता है?
3. आग्नेय और कायांतरित चट्टानों में खनिजों का निर्माण कैसे होता है?
4. लौह और अलौह खनिज में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
5. भारत में लौह अयस्क की तीन प्रमुख पेटियों का उल्लेख कीजिए।
6. अभ्रक किस रूप में पाया जाता है? भारत में इसके निक्षेपों के प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए? अभ्रक के मुख्य उपयोग क्या हैं?
7. भारत में गैस परिवहन की धमनी कही जाने वाली पाइपलाइन का नाम लिखिए। प्राकृतिक गैस के दो प्रमुख प्रयोक्ताओं का उल्लेख कीजिए।
8. भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है, क्यों?
9. तापीय और जल विद्युत ऊर्जा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
10. मुंबई हाई क्यों प्रसिद्ध है? देश की अर्थव्यवस्था में उसका क्या स्थान है।?
11. खनन उद्योग को घातक उद्योग क्यों कहा जाता है?

12. हम ऊर्जा का संरक्षण किस प्रकार कर सकते हैं?
13. हमें खनिजों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों है? इसके संरक्षण के उपाय बताइए?
14. ''सौर ऊर्जा भारत के लिए एक महत्त्वपूर्ण संसाधन है।'' कथन के पक्ष में अपने तर्क लिखिए।
15. खनिज संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? खनिजों के संरक्षण के तीन उपाय लिखिए?
16. 'प्राकृतिक गैस प्रदूषण रहित ऊर्जा का स्त्रोत है ''उदाहरण देकर कथन की पुष्टि करें।

## उत्तरमाला

### 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. अवसादी चट्टानों में खनिज परतों या संस्तरों में पाये जाते हैं।
2. मैग्नेटाइट, 70 प्रतिशत लोहांश पाया जाता है।
3. इस्पात, ब्लीचिंग पाउडर, कीटनाशक दवाएँ और पेंट बनाने में।
4. सीमेंट उद्योग।
5. थोरियम।
6. पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा।
7. भुज के निकट माधोपुर में (गुजरात)।
8. हिमाचल प्रदेश के मणिकरण पार्वती घाटी में तथा लद्दाख में पूगा घाटी में।
9. जोबाई तथा चेरापूंजी में कोयले का खनन, परिवार के सदस्यों द्वारा एक लंबी संकीर्ण सुरंग के रूप में किया जाता है।
10. भारत का सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र है। 63 प्रतिशत।
11. हीरा सबसे कठोर होता है।
12. मैग्नीशियम, नमक तथा ब्रोमाइन।
13. अभ्रक।

14. घात-वर्ध्य, तन्य व ताप सुचालक। बिजली के तार बनाने, रसायन उद्योग और इलैक्ट्रॉनिक्स में।

15. एंथ्रेसाइट।

16. नागरकोइल (तमिलनाडु) और जैसलमेर (राजस्थान) में।

## लघु और दीर्घ प्रश्नों के उत्तर (3/5 अंक)

1. दैनिक जीवन में काम आने वाली छोटी से छोटी चीज़ सुई से लेकर जहाज तक खनिजों से बनाए जाते हैं। इमारतें, पुल तक खनिजों से बनाए जाते हैं। भोजन में भी खनिज होते हैं।
   मशीनें और औज़ार खनिजों से बनते हैं।
   परिवहन के साधन, बर्तन आदि खनिजों से ही बनाए जाते हैं।

2. खनिज 3 प्रकार के होते हैं।
   1) धात्विक 2) अधात्विक 3) ऊर्जा खनिज
   खनिजों का वर्गीकरण उनके रंग, चमक, कठोरता, घनत्व तथा क्रिस्टल के आधार पर किया जाता है।

3. आग्नेय और कायांतरित चट्टानों में खनिज दरारों, जोड़ों, भ्रंशों व विदरों में मिलते हैं। छोटे जमाव शिराओं के रूप में तथा बड़े जमाव परत के रूप में पाए जाते हैं। जब ये तरल या गैसीय अवस्था में दरारों के सहारों से भू-पृष्ठ की ओर धकेले जाते हैं। तब ऊपर आते हुए ये ठंडे होकर जम जाते हैं। मुख्य धात्विक खनिज जैसे जस्ता, तांबा, जिंक और सीसा आदि इसके उदाहरण हैं।

4.

| **लौह खनिज** | **अलौह खनिज** |
|---|---|
| 1) जिनमें लोहे का अंश होता है। | -- जिनमें लोहे का अंश नहीं होता है। |
| 2) लौह अयस्क, मैंगनीज, निकल और कोबाल्ट आदि। | -- तांबा, सीसा, जस्ता और बॉक्साइट। |

5. ★ उड़ीसा – झारखण्ड पेटी
★ महाराष्ट्र – गोआ पेटी
★ बेलारी – चित्रदुर्ग, चिकमंगलूर – तुमकुर पेटी
★ दुर्ग – बस्तर-चन्द्रपुर पेटी

6. अभ्रक प्लेटों या परतों के रूप में पाया जाता है। अभ्रक के निक्षेप–
★ छोटा नागपुर पठार के उत्तरी पठारी किनारों पर।
★ बिहार-झारखण्ड की कोडरमा-गया-हज़ारीबाग पेटी।
★ राजस्थान में अजमेर के पास।
★ आंध्र प्रदेश की नेल्लोर पेटी।

अभ्रक, विद्युत और इलेक्ट्रानिक उद्योगों में प्रयोग किया जाता है।

7. 1700 कि.मी. लंबी हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर गैस पाइपलाइन मुबंई हाई और बसीन को पश्चिमी व उत्तरी भारत के उर्वरक, विद्युत व अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ती है।

ऊर्जा व उर्वरक उद्योग प्राकृतिक गैस के प्रमुख प्रयोक्ता हैं। तरल ईंधन (सीएनजी) संपीडित प्राकृतिक गैस का प्रयोग गाड़ियों में किया जा रहा है।

8. ★ भारत एक उष्ण-कटिबंधीय देश है।
★ यह प्रदूषण रहित ऊर्जा संसाधन है।
★ यह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है।
★ निम्नवर्ग के लोग आसानी से इसका लाभ उठा सकते हैं।

9.

| | **तापीय विद्युत** | **जल विद्युत ऊर्जा** |
|---|---|---|
| | यह विद्युत कोयले, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के प्रयोग से पैदा की जाती है। | जल विद्युत ऊर्जा गिरते हुए जल की शक्ति का प्रयोग करके टरबाइन को चलाने से होता है। |
| – | यह प्रदूषण युक्त है। | यह प्रदूषण रहित है। |

| | | |
|---|---|---|
| – | स्थायी स्रोत नहीं है । | स्थायी स्रोत है। |
| – | अनवीकरणीय स्रोतों पर आधारित है। | जल जैसे नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित है। |
| – | भारत में 310 से अधिक ताप विद्युत के केन्द्र हैं। जैसे– तलचेर, पांकी, नामरूप, उरन, नवेली आदि। | भारत में अनेक बहुउद्धेश्यीय परियोजनायें हैं। जैसे– भाखड़ा नॉगल दामोदर घाटी कोपली आदि। |

10. मुम्बई के पास खनिज तेल के जिस अपतटीय क्षेत्र का पता चला है उसे मुंबई हाई कहते हैं।
    भारत में कुल पेट्रोलियम उत्पादन का 63 प्रतिशत भाग मुंबई हाई से प्राप्त होता है। विदेशी मुद्रा की बचत होती है।

11. इस उद्योग से श्रमिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बहुत खराब प्रभाव पड़ता है।

★ लगातार धूल व हानिकारक धुएँ में सांस लेना पड़ता है।
★ श्रमिकों को फेफड़ों से संबंधित बीमारियाँ हो जाती हैं।
★ खदानों में पानी भर जाने या आग लग जाने से श्रमिकों में डर बना रहता है।
★ कई बार खदानों की छत के गिर जाने से उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ती है।
★ खनन के कारण नदियों का जल प्रदूषित हो जाता है।
★ भूमि और मिट्टी का अपक्षय होता है।

12. 1) जरूरत न होने पर बिजली बन्द कर देनी चाहिए।
    2) सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करना चाहिए।

3) परंपरागत ऊर्जा के स्रोत सीमित हैं। इनका प्रयोग बड़े ध्यान से करना चाहिए।

4) नवीकरणीय साधनों का प्रयोग करना चाहिए।

5) विद्युत बचत करने वाले उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए।

6) कार - पूलिंग।

13. ★ खनिज हमारे उद्योग और कृषि के आधार हैं।

★ नवीकरण योग्य नहीं हैं।

★ निक्षेपों की कुल मात्रा बहुत ही कम है।

★ इनके निर्माण में लाखों वर्ष लग जाते हैं।

★ हम बहुत तेजी से खनिजों का उपयोग कर रहे है।

★ इन्हें आने वाली पीढ़ी के लिए सम्भाल कर रखना चाहिए।

**संरक्षण के उपाय**

★ खनन एवं परिष्करण के दौरान इन पदार्थो की बर्बादी कम हो।

★ जहाँ तक सम्भव हो प्लास्टिक (प्रमाणित) और लकड़ी का प्रयोग करें।

★ रद्दी एवं पुराने माल का पुनः प्रयोग करना चाहिए।

★ धातुओं का पुनः चक्रण व अन्य विकल्प ढूढना।

★ नियोजित व सतत् पोषणीय तरीके से उपयोग।

14. भारत में सौर ऊर्जा के उपयोग की अपार संभावनाएँ हैं। यदि उचित तरीके से उपयोग में लाया जाये तो यह भविष्य में एक महत्त्वपूर्ण ऊर्जा संसाधन सिद्ध हो सकता है। भारत के विभिन्न भागों विशेषतः सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा तेजी से प्रसिद्ध हो रही है। इसका उपयोग खाना पकाने, पानी गर्म करने, पानी निकालने, सड़कों की रोशनी आदि के लिए किया जा सकता है। भारत का पश्चिमी भाग विशेषकर थार मरूस्थल साल के अधिकांश दिनों में निर्विघ्न सौर-विकिरण को प्राप्त करता है। भारत में गुजरात राज्य के भुज के निकट

माधोपुर में सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र है। यहाँ सौर ऊर्जा से दूध के बड़े-बड़े बर्तनों को कीटाणुमुक्त किया जाता है। निम्न तरीकों से भविष्य में सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है।

1) पर्यावरण के संरक्षण के लिए।
2) बिजली बनाने के लिए।
3) वाहनों को चलाने के लिए।
4) उपकरणों को चलाने के लिए।
5) ग्रामीण लोगों की जलावन-लकड़ी और उपलों पर निर्भरता कम करके भोजन-पकाने और रोशनी करने के लिए तथा इस वजह से खेती के लिए प्रचूर जैविक-खाद प्रदान करने के लिए।

15. हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में खनिजों की आवश्यकता है, अतः हम खनिजों पर निर्भर हैं। कृषि, उद्योग, घरेलू उपयोग आदि में हम खनिजों की खपत कर रहे हैं। यह उपभोग बहुत तेजी से और बहुधा जरूरत से अधिक भी किया जा रहा है। खनिजों को बनने में लाखों वर्ष लगते हैं। अतः इनका न्यायोचित उपभोग आवश्यक है। साधनों के संरक्षण के कुछ उपाय इस प्रकार हैं–

1) न्यायपूर्ण उपयोग व मितव्यता।
2) कम से कम मूल्य पर निम्न कोटि के खनिज अयस्कों का उपयोग।
3) खनन व खनिज-सुधार प्रक्रिया में धातु बनने तक कम से कम अपव्यय।
4) योजनाबद्ध तरीके से खनिजों का पुनः चक्रण व पुनः उपयोग।
5) पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए खनिजों के अन्य विकल्प ढूँढना, जैसे सी.एन.जी.।

16. विद्यार्थी महत्वपूर्ण तथ्यों की मदद से हल करें।

# मानचित्र

भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित परंपरागत ऊर्जा स्रोत दर्शाइए

1) कोयला क्षेत्र 2) कोयला खानें 3) तेल क्षेत्र

4) मुख्य सुरक्षित प्राकृतिक गैस

5) एच. वी. जे. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन



**भारत के मानचित्र पर प्रमुख आणविक और तापीय ऊर्जा संयंत्रों को दर्शाइए।**



भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित खनिजों के स्थान दर्शाइए :



# 6. विनिर्माण उद्योग

**याद रखने योग्य बातें :-**

1. **विनिर्माण** - मशीनों द्वारा बड़ी मात्रा में कच्चे माल से अधिक मूल्यवान वस्तुओं के उत्पादन को विनिर्माण कहते हैं।
2. **उद्योग** - विनिर्माण का विस्तृत रूप उद्योग कहलाता है।
3. **आधारभूत उद्योग** - ऐसे उद्योग जो दूसरे उद्योगों के लिए अपने तैयार माल को कच्चे माल के रूप में आपूर्ति करते हैं, जैसे लोहा और इस्पात उद्योग।
4. **कृषि आधारित उद्योग** - कृषि उत्पादों को औद्योगिक उत्पाद में बदलने वाले उद्योग।
5. **कुटीर उद्योग** - छोटी मशीनों की सहायता से परिवार के द्वारा अपने घर में चलाये जाने वाले उद्योगों को कुटीर उद्योग कहते हैं। जैसे - खादी, हस्तकला आदि।
6. **लघु उद्योग** - वे उद्योग जिन्हें अल्प पूँजी और थोड़े श्रमिकों द्वारा चलाया जाता है।
7. **भारी उद्योग** - वे उद्योग जो भारी और अधिक स्थान घेरने वाले कच्चे माल का प्रयोग करते हैं। जैसे लोहा और इस्पात उद्योग, चीनी उद्योग, सीमेंट उद्योग आदि।
8. **निजी क्षेत्र के उद्योग** - किसी एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित जैसे डाबर, बजाज आदि।
9. **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग** - सरकार के स्वामित्व और प्रत्यक्ष नियंत्रण वाले उद्योग। जैसे SAIL, BHEL, GAIL आदि।
10. **संयुक्त उद्योग** - जो उद्योग राज्य सरकार और निजी क्षेत्र के संयुक्त प्रयास से चलाये जाते हैं। जैसे ऑयल इंडिया लिमिटेड।

11. **सहकारी उद्योग** - जिनका स्वामित्व कच्चे माल की पूर्ति करने वाले उत्पादकों, श्रमिकों या दोनों के हाथ में होता है। लाभ-हानि का विभाजन भी अनुपातिक होता है। जैसे केरल का नारियल उद्योग और महाराष्ट्र का चीनी उद्योग।

12. **विदेशी विनिमय** - एक देश की मुद्रा को दूसरे देश की मुद्रा में बदलने की प्रक्रिया को विदेशी विनिमय कहते हैं।

13. **विदेशी मुद्रा** - मुद्रा का वह माध्यम जिसके द्वारा सरकार दूसरे देश से वस्तुएँ खरीदती व बेचती है।

14. **खनिज आधारित उद्योग** - जो उद्योग कच्चे माल के रूप में खनिजों का उपयोग करते हैं। जैसे सिलाई मशीन, सीमेंट उद्योग, लोहा एवं इस्पात उद्योग आदि।

15. **औद्योगिक रूग्णता (बीमार उद्योग) :** - उद्योगों की हानि या उद्योगों का बंद होना।।

**विनिर्माण उद्योगों का महत्त्व**

1. कृषि का आधुनिकीकरण
2. माध्यमिक और तृतीयक क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करना
3. क्षेत्रीय विषमताओं को कम करना
4. बेरोजगारी का उन्मूलन
5. निर्मित वस्तुओं का निर्यात

**औद्योगिक अवस्थिति के कारक**

| | |
|---|---|
| कच्चा माल | ऊर्जा |
| श्रम | बाजार |
| पूँजी | परिवहन |

**(उद्योगों के वर्गीकरण के आधार)**

**उपयोग किए गए कच्चे माल के आधार पर**

1. कृषि आधारित। उदाहरण - कपास, जूट, चीनी, उद्योग

2. खनिज आधारित। उदाहरण - लौह तथा इस्पात उद्योग, सीमेंट उद्योग आदि

**मुख्य भूमिका के अनुसार**

1. आधारभूत या प्रमुख उद्योग। उदाहरण लौह इस्पात उद्योग तांबा प्रगलन, एल्युमीनियम प्रगलन आदि।
2. उपभोक्ता उद्योग। उदाहरण - पेपर उद्योग, पंखा उद्योग आदि।

**स्वामित्त्व के आधार पर**

1. सार्वजनिक क्षेत्र, उदाहरण - BHEL, SAIL आदि।
2. निजी क्षेत्र, उदाहरण - TISCO, बजाज ऑटो लिमिटेड।
3. संयुक्त क्षेत्र, उदाहरण - आयल इंडिया लिमिटेड (OIL)
4. सहकारी क्षेत्र, उदाहरण - महाराष्ट्र में चीनी उद्योग, आदि।

## औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय प्रदूषण

वायु प्रदूषण
- उद्योगों द्वारा सल्फर डाई ऑक्साइड और कार्बन मोनो ऑक्साइड का उत्सर्जन
- रासायनिक और पेपर उद्योग, ईंट भट्टे तथा रिफाइनरी द्वारा धुँआ निकलना

जल प्रदूषण
- औद्योगिक कचरे (कार्बनिक तथा अकार्बनिक) द्वारा प्रदूषण
- पेपर, रासायनिक, वस्त्र उद्योग तथा उद्योगों द्वारा प्रदूषण

तापीय प्रदूषण
- कारखाने और तापीय संयंत्र द्वारा गर्म जल का नदी में गिरना

ध्वनि प्रदूषण
- सुनने की क्षमता प्रभावित होती है।
- हृदय गति तथा रक्त चाप बढ़ जाता है।

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. विनिर्माण किसे कहते हैं?
2. कौन सा कारक किसी उद्योग की अवस्थिति में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?
3. विनिर्माण उद्योगों का क्या महत्व है?

4. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले कारक कौन-कौन से हैं?
5. आधारभूत उद्योग किन्हें कहते हैं?
6. भारत का कौन सा लोहा इस्पात संयंत्र जर्मनी के सहयोग से स्थापित किया गया है?
7. भारत में पहला सफल सूती वस्त्र उद्योग कब व कहाँ लगाया गया था?
8. कौन सी एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र में स्टील के बाजार में उपलब्ध करवाती है।
9. सीमेंट उद्योग की इकाइयाँ गुजरात में क्यों लगाई गई हैं?
10. भारत में पहला सीमेंट उद्योग कब और कहाँ स्थापित किया गया?
11. भारत की इलैक्ट्रॉनिक राजधानी का नाम लिखिए।
12. द्वितीयक क्रियाओं का क्या अर्थ है।
13. कौन से उद्योग में चूना पत्थर को कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है।
14. पैराम्बूर किस लिए प्रसिद्ध है?
15. पटसन का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?
16. भिलाई इस्पात कारखाना किस राज्य में है?
17. वायु प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले उद्योगों के नाम बताइए।
18. ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले उद्योगों के नाम बताइए।
19. भारत के मानचित्र पर प्रमुख वस्त्र उद्योगों के स्थान दिखाइए।
20. कौन सा उद्योग चूना पत्थर का उपयोग कच्चे माल के रूप में करता है?
21. कोलकाता बंदरगाह का भार कम करने के लिए कौन सा प्रमुख बंदरगाह विकसित किया गया है?
22. भारत में सूती वस्त्रों के दो प्रसिद्ध केंद्रों का उल्लेख करें?

## उत्तरमाला

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. कच्चे माल को मूल्यवान उत्पाद में परिवर्तित कर अधिक मात्रा में वस्तुओं के उत्पादन को विनिर्माण कहते हैं।
2. न्यूनतम उत्पादन लागत।
3. विनिर्माण उद्योगों के विकास तथा स्पर्धा से कृषि उत्पादन और वाणिज्य व्यापार को बढ़ावा मिलता है।
4. कच्चे माल की उपलब्धता, श्रमिक, पूँजी, बाजार, शक्ति के साधन, वित्तीय संस्थाएँ आदि।
5. ऐसे उद्योग जिनके उत्पादन व कच्चे माल पर दूसरे उद्योग निर्भर हैं जैसे लोहा-इस्पात उद्योग, एल्यूमीनियम उद्योग, प्रगलन उद्योग आदि।
6. राउरकेला (उड़ीसा)
7. 1854 में मुंबई में।
8. स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड। (SAIL)
9. गुजरात में इस उद्योग को खाड़ी देशों में निर्यात की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
10. 1904 में चेन्नई में।
11. बैंगलूरु।
12. द्वितीयक क्रियाओं में लगे व्यक्ति कच्चे माल का आकार बदलकर व उसे परिष्कृत वस्तुओं में परिवर्तित करते हैं।
13. सीमेंट उद्योग।
14. रेलगाड़ी व मालगाड़ी के डिब्बे बनाने के लिए।
15. बांग्लादेश।
16. छत्तीसगढ़।
17. प्रगलन उद्योग, रसायन व कागज़ उद्योग, तेलशोधन शालाएँ, ईंटों के भट्टे।
18. जेनरेटर, औद्योगिक व निर्माण कार्य, लकड़ी चीरने के कारखाने, विद्युत ड्रिल।

19. **भारत के मानचित्र पर सूती वस्त्र, ऊनी वस्त्र, रेशमी वस्त्र और कृत्रिम वस्त्र उद्योग के प्रमुख स्थान–**




20. सीमेंट उद्योग चूना पत्थर का उपयोग कच्चे माल के रूप में करता है।

21. हल्दिया को कोलकाता बंदरगाह का भार कम करने के लिए विकसित किया गया है।

22. मुंबई और अहमदाबाद।

## लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन भौतिक कारक बताइए।
2. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन मानवीय कारक बताइए।
3. सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के उद्योगों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
4. भारत में अधिकांश जूट मिलें पश्चिम बंगाल में क्यों स्थित हैं?
5. विनिर्माण उद्योग को भारत के आर्थिक विकास की रीढ़ की हड्डी क्यों माना जाता है?
6. भारत में चीनी उद्योग के सम्मुख कौन-कौन सी चुनौतियाँ हैं?
7. 'कृषि और उद्योग एक दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं' स्पष्ट कीजिए।
8. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के सामने कौन-कौन सी समस्याएँ हैं?
9. हमारे देश के लिए सीमेंट उद्योग का विकास अति महत्वपूर्ण है, क्यों?
10. भारत में उदारीकरण एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने किस प्रकार मोटरगाड़ी उद्योग में अत्यधिक वृद्धि की है? स्पष्ट कीजिए।
11. भारत का जूट उद्योग किन चुनौतियों का सामना कर रहा है।
12. उद्योगों द्वारा पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने के लिए उठाए गए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए।
13. भारत के सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आर्थिक विकास में क्या योगदान है? वर्णन कीजिए।
14. 'औद्योगिकीकरण और शहरीकरण साथ-साथ चलते हैं।' कथन की व्याख्या करें।
15. कपास उद्योग की प्रमुख समस्याएं क्या हैं?
16. छोटानागपुर पठारी क्षेत्र में लौह और इस्पात उद्योग की आधिकतम सांद्रता क्यों है?

17. 'भारत लोहे और इस्पात क्षेत्र में अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर रहा है।' कारणाों की व्याख्या कीजिए।

18. लोहा और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है? कारणों का उल्लेख करें।

19. लोहा और इस्पात उद्‌योग को भारी उद्योग क्यों कहा जाता है? व्याख्या करें।

20. हुगली में जूट उद्योग की सांद्रता के लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं?

21. भारत में पर्यटन के बढ़ते महत्त्व पर प्रकाश डालिए?

## लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर (3/5 अंक)

1. **भौतिक कारक**
   - ★ कच्चे माल की उपलब्धता
   - ★ शक्ति के साधन
   - ★ अनुकूल जलवायु

2. **मानवीय कारक**
   - ★ श्रम
   - ★ पूँजी
   - ★ बाज़ार
   - ★ परिवहन और संचार बैकिंग, बीमा आदि की सुविधाएँ।
   - ★ आधारिक संरचना
   - ★ उद्यमी
   - ★ सरकारी नीतियाँ

3. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग :- वे उद्योग जिनका स्वामित्व राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार के किसी संगठन के पास होता है। जैसे भारतीय रेल, जहाज निर्माण उद्योग, भिलाई और दुर्गापुर लोहा-इस्पात उद्योग आदि।

   **निजी क्षेत्र के उद्योग** :- वे उद्योग जिनका स्वामित्व कुछ व्यक्तियों अथवा फर्मो या कंपनियों के पास होता है। जैसे ब्रिटानिया उद्योग जो ब्रैड

और बिस्कुट बनाता है। जमशेदपुर में टिस्को। (टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी)

4. ★ भारत में सबसे अधिक पटसन का उत्पादन पश्चिम बंगाल में होता है।

★ इस उद्योग को कच्चे पटसन के निस्तारण के लिए पानी की अधिक आवश्यकता पड़ती है जो हुगली नदी से पर्याप्त मात्रा में मिल जाता है।

★ पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा आदि पड़ोसी राज्यों से सस्ते मजदूर भी मिल जाते हैं।

★ पटसन की चीज़ों के निर्यात के लिए कोलकाता का बन्दरगाह है।

★ कच्चे माल की मिलों तक सुविधाजनक परिवहन के लिए रेलवे, रोड़वेज और जल परिवहन।

★ एक बड़ा शहर होने के कारण कोलकाता बैकिंग बीमा आदि सुविधाएँ उपलब्ध कराता है।

5. जिस प्रकार शरीर को आकार रीढ़ की हड्डी से मिलता है उसी प्रकार एक देश की अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास का मुख्य आधार विनिर्माण उद्योग हैं।

★ कृषि के आधुनिकीकरण में सहायक हैं।

★ द्वितीयक तथा तृतीयक सेवाओं में रोजगार उपलब्ध करवाते हैं।

★ विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है।

★ बेरोजगारी और गरीबी को दूर करने में सहायक हैं।

★ राष्ट्रीय धन में वृद्धि होती है।

★ दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

5(a) **भारत के मानचित्र पर लोहा और इस्पात संयंत्रों को दर्शाइए।**




6. ★ यह उद्योग मौसमी प्रकृति का है, छोटी अवधि का होता है।
   ★ गन्ने का उत्पादन प्रति हैक्टेयर कम है।
   ★ पुरानी मशीनों का होना।
   ★ खोई का अधिकतम इस्तेमाल न कर पाना।
   ★ परिवहन के साधनों के असक्षम होने के कारण गन्ने का समय पर कारखानों में न पहुँचना।

7. कृषि, उद्योगों के लिए बड़ी मात्रा में कच्चा माल जैसे कपास, जूट, गन्ना आदि का उत्पादन करती है।
   उद्योग, किसानों को खेती के विकास के लिए उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवार नाशक, मशीनें आदि उपलब्ध कराता है। जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि सम्भव हुई है।

उद्योगों द्वारा कृषि उत्पादों को मण्डी तक पहुँचाना, बेचना काफी आसान हो गया है।

8. ★ पुरानी और परंपरागत तकनीक
★ लंबे रेशे वाली कपास की पैदावार का कम होना।
★ नई मशीनरी का अभाव।
★ कृत्रिम वस्त्र उद्योग से प्रतिस्पर्धा।
★ अनियमित बिजली की आपूर्ति।

9. ★ भवन, फैक्टरियाँ, सड़कें, पुल, बाँध, घर आदि का निर्माण करने के लिए आवश्यक है।
★ हमारा सीमेंट उद्योग उत्तम गुणवत्ता वाले सीमेंट का उत्पादन करता है।
★ अफ्रीका के देशों में मांग रहती है।

**9(a) भारत के मानचित्र पर प्रमुख सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क दर्शाइए।**



10. ★ उदारीकरण के पश्चात नए और आधुनिक मॉडल के वाहनों का बाजार बढ़ा है।

★ वाहनों की माँग बढ़ी है। कार, स्कूटर, स्कूटी, बाईक ऑटो रिक्शा की संख्या में अपार वृद्धि हुई है।

★ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के साथ नई प्रौद्योगिकी के उपयोग से यह उद्योग विश्वस्तरीय विकास के स्तर पर आ गया है।

★ आज 15 इकाइयाँ कार, 14 इकाइयाँ स्कूटर, मोटरसाइकिल तथा ऑटोरिक्शा का निर्माण करती हैं।

11. ★ कृत्रिम रेशों से चीजें बनने लगी हैं।

★ कृत्रिम रेशे से बनी चीज़ें सस्ती होती हैं।

★ जूट की खेती पर व्यय बहुत हो जाता है।

★ विदेशी स्पर्धा का मुकाबला बाजार में चुनौती के रूप में खड़ा है।

★ बांग्लादेश अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में चुनौती के रूप में खड़ा है।

12. ★ प्रदूषित जल को नदियों में न बहाया जाये।

★ जल को साफ करके प्रवाहित करना चाहिए।

★ जल विद्युत का प्रयोग करना चाहिए।

★ ऐसी मशीनरी का प्रयोग करना चाहिए जो कम ध्वनि करे।

13. ★ रोज़गार उपलब्ध करवाता है।

★ विदेशी मुद्रा अर्जित करता है।

★ कार्यरत महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

★ हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का निरंतर विकास हो रहा है।

★ सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क, विशेषज्ञों को एकल विंडो सेवा तथा उच्च आंकड़े संचार सुविधा प्रदान करते हैं।

## उत्तरमाला

14. शहर उद्योगों को बाजार, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, श्रम सलाहकार वित्तीय सलाह आदि जैसी सेवाएँ भी प्रदान करते हैं। जबकि उद्योग, शहरों को निर्मित सामान, रोजगार और ऊर्जा आदि प्रदान करते हैं।

15.
- बिजली की आपूर्ति अनियमित है।
- मशीनरी को उन्नत करने की आवश्यकता है।
- श्रम का कम निष्पादन।
- सिंथेटिक फाइबर उद्योग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा।

16.
- लौह अयस्क की कम लागत।
- नजदीक में उच्च श्रेणी के कच्चे माल की उपलब्ध्ता।
- सस्ते श्रम की उपलब्धता।
- घरेलू बाजार में विशाल विकास क्षमता।

17.
- कोकिंग कोल की उच्च लागत और सीमित उपलब्ध्ता।
- श्रम की कम उत्पादकता।
- ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति।
- कमजोर बुनियादी ढांचा।

18.
- कई अन्य उद्योग, लोहे और इस्पात उद्योग पर निर्भर हैं।
- लोहा और इस्पात उद्योग अन्य उद्योगों जैसे कि चीनी उद्योग या सीमेंट उद्योग आदि को मशीनरी प्रदान करता है।
- देश की औद्योगिक प्रगति इस उद्योग पर निर्भर करती है।
- बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

19.
- लौह अयस्क, कोयला और चूना जैसे सभी कच्चे माल प्रकृति से ही भारी हैं।
- इस उद्योग के तैयार उत्पादों को परिवहन हेतु उच्च लागत की आवश्यकता होती है।

20.
- पश्चिम बंगाल में जूट के रेशे की सबसे अधिक गांठे पैदा होती हैं।

- जूट उद्योग को बहुत सारे पानी की आवश्यकता होती है जो हुगली नदी से आसानी से उपलब्ध होता है।
- उद्योग के लिए लोहे और कोयले की जरूरत होती है, यह रानीगंज की नजदीकी खदानों से भी उपलब्ध है।
- पड़ोसी राज्य बिहार और ओडिशा से सस्ता श्रम भी उपलब्ध है।
- कोलकाता अच्छा बंदरगाह है जो आसानी से जूट का निर्यात कर सकता है। कोलकाता एक अच्छा बाजार भी है।

21. 1) विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ तृतीयक क्षेत्र का उद्योग।
    2) कुल 2500 लाख नौकिरियाँ प्रदान करता है।
    3) कुल राजस्व सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत।
    4) उद्योगों व व्यापार में वृद्धि का कारक।
    5) देश के आधार भूत ढाँचे में सुधार।
    6) अन्र्तराष्ट्रीय बंधुता बढ़ाने में उपयोगी।

    हाल के वर्षो में पर्यटन उद्योग के कई नये स्वरूप जैसे मेडिकल टूरिज्म आदि का प्रचलन भी बढ़ा है।

# 7. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ




**सक्षमता के आधार पर सड़कों के 6 प्रकार**

- स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग : चार महानगरों को जोड़ता है।
- राष्ट्रीय राजमार्ग : देश के दूरस्थ भागों को जोड़ता है।
- राज्य राजमार्ग : राज्य की राजधानी को जिला मुख्यालय से जोड़ता है।
- जिला मार्ग : जिले के प्रशासनिक केंद्र को जिला मुख्यालय से जोड़ता है।
- अन्य सड़कें : वे सड़कें जो ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ती हैं।
- सीमांत सड़कें : उत्तर तथा उत्तर पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ती हैं।

**रेल की अपेक्षा सड़क परिवहन के लाभ**

- निर्माण लागत अपेक्षाकृत बहुत कम।
- अपेक्षाकृत उबड़-खाबड़ व विच्छिन्न भू-भागों पर बनाई जा सकती है।
- अपेक्षाकृत कम व्यक्तियों कम दूरी व कम वस्तुओं के लिए कम खर्चीली।
- यह घर-घर सेवाएँ उपलब्ध कराता है तथा सामान चढ़ाने व उतारने की लागत कम।
- अन्य परिवहन के साधनों से जोड़ता है जैसे रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा तथा समुद्री पत्तन।

रेलवे

लाभ

* वस्तुओं तथा यात्रियों के परिवहन का मुख्य साधन है।
* अनेक कार्यो में सहायक है जैसे व्यापार, भ्रमण, तीर्थ यात्राएं व लंबी दूरी तक सामान का परिवहन
* देश के विभिन्न हिस्सों को आपस में जोड़कर राष्ट्रीय एकीकरण में सहायक

समस्याएँ

* बिना टिकट यात्रा
* चोरी तथा रेल संपति का नुकसान
* बिना वजह चेन खींचकर रेल रोकना

पाईपलाईन

प्रयोग

* पहले शहरों में उद्योगों तथा घरों में पानी पहुँचाने के लिए
* अब कच्चा तेल तथा पेट्रोल उत्पाद के लिए
* प्राकृतिक गैस को शोधनशालाओं, उर्वरक कारखानों तथा ताप विद्युत गृह तक पहुँचाना
* ठोस पदार्थ को तरल अवस्था में परिवर्तित करके पहुँचाना।

तीन महत्त्वपूर्ण जाल

* असम से कानपुर तक
* गुजरात (सलाया) से जालंधर तक
* गुजरात के हजीरा से विजयपुर होते हुए जगदीशपुर तक

## रोचक तथ्य

- **काली या नीले रंग की पट्टी वाले मील के पत्थर जिला सड़क हैं।**
- **हरे रंग की पट्टी वाला मील का पत्थर स्टेट हाईवे है।**
- **पीले रंग की पट्टी का प्रयोग नेशनल हाई-वे पर होता है।**

जल परिवहन

लाभ

* सबसे सस्ता परिवहन का साधन
* स्थूल तथा भारी सामान को ले जाने में सहायक
* ऊर्जा सक्षम तथा पर्यावरण अनूकूल

भारत के राष्ट्रीय जलमार्ग

* हल्दिया तथा इलाहाबाद (प्रयागराज) के मध्य
* सदिया व धुबरी के मध्य
* केरल में पश्चिमी तटीय नहर
* काकीनाडा और पुदुच्चेरी नहर
* मातई नदी महानदी के डेल्टा चैनल, ब्राह्माणी नदी का विस्तार

**मुख्य समुद्री पत्तन व राज्य**

| पत्तन का नाम | राज्य | महत्त्व |
|---|---|---|
| कांडला | गुजरात | स्वतंत्रता के बाद विकसित पहला पत्तन |
| मुंबई | महाराष्ट्र | सबसे बड़ा पत्तन |
| मार्मागाओ | गोवा | 50 प्रतिशत लौह अयस्क का निर्यात |
| न्यू मंगलौर | कर्नाटक | कुद्रेमुख की खान से लौह निर्यात |
| कोची | केरल | लैगून के मुहाने पर स्थित प्राकृतिक पत्तन |
| तूतीकोरिन | तमिलनाडु | प्राकृतिक पत्तन |
| चेन्नई | तमिलनाडु | सबसे पुराना कृत्रिम पत्तन |
| विशाखापट्टनम | आंध्रप्रदेश | सबसे गहरा |
| पारादीप | ओडिशा | लौह अयस्क का निर्यात |
| हल्दिया के | पश्चिम बंगाल | कोलकाता पर बढ़ते दबाव को कम करने लिए |

## वायु परिवहन

### लाभ

- तीव्रतम, आरामदायक व प्रतिष्ठित परिवहन का साधन
- अति दुर्गम स्थानों जैसे ऊँचे पर्वत, मरुस्थलों, घने जंगलों व लंबे समुद्री रास्तों को पार करने के लिए।
- प्राकृतिक आपदा के समय राहत पहुँचाने के लिए।

**सीमाएँ**

- सभी व्यक्तियों की पहुँच में नहीं, महँगा साधन है।
- मौसमी परिस्थितियों से जल्दी प्रभावित होता है।

| मुख्य हवाई अड्डे | राज्य/शहर |
|---|---|
| राजा सांसी | अमृतसर (पंजाब) |
| इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय | नई दिल्ली |
| छत्रपति शिवाजी | मुंबई |
| मीनमक्कम | चेन्नई |
| नेताजी सुभाष चंद्र | कोलकाता |
| राजीव गांधी | हैदराबाद |

**याद रखने योग्य बातें :-**

1. **देश की जीवन रेखाएँ** - परिवहन तथा संचार के आधुनिक साधन जो लोगों को एक दूसरे के पास लाते हैं तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में सहायता करते हैं।
2. **परिवहन के साधन :-** परिवहन के साधन जो मनुष्य तथा सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते हैं। जैसे- रेल, वायु एवं जल परिवहन।
3. **संचार के साधन :-** वे साधन जो सूचना, समाचार, एवं संवाद को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते हैं जैसे समाचार पत्र, रेडियो, टीवी'; टेलिफोन, मोबाइल फोन, ई-मेल आदि।
4. **स्वर्णिम चतुर्भुज :-** 6 लेन वाली सुपर हाइवे (NHAI द्वारा संचालित) सड़कें जो दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकात्ता को जोड़ती हैं।
5. **राष्ट्रीय राजमार्ग :-** 4 से 6 लेन की सड़कें जो देश के दूर स्थित भागों को जोड़ती हैं। इनका रखरखाव केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) द्वारा किया जाता है।

6. **सीमांत सड़कें** :- सीमा सड़क संगठन द्वारा सीमान्त क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण व रख-रखाव करता है। दुर्गम स्थानों को जोड़ती हैं।
7. **व्यापार** :- विभिन्न व्यक्तियों, राज्यों तथा विभिन्न देशों के बीच वस्तुओं के आदान-प्रदान को व्यापार कहते हैं।
8. **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार** - दो या दो से अधिक देशों के बीच वस्तुओं का आदान-प्रदान। देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों द्वारा होता है।
9. **व्यापार संतुलन** - किसी देश के आयात मूल्य तथा निर्यात मूल्य का अंतर।
10. **रेल परिवहन** - यातायात का मुख्य साधन है। भारतीय रेल परिवहन को 16 प्रखंडो में बाँटा गया है।
11. **गेज या पथ** - रेल की दो पटरियों के बीच की दूरी।
12. **पत्तन या बन्दरगाह** - समुद्र तट पर वह स्थान जहाँ जहाज़ पर वस्तुओं को लादने तथा उतारने का काम किया जाता है।
13. **ज्वारीय पत्तन** - एक बन्दरगाह जो ज्वार के समय कार्यरत होता है जैसे गुजरात में कांडला।
14. **पर्यटन के नए रूप** - विरासत पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, पारि-पर्यटन, रोमांचकारी पर्यटन, व्यापारिक पर्यटन आदि। प्रत्येक वर्ष भारत में 26 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक आते हैं।

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. पूर्व-पश्चिम गलियारा किन दो क्षेत्रों को जोड़ता है?
2. उत्तरी रेलवे का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
3. भारत में पहली रेलगाड़ी कब और कहाँ चलाई गई?
4. देश का सबसे पुराना कृत्रिम पत्तन कौन सा है?
5. सड़क घनत्व से आप क्या समझते हैं?
6. राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 किन स्थानों के बीच नौगम्य है?
7. उत्तर-दक्षिण गलियारा किन दो क्षेत्रों को जोड़ता है?

8. पाइपलाइन परिवहन से क्या अभिप्राय है?

9. भारत की तट रेखा की लम्बाई कितनी है?

10. कौन सा समुद्री पत्तन लौह-अयस्क के निर्यात के सन्दर्भ में प्रमुख पतन है?

11. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहला विकसित पत्तन कौन सा है?

12. भारत के दो अंतःस्थलीय जलमार्गों के नाम बताइए?

13. भारत में वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कब किया गया?

14. बड़े शहरों में डाक संचार में तीव्रता लाने के लिए कौन-कौन से मुख्य उपाय किये गये हैं?

15. भारत में किस क्षेत्र में विशेष प्रावधान के माध्यम से हवाई यात्रा को आम जनता तक पहुँचाया गया है।

16. सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-सा है?

17. एन-एच-1 से कौन से दो शहर जुड़े हुए हैं?

18. भारत में कुल कितने रेलवे जोन हैं?

19. भारत में किस राज्य में सबसे अधिक तथा सबसे कम सड़क घनत्व है?

20. उत्तर भारत का सबसे व्यस्त रेलवे जंक्शन कौन सा है?

21. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के दो घटक कौन से हैं?

22. हिंदी के अतिरिक्त किन दो भारतीय भाषाओं में सबसे अधिक समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं?

23. भारतीय व विदेशी फिल्मों का सत्यापन करने वाला प्राधिकरण कौन सा है?

24. सबसे लंबी गैस पाईपलाइन कौन सी है?

25. प्रथम श्रेणी की डाक के दो उदाहरण दें।

## उत्तरमाला

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. सिलचर (असम) - पोरबंदर (गुजरात)

2. दिल्ली

3. 16 अप्रैल, 1853 में मुंबई और थाणे के बीच (34 किमी. दूरी)
4. चेन्नई
5. प्रति 100 वर्ग किमी क्षेत्र में सड़कों की लम्बाई को सड़क घनत्व कहा जाता है।
6. इलाहाबाद और हल्दिया के बीच (1620 किमी. लंबा)
7. श्रीनगर को कन्याकुमारी से।
8. परिवहन का नया साधन है। पानी को घरों और खेतों में पहुँचाने के साथ-साथ कच्चा तेल, पैट्रोल उत्पाद तथा प्राकृतिक गैस को गैस शोध ान शालाओं तक तथा ताप विद्युत घरों तक पहुँचाया जाता है।
9. 7516.6 किमी.
10. मारमागाओ
11. कांडला पत्तन
12. गंगा नदी- इलाहाबाद और हल्दिया के बीच।
ब्रह्मपुत्र नदी - सादिया व धुबरी के बीच।
13. 1953 में।
14. 6 डाक मार्ग बनाए गए हैं। राजधानी चैनल (मार्ग) मेट्रो (मार्ग), चैनल ग्रीन चैनल, व्यापार चैनल, भारी चैनल, दस्तावेज चैनल।
15. उत्तर-पूर्वी राज्यों में।
16. एन-एच-7
17. दिल्ली व अमृतसर
18. 16 जोन
19. सबसे अधिक केरल सबसे कम-जम्मू कश्मीर
20. मुगलसराय
21. आयात व निर्यात
22. अंग्रेजी व उर्दू
23. सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन

24. हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर

25. कार्ड व लिफाफे

## लघु / दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3/5 अंक)

1. जनसंचार के साधनों से होने वाले किन्हीं तीन लाभों की चर्चा कीजिए।
2. पाइपलाइन परिवहन के लाभ बताइए ?
3. स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग की तीन विशेषताएँ लिखिए।
4. तीन रेलवे क्षेत्रों व उनके मुख्यालयों के नाम लिखिए।
5. सड़क परिवहन, रेल परिवहन से अधिक महत्वपूर्ण है, क्यों ?
6. वायु परिवहन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।
7. सड़क परिवहन किन-किन समस्याओं से जूझ रहा है ?
8. रेलों के जाल के असमान वितरण के कारण लिखिए ?
9. पर्यटन एक उद्योग या व्यापार के रूप में अर्थव्यवस्था के विकास में किस प्रकार सहायक है ?
10. भारत की सड़कों का उनकी क्षमता के आधार पर वर्गीकरण कीजिए ?
11. अर्न्तराष्ट्रीय व्यापार व स्थानीय व्यापार में अन्तर स्पष्ट कीजिए ?
12. परिवहन तथा संचार के विभिन्न साधनों को अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ क्यों कहा जाता है ?

## लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर (3/5 अंक)

1. ★ स्वस्थ मनोरंजन करता है।
   ★ राष्ट्रीय कार्यक्रम और नीतियों के बारे में जागरूक करता है।
   ★ ज्ञानवर्धक है।
   ★ खेल संबंधी कार्यक्रमों को प्रसारित किया जाता है।
   ★ दूरदर्शन राष्ट्रीय समाचार और संदेश का माध्यम है।
2. ★ पाइपलाइन द्वारा शहरों और उद्योगों में पानी पहुँचाने के साथ गैस, खनिज तेल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाया जाता है।

★ समय की बचत होती है। बीच की चोरी और बर्बादी को रोका जा सकता है।

★ पाइपलाइन बिछाने की लागत अधिक है परन्तु इसको चलाने की लागत कम है।

★ पाइपलाइन द्वारा परिवहन शीघ्र, सुरक्षित और आसान हो जाता है।

★ रेलों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकता है।

3. ★ यह 6 लेन वाला महामार्ग है।

★ यह भारत की मेगा सिटीज दिल्ली, मुंबई, चेन्नई व कोलकाता को जोड़ता है।

★ यह मेगा सिटीज के बीच की दूरी व समय को कम करता है।

★ यह राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकार क्षेत्र में है।

★ यह हमारे देश की एक प्रमुख सड़क विकास परियोजना है।

4. ★ उत्तरी रेलवे क्षेत्र – नई दिल्ली

★ पश्चिमी रेलवे क्षेत्र – मुंबई

★ दक्षिणी रेलवे क्षेत्र – चेन्नई

5. ★ सड़क परिवहन रेल परिवहन से पहले प्रारंभ किया गया।

★ निर्माण तथा व्यवस्था सुविधाजनक है।

★ हमें घरों तक पहुँचाती है।

★ पहाड़ी क्षेत्रों, दुर्गम क्षेत्रों तथा उबड़-खाबड़ स्थानों पर भी आसानी से बनाई जा सकती है।

★ अन्य परिवहन साधनों में सड़क परिवहन एक कड़ी के रूप में काम करता है।

**5(a) भारत के मानचित्र पर स्वर्णिम चतुर्भुज, उत्तर-दक्षिण गलियारा और पूर्व -पश्चिम गलियारा दर्शाइए।**

6. ★ आरामदायक साधन है।
   ★ सभी साधनों के मुकाबले सबसे तेज़ है।
   ★ दुर्गम स्थानों के लिए उपयुक्त है।
   ★ कम समय में दूसरे स्थान पर पहुँचा देता है।
   ★ बॉर्डर पर सेना के रखरखाव व भोजन सामग्री जल्दी से पहुँचाने हेतु महत्त्वपूर्ण है।

7. ★ लगभग आधी सड़कें कच्ची हैं जो वर्षा ऋतु में काम के योग्य नहीं रहती हैं।
   ★ यातायात व यात्रियों की संख्या के अनुपात में सड़कें अपर्याप्त हैं।
   ★ बढ़ते हुए वाहनों के कारण सड़के तंग व भीड़ भरी हैं। इससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम हो जाता है।
   ★ राष्ट्रीय राजमार्ग भी पर्याप्त नहीं हैं।

8. ★ मैदानी भागों में निर्माण व लागत कम और आसान है।
   ★ पर्वतीय भागों में निर्माण कठिन व लागत अधिक होती है।
   ★ मैदानी भागों में जनसंख्या घनत्व अधिक है जिसके कारण रेलों का जाल बिछा है।
   ★ मरूस्थलीय व पठारी भागों में औद्योगिक व कृषि कार्य विकसित न होने के कारण रेलों का घनत्व कम है।
   ★ प्रशासकीय कारणों व सरकारी नीतियों के कारण भी रेलवे का विकास प्रभावित होता है।

9. ★ पिछले कुछ वर्षों में भारत में पर्यटन उद्योग में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।
   ★ 150 लाख से अधिक लोग इस उद्योग में लगे हुए हैं।

* स्थानीय हस्तकला और सांस्कृतिक उद्यमों को विकास के अवसर प्राप्त हुए हैं।
* विदेशी मुद्रा की प्राप्ति।
* राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा।

**9(a) भारत के मानचित्र पर मुख्य समुद्री पत्तन और हवाई पत्तन दर्शाइए।**



10. ★ स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्ग – ये 6 लेन वाला महामार्ग है।

★ राष्ट्रीय राजमार्ग – देश के दूरस्थ भागों को जोड़ते हैं।

★ राज्य महामार्ग – राज्यों की राजधानियों को जिला मुख्यालय से जोड़ते हैं।

★ जिला मार्ग – जिले के प्रशासनिक केन्द्रों को जिला मुख्यालय से जोड़ते हैं।

★ सीमान्त सड़कें – सीमा सड़क संगठन इनका निर्माण करती है।

11.

| **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार** | **स्थानीय व्यापार** |
|---|---|
| (i) दो देशों के बीच होता है। | (i) गाँव, कस्बों या शहरों के बीच होता है। |
| (ii) बड़े पैमाने पर। | (ii) छोटे पैमाने पर। |
| (iii) विदेशी मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। | (iii) देश की पूँजी उसी देश में रहती है। |
| (iv) पूरे लोकहित में आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। | (iv) क्षेत्र विशेष के लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। |

12. ★ परिवहन तथा संचार के विभिन्न साधन एक दूसरे के पूरक हैं।

★ देश-विदेश के दूर स्थित इलाकों को एक दूसरे से मिलाते हैं।

★ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलता है।

★ विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।

★ जीवन आरामदायक व सुविधापूर्ण हो जाता है।

★ सारा देश आपातकाल में एकजुट हो जाता है।

13. भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों में अधिकतर परिवहन के किस साधन का इस्तेमाल किया जाता है? उन राज्यों में परिवहन के उस साधन के इस्तेमाल करने के चार कारण बताइए।

14. ''एक देश के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव की सूचक है।'' पाँच तर्कों के साथ इस कथन को सत्यापित कीजिए।

## उत्तरमाला

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

13. अंतःस्थलीय जल परिवहन।

भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों में जल परिवहन के साधनों के इस्तेमाल करने के कारण :-

1) यह परिवहन का सबसे सस्ता साधन है।
2) यह भारी व स्थूलकाय वस्तुएँ ढ़ोने में अनुकूल है।
3) यह परिवहन साधनों में ऊर्जा सक्षम तथा पर्यावरण अनुकूल है।
4) पूर्वोत्तर के राज्यों में सड़क एवं रेल परिवहन विकसित नहीं है।
5) नदियाँ नौगम्य जलमार्ग के लिए बंदरगाह का निर्माण करती हैं।

14. किसी देश के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव की सूचक है। इसका सत्यापन निम्नलिखित तर्कों के द्वारा किया जा सकता है :-

1) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति से किसी देश के लोगों का जीवन स्तर ऊँचा उठता है।
2) विकसित देश अपनी उच्च्य कोटि की वस्तुओं को विदेशों में बेचकर विदेशी मुद्रा प्राप्त करते हैं।
3) विकसित देश अपनी आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का निर्माण करता है एवं विदेशों में निर्यात करता है।
4) विकासशील देश कई मामलों में विकसित देशों पर निर्भर करता है।
5) अल्प विकसित राष्ट्र दूसरे देशों पर निर्भर करते हैं तथा अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा विकसित देशों को देने पर मजबूर होते हैं।
6) इससे रोजगार की संभावनाएँ बढ़ती हैं।
7) आवश्यक विदेशी मुद्रा का भंडार बढ़ता है।

**नोटः** पुस्तक के शेष मानचित्रों का भी अभ्यास करें।

# 1. ''विकास''

- मानदण्ड
  - मानवीय विकास सूचकांक की रिपोर्ट
    - शिक्षा के आँकड़े
    - लोगों का स्वास्थ्य
    - प्रति व्यक्ति आय
  - मानव विकास सूचकांक की तुलना
    - प्रति व्यक्ति आय
    - जीवन प्रत्याशा
    - साक्षरता दर (15 + वर्ग)
    - सकल नामांकन अनुपात तीनों स्तरों पर
  - राज्यों की तुलना
    - शिशु मृत्यु दर
    - साक्षरता दर
    - निवल उपस्थिति अनुपात

- विश्व बैंक के अनुसार देशों का वर्गीकरण
  - उच्च आय वर्ग के देश प्रति व्यक्ति आय 12,736 डॉलर प्रति वर्ष
  - विकसित अर्थव्यवस्थाएँ जैसे मध्य पूर्व के देश (1570) $ प्रति वर्ष
  - निम्न आय वर्ग के देश प्रति वर्ष 1045 $ या कम

- **शिशु मृत्युदर : किसी वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों में से एक वर्ष की आयु से पूर्व मरने वाले शिशुओं का अनुपात।**
- **साक्षरता दर 7 वर्ष या उससे अधिक वर्ष की आयु के लोगों में साक्षर जनसंख्या का अनुपात**

- निवल उपस्थिति अनुपात –6–10 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले कुल बच्चों का उस आयु वर्ग के कुल बच्चों के साथ प्रतिशत/अनुपात
- प्रति व्यक्ति आय या औसत आय = $\frac{\text{कुल राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$
- बी. एम. आई. – शरीर का द्रव्यमान सूचकांक पोषण वैज्ञानिक, किसी व्यस्क के अल्पपोषित होने की जाँच कर सकते हैं। यदि यह 18.5 से कम है तो व्यक्ति कुपोषित है अगर 25 से ऊपर है तो वह मोटापे से ग्रस्त हैं।
- मानव विकास सूचाकांक की गणना में भारत का 136 वाँ स्थान है।

**याद रखने योग्य बातें :-**

1. अर्थव्यवस्था – एक ढ़ाँचा जिसके अन्तर्गत लोगों की आर्थिक क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है।
2. आर्थिक विकास, एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक अर्थव्यवस्था की वास्तविक 'प्रति व्यक्ति आय' दीर्घ अवधि में बढ़ती है।
3. लोगों या समूहों का प्राथमिक लक्ष्य – अधिक आय पाना। इसके अतिरिक्त बराबरी, स्वतंत्रता, सुरक्षा व आदर भाव अन्य लक्ष्य हैं।
4. आर्थिक नियोजन – देश के साधनों का लाभ उठाकर देश के विकास को योजनाबद्ध रूप से बढ़ाना।
5. देशों के मध्य तुलना करने के लिए उनकी आय सबसे महत्त्वपूर्ण विशिष्टता समझी जाती है।
6. देशों के मध्य विकास को नापने के लिए औसत आय के साथ सार्वजनिक सुविधाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएँ, जन्म व मृत्यु दर, जीवन प्रत्याशा, प्रदूषण मुक्त वातावरण आदि मानकों का भी प्रयोग किया जाता है।
7. प्रत्येक देश के लिए औसत आय की गणना, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा डॉलर में की जाती है।

8. मानव विकास सूचकांक – आय व अन्य कारकों की समाकेतिक सूची इसके आधार पर किसी देश को उसकी गुणवत्ता के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। यह विभिन्न देशों में विकास के स्तर का मूल्यांकन करने का मापदंड है। इसमें देशों की तुलना लोगों के शैक्षिक स्तर, स्वास्थ्य स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर होती है।

| आधार | विकसित देश | विकासशील देश |
|---|---|---|
| परिभाषा | वह देश जिसकी औद्योगिकीकरण की गति व प्रति व्यक्ति आय अधिक हो। | वह देश जिसकी औद्योगिकीकरण की गति व प्रति व्यक्ति आय अधिक न हो। |
| स्थिति | आत्मनिर्भर व समृद्ध | गरीब व अन्य पर निर्भर |
| संसाधनों का उपयोग | पूर्व प्रयोग | अल्प उपयोग |
| साक्षरता दर | उच्च | निम्न |
| विकास एवं संवृद्धि | उच्च प्रौद्योगिक विकास | प्रौद्योगिकी के लिए दूसरों पर निर्भर |
| गरीबी व बेरोजगारी | निम्न | उच्च |
| अर्थव्यवस्था में मुख्य योगदान | तृतीयक क्षेत्र | प्राथमिक क्षेत्र |
| आय का वितरण | समान | असमान |
| मानव विकास सूचकांक | उच्च | निम्न |
| सकल घरेलू उत्पाद | उच्च | निम्न |

## 1 अंक वाले प्रश्न :-

1. अन्य राज्यों की अपेक्षा केरल में शिशु मृत्यु दर कम क्यों है?
2. क्या सिर्फ औसत आय के आधार पर विकास की गणना करना सही है?

## बहुविकल्पी प्रश्न

1. भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विकास का लक्ष्य हो सकता है? [CBSE 2011]

   (क) उच्चतम समर्थन मूल्य (ख) अधिक साक्षरता दर

   (ग) बेहतर मजदूरी (घ) बच्चों को विदेश में पढ़ाना

उत्तर– (ग)

2. जीवन प्रत्याशा का अर्थ है–

   (क) जन्म के समय व्यक्ति की औसत संभावित आयु

   (ख) मृत्यु के समय औसत संभावित आयु

   (ग) जन्म के समय बच्चे की संभावित आयु

   (घ) कोई नहीं।

उत्तर– (क)

3. निम्न में से किस देश में, विश्व में 15 की आयु समूह में अनपढ़ जनसंख्या का सबसे बड़ा आकार है? [CBSE 2011]

   (क) भारत (ख) श्रीलंका

   (ग) म्याँमार (घ) बांग्लादेश

उत्तर– (घ)

4. किस राज्य का साक्षरता दर निम्नतम है? [CBSE 2011]

   (क) पंजाब (ख) बिहार

   (ग) केरल (घ) तमिलनाडु

उत्तर– (ख)

5. केरल की शिशु मृत्युदर बहुत कम है निम्न में से इसके लिए सबसे उपयुक्त कारण कौन सा है?

   (क) वहाँ बुनियादी स्वास्थ्य और शैक्षिक सुविधाओं का पर्याप्त प्रावधान है।

   (ख) इसकी प्रतिव्यक्ति आय उच्चतम है।

   (ग) इसके प्राकृतिक संसाधन पर्याप्त हैं।

   (घ) केरल सरकार बहुत योग्य है।

उत्तर– (क)

## 1 अंक वाले प्रश्न :-

6. अन्य राज्यों की अपेक्षा केरल में शिशु मृत्युदर कम क्यों हैं?
7. क्या सिर्फ औसत आय के आधार पर विकास की गणना करना सही है।
8. जीवन प्रत्याशा से क्या अभिप्राय है?
9. जी.डी. पी (GDP) का क्या अर्थ है?
10. भारत में सर्वाधिक उच्च मानव विकास सूचकांक किस राज्य का है?
11. मानव विकास सूचकांक की गणना किस संगठन के द्वारा की जाती है?
12. सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है?
13. जन सुविधाओं का क्या अर्थ है?
14. अनवीकरणीय संसाधनों का उचित उपयोग क्यों जरूरी है?

## 3/5 अंक वाले संभावित प्रश्न :-

1. ''विकास के लक्ष्य भिन्न-भिन्न होते हैं और कभी-कभी ये परस्पर विरोधी भी हो सकते हैं'', इस कथन को स्पष्ट करो।
2. एक विकासशील और विकसित देश की मुख्य विशेषताएँ क्या होती हैं?
3. आय के अतिरिक्त और कौन से कारक हैं जो हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
4. आर्थिक विकास के लिए साक्षरता क्यों अनिवार्य है? स्पष्ट कीजिए।
5. निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिए -

   क) शिशु मृत्यु दर

   ख) निवल उपस्थिति अनुपात

   ग) साक्षरता दर

   घ) बी.एम.आई.

6. विकास की धारणीयता से क्या अभिप्राय है ? विकास की धारणीयता की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ?

7. ''जो महिलाएँ वेतन भोगी कार्य करती हैं, वह एक ऐसे लोगों का उदाहरण है जो मिले जुले लक्ष्यों को पूरा करते हैं ? इस कथन का विश्लेषण करें।

8. ''जेब में रखा रुपया वे सब वस्तुएँ और सेवाएँ नहीं खरीद सकता है, जिसकी आवश्यकता आपको एक बेहतर जीवन के लिए हो सकती है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? विवेचना करें।

## उत्तर माला

## एक अंक वाले प्रश्न :-

1. यहाँ स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था है।
2. नहीं, क्योंकि उससे आय की असमानताओं का पता नहीं चलता।
3. व्यक्ति के संभावित जीवित रहने का औसत वर्ष।
4. किसी देश का सकल घरेलु उत्पाद।
5. केरल राज्य का।
6. यू.एन.डी.पी. (UNDP)
7. राशन वितरण की वह प्रणाली जिसके द्वारा उचित मूल्यों पर गरीबों को सरकारी दुकानों के माध्यम से राशन बाँटा जाता है।
8. वे सुविधाएँ जो मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक होती हैं।
9. क्योंकि ये संसाधन सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं और इन्हें पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।

## उत्तर माला :-

### (3/5 अंक वाले प्रश्न)

1. प्रत्येक व्यक्ति या समूह के विकास के लक्ष्य भिन्न भिन्न हो सकते हैं और कई बार इनकी प्रकृति परस्पर विपरीत भी हो सकती है। एक के लिए विकास का लक्ष्य दूसरे के लिए विनाश का कारण भी बन सकता है। उदाहरण- नदी पर बाँध बनाना, वहाँ के किसानों के विस्थापन का कारण बन सकता है।

2. विकसित देश :-

    1. नई तकनीक व विकसित उद्योग।
    2. उच्च स्तरीय रहन-सहन
    3. उच्च प्रति व्यक्ति आय
    4. साक्षरता दर उच्च।
    5. लोगों की स्वास्थ्य स्थिति बेहतर (जन्मदर, मृत्यु दर पर नियंत्रण)

    विकासशील देश :-

    1. औद्योगिक रूप से पिछड़े हुए।
    2. निम्न प्रति व्यक्ति आय।
    3. साक्षरता दर नियम
    4. सामान्य रहन-सहन।
    5. बेहतर स्वास्थ्य का अभाव (अधिक मृत्यु दर)

3. आय के अतिरिक्त बेहतर जीवन के लिए परिवार, रोज़गार, मित्रता, सुरक्षा व समानता की भावना, शांतिपूर्ण माहौल आदि भी महत्त्वपूर्ण हैं। क्योंकि मुद्रा से केवल भौतिक वस्तुएँ ही खरीदी जा सकती हैं।

4. इससे ज्ञान व दक्षता प्राप्त होती है।

रोज़गार का स्तर बढ़ता है।

नई तकनीकों का प्रयोग व स्तर बढ़ता है।

लोगों में स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

नए-नए उद्योगों को स्थापित करने की क्षमता बढ़ती है।

5. क) शिशु मृत्यु दर किसी वर्ष में पैदा हुए 1000 जीवित बच्चों में से एक वर्ष की आयु से पूर्व मरने वाले शिशुओं का अनुपात।

ख) निवल उपस्थिति अनुपात - 6-10 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले कुल बच्चों का उस आयु वर्ग के कुल बच्चों के साथ प्रतिशत/अनुपात।

ग) साक्षरता दर 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में साक्षर जनसंख्या का अनुपात।

घ) बी.एम.आई. शरीर द्रव्यमान सूचकांक। पौषण वैज्ञानिक, किसी व्यस्क के अल्पपोषित होने की जाँच कर सकते हैं।

6. विकास की धारणीयता से अभिप्राय है कि पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना विकास करना तथा वर्तमान पीढियो की जरूरतों के साथ-साथ भावी पीढ़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखना। विशेषताएँः—

1) संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग।

2) नवीकरणीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग।

3) वैकल्पिक संसाधनों को ढूँढने में मदद।

4) संसाधनों के पुनः उपयोग व चक्रीय प्रक्रिया को बढ़ावा।

7. 1) वेतन भोगी महिलाओं का घर और समाज में आदर बढ़ता है।

2) उनके काम-काज में हाथ बँटाया जाएगा।

3) वेतनभोगी महिलाओं को अधिक स्वीकार किया जाएगा।

4) यदि वातावरण सुरक्षित है तो ज्यादा महिलाएँ नौकरी कर सकती हैं।

5) अपने परिवार का जीवन स्तर सुधार सकती हैं।

8. सहमत

1) जेब में रखा रुपया सब कुछ नहीं खरीद सकता।

2) प्रदूषण मुक्त वातावरण नहीं खरीद सकता।

3) संक्रमक बीमारियों से नहीं बचा जा सकता जब तक समाज कदम नहीं उठाता।

4) अभौतिक वस्तुएँ-आदर, सम्मान, सुरक्षा, स्वतंत्रता आदि भी नहीं पा सकते।

5) जीवन की खुशियाँ मुद्रा नहीं खरीद सकती।

9.
- लैंगिक भेदभाव
- गरीबी
- विद्यालय का अभाव
- जागरुकता का अभाव

## (3/5 अंकों के लिए)

प्रश्नों के उत्तर दिए गए केंद्र बिंदुओं के माध्यम से विकसित करें या कोई अन्य तथ्य से उत्तर दें।

1. राष्ट्रीय विकास क्या है ? इसके अंतर्गत किन पक्षों को लिया गया है ?

- व्यापक परिवेश जिसमें जीवन स्तर व बेहतर सेवाएँ निहित
- उपयुक्त एवं न्यायोचित दग से संसाधनों का प्रयोग
- वह कार्यक्रम व नीतियां जिसमें अधिकतम लोगों को लाभ
- सामाजिक अधिसंरचना जिसमें, शिक्षा, स्वास्थ्य आवास आदि उपलब्ध

2. धरती के पास सब लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं लेकिन एक व्यक्ति के लालच को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।

- भूमिगत जल नवीकरण योग्य संसाधन है परंतु कुछ क्षेत्रों में इसके अति-उपयोग से जल-तालिका नीचे जा रही है।
- संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग।
- पुनः उपयोग, पुनः चक्रण।
- वैकल्पिक संसाधनों का प्रयोग
- पर्यावरण को हानि पहुँचाए बिना संसाधन उपयोग

3. लोगों के लिए विकास के लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं और जो एक के लिए विकास है वह दूसरे के लिए विनाशकारी भी हो सकता है।

- विभिन्न लोगों के लिए भिन्न लक्ष्य
- बाँध बनाना, ऊर्जा उत्पादन, परन्तु विस्थापन
- निर्माण कार्य आवास की समस्या का समाधान परन्तु प्राणियों का प्राकृतिक आवास का क्षय आदि।

4. निम्न आँकड़ों के माध्यम से उत्तर दें।

| **राज्य** | **शिशुदर** | **साक्षरता** | **निवल उपस्थिति** | **प्रति व्यक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| बिहार | 48 | 62 | 35 | 31, 199 |
| केरल | 13 | 94 | 78 | 103, 820 |
| महाराष्ट्र | 24 | 82 | 64 | 1, 17, 091 |

(i) किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय अधिकतम एवं किसकी न्यूनतम है।

(ii) साक्षरता दर किस राज्य की उच्चतम है और आप इसका क्या कारण दे सकते हैं।

(iii) किस राज्य की शिशु मृत्युदर अधिक है आप इसका क्या कारण दे सकते हैं?

# 2. ''भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक''

**याद रखने योग्य बातें :-**

1. आर्थिक गतिविधि - ऐसे क्रियाकलाप जिनको करके जीवनयापन के लिए आय की प्राप्ति की जाती है।
2. प्राथमिक क्षेत्रक - वह क्षेत्र है जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करके वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है। इसे कृषि व सहायक क्षेत्रक भी कहा जाता है।
3. द्वितीयक क्षेत्रक - वह क्षेत्र जिसमें प्राथमिक क्षेत्रक से प्राप्त वस्तुओं को लेकर नई वस्तुओं का विनिर्माण किया जाता है। इसें औद्योगिक क्षेत्रक भी कहते हैं।
4. तृतीयक क्षेत्रक या सेवा क्षेत्रक, प्राथमिक व द्वितीयक क्षेत्रक के लिए उत्पादन सहायक गतिविधियों में सहायता करता है। इसे सेवा क्षेत्रक भी कहा जाता है।
5. सेवा क्षेत्रक में उत्पादन सहायक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य सेवाएं भी हो सकती हैं। जैसे - डॉक्टर, वकील आदि की सेवा, कॉल सेंटर, सॉफ्टवेयर विकसित करना आदि।
6. सार्वजनिक क्षेत्र - जिसमें अधिकांश परिसम्पतियों पर सरकार का स्वामित्व होता है और सरकार ही सभी सेवाएँ उपलब्ध करवाती है।
7. निजी क्षेत्र - वह क्षेत्र जिसमें परिसम्पत्तियों का स्वामित्व और सेवाओं का वितरण एक व्यक्ति या कम्पनी के हाथों में होती है।

8. सकल घरेलू उत्पाद – किसी विशेष वर्ष में प्रत्येक क्षेत्रक द्वारा उत्पादित अंतिम वस्तुओं व सेवाओं का मूल्य उस वर्ष में देश के कुल उत्पादन की जानकारी प्रदान करता है।

9. भारत में पिछले चालीस वर्षों में सबसे अधिक वृद्धि तृतीयक क्षेत्रक में हुई है।

10. इस तीव्र वृद्धि के कई कारण हैं जैसे – सेवाओं का समुचित प्रबंधन, परिवहन, भंडारण की अच्छी सुविधाएँ, व्यापार का अधिक विकास, शिक्षा की उपलब्धता आदि।

11. कृषि क्षेत्र में अल्प बेरोजगारी की समस्या अधिक है अर्थात् यदि हम कुछ लोगों को कृषि क्षेत्र से हटा भी देते हैं तो उत्पादन में विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा।

12. इसे प्रच्छन्न या छिपी हुई बेरोज़गारी भी कहा जाता है।

13. शिक्षित बेरोज़गारी जब शिक्षित, प्रशिक्षित व्यक्तियों को उनकी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिलता।

14. कुशल श्रमिक – जिसने किसी कार्य के लिए उचित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अकुशल श्रमिक – जिन्होंने कोई प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है।

15. संगठित क्षेत्रक – इसमें वे उद्यम या कार्य आते हैं, जहाँ रोजगार की अवधि निश्चित होती है। ये सरकार द्वारा पंजीकृत होते हैं तथा निर्धारित नियमों व विनियमों का अनुपालन करते हैं।

16. असंगठित क्षेत्रक – छोटी-छोटी और बिखरी हुई ईकाइयाँ, जो अधिकाशंतः सरकारी नियंत्रण से बाहर रहती हैं, से निर्मित होता है। यहाँ प्रायः सरकारी नियमों का पालन नहीं किया जाता।

17. दोहरी गणना की समस्या – ये समस्या तब उत्पन्न होती है जब राष्ट्रीय आय की गणना के लिए सभी उत्पादों के उत्पादन मूल्य को जोड़ा जाता

है। क्योंकि इसमें कच्चे माल का मूल्य भी जुड़ जाता है। अतः समाधान के लिए केवल अंतिम उत्पाद के मूल्य की गणना की जानी चाहिए।

18. असंगठित क्षेत्रक – भूमिहीन किसान, कृषि श्रमिक, छोटे व सीमान्त किसान, काश्तकार, बँटाईदार, शिल्पी आदि। शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक श्रमिक, निमार्ण श्रमिक, व्यापार व परिवहन में कार्यरत, कबाड़ व बोझा ढोने वाले लोगों को संरक्षण की आवश्यकता होती है।

19. ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम 2005 – केन्द्रीय सरकार ने भारत के 200 जिलों में काम का अधिकार लागू करने का एक कानून बनाया है।

20. काम का अधिकार – सक्षम व जरूरतमंद बेरोज़गार ग्रामीण लोगों को प्रत्येक वर्ष 100 दिन के रोज़गार की गारन्टी सरकार के द्वारा। असफल रहने पर बेरोज़गारी भत्ता दिया जाएगा।

21. **अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक**

- प्राथमिक या कृषि क्षेत्रक। उदाहरण—कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, वानिकी आदि।
- द्वितीयक या औद्योगिक क्षेत्रक। उदाहरण—विनिर्माण और औद्योगिक गतिविधियाँ आदि।
- तृतीयक या सेवा क्षेत्रक। उदाहरण—व्यापार, परिवहन, बैंकिंग, पर्यटन आदि।

22. सकल घरेलू उत्पाद में क्षेत्रकों का हिस्सा (%)

| | 1971-72 | 2011-12 |
|---|---|---|
| प्राथमिक क्षेत्रक | लगभग 40 प्रतिशत | 15 प्रतिशत |
| द्वितीयक क्षेत्रक | लगभग 25 प्रतिशत | 25 प्रतिशत |
| तृतीयक क्षेत्रक | लगभग 35 प्रतिशत | 60 प्रतिशत |
| कुल योग | 100 प्रतिशत | 100 प्रतिशत |

23. रोजगार में क्षेत्रकों का हिस्सा (%)

| | 1972-73 | 2011-12 |
|---|---|---|
| प्राथमिक क्षेत्रक | 74 प्रतिशत | 49 प्रतिशत |
| द्वितीयक क्षेत्रक | 11 प्रतिशत | 24 प्रतिशत |
| तृतीयक क्षेत्रक | 15 प्रतिशत | 27 प्रतिशत |
| कुल योग | 100 प्रतिशत | 100 प्रतिशत |

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. सेवा क्षेत्रक में शामिल गतिविधियों के दो उदाहरण दीजिए।
2. अर्थव्यवस्था में प्रत्येक क्षेत्रक के अंतिम उत्पाद की ही गणना क्यों की जाती है ?
3. सार्वजनिक व निजी क्षेत्रक को किस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है ?
4. रोज़गार सृजन में किस क्षेत्र का भारत में प्रथम स्थान है ?
5. संगठित क्षेत्र की दो विशेषताएँ बताइए ?
6. रोजगार गारन्टी अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया ?
7. आर्थिक गतिविधियाँ जो तृतीयक क्षेत्र में नहीं आती हैं, का एक उदाहरण दीजिए।
8. सार्वजनिक क्षेत्रक में सरकार का मुख्य उद्देश्य क्या होता हैं ?
9. 'टिस्को' जैसी कम्पनी में कौन सा एक्ट लागू नहीं होगा ?
10. प्रच्छन्न बेरोजगारी को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?
11. भारत में सेवा क्षेत्रक की क्या विशेषता है ?
12. 'सवेतन छुट्टी' का प्रावधान किस क्षेत्रक में पाया जाता है ?
13. 1973 से 2013 के बीच कौन सी गतिविधि सबसे बड़ा नियोक्ता साबित होती रही है ?

14. सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में किस क्षेत्रक का योगदान सबसे बड़ा है ?

15. उस क्षेत्रक का नाम बताइए जो अन्य सभी उत्पादों के लिए आधार बनाते हैं ?

## उत्तर माला (1 अंक वाले प्रश्न) :-

1. परिवहन , संचार व बैंकिग।
2. दोहरी गणना की समस्या से बचने के लिए।
3. उद्यमों के स्वामित्व के आधार पर।
4. प्राथमिक क्षेत्रक का।
6. वर्ष 2005 में।
7. मधुमक्खी पालन आदि
8. सामाजिक कल्याण व सुरक्षा प्रदान करना।
9. राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम।
10. अल्प बेरोज़गारी या छिपी हुई बेरोज़गारी।
11. सकल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक हिस्सेदारी।
12. संगठित क्षेत्रक में।
13. कृषि।
14. तृतीयक क्षेत्रक।
15. प्राथमिक क्षेत्रक।

## 3/5 अंक वाले प्रश्न

1. सार्वजनिक व निजी क्षेत्रक में अंतर स्पष्ट कीजिए।

2. असंगठित क्षेत्रक में मज़दूरों के सामने आने वाली कठिनाइयों का वर्णन कीजिए।

3. संगठित व असंगठित क्षेत्रकों में रोज़गार की परिस्थितियों में क्या अन्तर पाया जाता है ?

4. राष्ट्रीय रोज़गार गारन्टी अधिनियम के प्रावधान बताइए।

5. ''यद्यपि आर्थिक गतिविधियों को प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रकों में विभाजित किया गया है लेकिन वे परस्पर एक दूसरे पर निर्भर हैं'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

6. शहरी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने की कोई तीन विधियाँ सुझाइए।

7. तेजी से बढ़ती जनसंख्या किस प्रकार बेरोज़गारी को प्रभावित करती है ?

8. ''आप एक संगठित क्षेत्र के कर्मचारी हैं।'' असंगठित क्षेत्र के किसी कर्मचारी की अपेक्षा आप को कौन से लाभ प्राप्त होगें ?

9. व्याख्या कीजिए कि किस प्रकार सार्वजनिक क्षेत्रक राष्ट्र के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है'' ?

10. छिपी हुई बेरोज़गारी क्या है ? ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इसका एक-एक उदाहरण दीजिए।

11. 'जब कोई देश विकसित होता है तो प्राथमिक क्षेत्रक का योगदान घटता है तथा द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रकों का बढ़ता है' ? इस कथन का विश्लेषण करें।

12. भारत में कृषि असंगठित क्षेत्रक है क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? उत्तर की पुष्टि करें।

13. भारत में तृतीयक क्षेत्रक सबसे महत्वपूर्ण क्यों है ?

14. असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को निम्नलिखित मुद्दों पर सुरक्षा की आवश्यकता है, मजदूरी, सुरक्षा और स्वास्थ्य। उदाहरण के साथ व्याख्या करें।

15. कृषि क्षेत्रक की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख करें ?

16. हम कृषि में अधिक रोजगार कैसे पैदा करेंगे ?

17. तीनों आर्थिक क्षेत्रकों में ऐतिहासिक बदलावों पर चर्चा करें ?

## उत्तर माला (3/5 अंक वाले प्रश्न)

1. सार्वजनिक क्षेत्रक :-

   1) परिसम्पत्तियों पर सरकार का नियंत्रण।

   2) सभी सेवाएँ सरकार उपलब्ध करवाती है।

   3) इसका उद्देश्य अधिकतम सामाजिक कल्याण होता है।

   4) रोजगार सुरक्षा दी जाती है।

   5) सवैतनिक छुट्टी व अन्य सेवाएँ दी जाती हैं।

   निजी क्षेत्रक :-

   1) परिसम्पत्तियों पर निजी स्वामित्त्व।

   2) सारी चीजें एक व्यक्ति या कम्पनी उपलब्ध करवाती है।

   3) अधिकतम लाभ कमाना इसका उद्देश्य होता है।

   4) रोज़गार व श्रमिक असुरक्षित होते हैं।

   5) सवैतनिक छुट्टी व अन्य सेवाएँ सामान्यतः नहीं दी जाती।

2. 1) यह क्षेत्रक सरकारी नियमों व विनियमों को नहीं मानता।

   2) न्यूनतम वेतन मिलता है।

   3) रोजगार की अवधि व कार्य समय सीमा निश्चित नहीं होती।

4) किसी प्रकार की छुट्टी या लाभ का प्रावधान नहीं होता।

5) निश्चित कार्य क्षेत्र व अच्छी सेवा सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होता।

3\. संगठित क्षेत्रक :- असंगठित क्षेत्रक

| संगठित क्षेत्रक | असंगठित क्षेत्रक |
|---|---|
| 1) अधिक वेतन प्राप्ति। | 1) कम वेतन प्राप्ति |
| 2) नौकरी सुरक्षित | 2) नौकरी सुरक्षित नहीं। |
| 3) कार्य की स्थितियाँ अच्छी | 3) निम्न स्तरीय कार्य परिस्थितियाँ |
| 4) कर्मचारी योजनाओं का लाभ | 4) कर्मचारी योजनाओं का लाभ नहीं |
| 5) कार्य अवधि (काम के घंटे) निश्चित | 5) कोई निश्चित कार्य अवधि नहीं। |

4\. राष्ट्रीय रोजगार

1) राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना के अर्न्तगत 100 दिनों के रोज़गार की गारन्टी।

2) रोजगार न मिलने या कम मिलने पर बेरोज़गारी भत्ता दिया जाना।

3) अपने गाँव या आस-पास के क्षेत्र में ही कार्य स्थल होना।

4) एक तिहाई रोजगार महिलाओं के लिए सुरक्षित है।

5) गरीबों में भी अति गरीब लोगों को रोजगार प्रदान करना।

5\. यह कथन पूर्णतः सत्य है क्योंकि :-

1) प्राथमिक क्षेत्रक को उत्पादन बढ़ाने व वितरण के लिए नई तकनीकों व परिवहन की आवश्यकता होती है।

2) विनिर्माण उद्योगों के लिए कच्चा माल प्राथमिक क्षेत्रक से ही प्राप्त होता है।

3) प्राथमिक व द्वितीयक क्षेत्रक की सहायता से ही सेवा क्षेत्रक में नए-नए रोज़गार के अवसर प्राप्त होते हैं। जैसे- भंडारण, बैंकिग, यातायात आदि।

4) तीनों क्षेत्रक परस्पर निर्भर हैं, किसी एक की भी अनुपस्थिति का अन्य दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

6. 1) क्षेत्रीय शिल्प उद्योग व सेवाओं को प्रोत्साहन देना।

2) पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहन देना।

3) अनावश्यक सरकारी नीतियों व नियमों में परिवर्तन।

4) मूलभूत सुविधाएँ, तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना।

5) आसान शर्तों पर ऋण या आर्थिक सहायता प्रदान करना।

7. 1) रोज़गार के अवसर, जनसंख्या के अनुपात में नहीं बढ़ते।

2) कृषि व शहरी क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी बढ़ जाती है।

3) संसाधनों पर बोझ बढ़ जाता है।

4) अधिक व्यक्ति उपलब्ध होने से रोज़गार से प्राप्त आय निम्न स्तर पर आ जाती है।

5) वस्तुओं व सेवाओं की कीमत बढ़ जाती है और उपलब्धता कम हो जाती है।

8. 1) काम के निश्चित घंटे होगें।

2) निश्चित समय से अधिक काम करने पर अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

3) चिकित्सा सुविधाएँ व पेंशन सुविधा मिलेगी।

4) सवेतन अवकाश, भविष्य निधि का सेवानुदान मिलेगा।

5) कार्य स्थल पर उचित वातावरण व न्यूनतम सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

6) अनुचित शोषण नहीं होगा।

9. 1) इसमें ढाँचागत सुविधाओं, कृषि व उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है।

2) लोगों को सुविधाएँ न्यूनतम मूल्य पर उपलब्ध करवाई जाती हैं।

3) आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन व विक्रय में सरकारी सहायता व अनुदान दिया जाता है।

4) अधिकतम् सामाजिक कल्याण का उद्धेश्य रखकर योजनाएँ बनाई जाती हैं।

5) श्रमिकों को अच्छी कार्य सुविधाएँ, वेतन आदि प्रदान किया जाता है।

10. जब लोग प्रत्यक्ष रूप से कार्यरत होते हैं परन्तु वास्तव में बेरोज़गार होते हैं अर्थात् एक ही काम में जरूरत से ज्यादा लोग लगे होते हैं, उसे प्रच्छन्न बेरोज़गारी कहते हैं उदाहरण- ग्रामीण क्षेत्र में चार व्यक्तियों की आवश्यकता वाले खेत में परिवार के अधिक व्यक्ति लगे हुए हैं। शहरी क्षेत्र में किसी दुकान पर 2 की आवश्यकता के स्थान पर तीन व्यक्ति कार्य कर रहें हों।

शहरी क्षेत्र में एक व्यक्ति के पास कपड़े की एक छोटी सी दुकान है। उसमें एक व्यक्ति की जरूरत है परंतु दो लोग काम में लगे हुए हैं।

11. 1) विकसित देशों का इतिहास बताता है कि विकास की शुरुआत में आर्थिक क्रियाओं में प्राथमिक क्षेत्रक महत्वपूर्ण था।

2) कृषि के तरीके में बदलाव से खाद्यान्नों का उत्पादन अधिक। अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध।

3) विनिर्माण के लिए नए तरीके फैक्ट्रियों का उभरना व विकसित होना।

4. उत्पादन व रोजगार में द्वितीयक क्षेत्रक महत्वपूर्ण।

5) द्वितीयक क्षेत्रकों से तृतीयक क्षेत्रकों में स्थानांतरण। कुल उत्पादन के संदर्भ में सेवा क्षेत्रक महत्त्वपूर्ण बन गया।

12. कृषि एक असंगठित क्षेत्रक है हम इस कथन से सहमत हैं क्योंकि

1) काम के घंटे निश्चित नहीं।

2) बिना अतिरिक्त वेतन के काम करना पड़ता है।

3) कृषि मजदूरों को दैनिक मजदूरी के अलावा कोई अन्य सुविधा नहीं।

4) रोजगार सुरक्षित नहीं।

5) मजदूरों की सुरक्षा नहीं। नियम-विनियम का अनुपालन नहीं।

13. यह लोगों को बुनियादी सेवाएँ प्रदान करता है। उदाहरण— अस्पताल, पोस्ट ऑफिस, टेलीग्राफ आदि।

- कृषि और उद्योग के विकास के लिए परिवहन और व्यापार जैसी गतिविधियाँ महत्वपूर्ण हैं।

- लोगों के आय स्तर के बढ़ने के साथ लोगों द्वारा अधिक सेवाओं की आवश्यकता या मांग उत्पन्न हुई।
- सूचना और संचार पर आधारित नई सेवाएँ आवश्यक हो गई हैं।
- यह बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

14. नियोक्ता मजदूरों की रक्षा करने वाले कानूनों का पालन करने से इन्कार करते हैं। इसलिए सुरक्षा की आवश्यकता है।
    - श्रमिकों को उचित मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है और इसलिए उन्हें सुरक्षा की आवश्यकता होती है।
    - नौकरी सुरक्षित नहीं है, इसलिए उन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है।
    - श्रमिकों को भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, भुगतान किए गए अवकाश, चिकित्सा लाभ आदि जैसे कोई अन्य लाभ नहीं मिलते हैं।
    - सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन नहीं।

15. - असिंचित भूमि
    - आय में उतार-चढ़ाव
    - कर्ज का बोझ
    - मौसम के बाद या पहले कोई नौकरी नहीं
    - कृषक कटाई के तुरंत बाद स्थानीय व्यापारियों को अपना अनाज बेचने के लिए मजबूर।

16. किसानों को कृषि उपकरण खरीदने के लिए ऋण दिया जा सकता है
    - सूखे क्षेत्रों की सिंचाई के लिए बांध बनाए जा सकते हैं।
    - बीज और उर्वरकों पर सब्सिडी दी जा सकती है।
    - भंडारण की सुविधा प्रदान की जा सकती है।
    - परिवहन सुविधाओं को बढ़ाया जा सकता है।

17. 1972 में स्वतंत्रता के बाद भारतीय जीडीपी में प्राथमिक क्षेत्र प्रमुख था।
    - जैसे-जैसे कृषि पद्धति में सुधार होता है और अधिशेष भोजन

का उत्पादन होता है, लोगों ने अपनी ऊर्जा को विनिर्माण की दिशा में चैनलाइज किया।

- बहुत जल्द ही द्वितीयक क्षेत्रक को प्रमुखता मिली
- प्राकृतिक और द्वितीयक क्षेत्र के विकास के कारण, सूचना और प्रौद्योगिकी, व्यापार, परिवहन आदि, तृतीयक क्षेत्रक को प्रमुखता मिली।
- 2011-2012 में भारतीय जीडीपी में तृतीयक क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत है।

# 3. मुद्रा व साख

**याद रखने योग्य बातें :-**

- वस्तुओं के बदले वस्तुओं का लेन-देन वस्तु विनिमय प्रणाली कहलाता है।
- जब एक व्यक्ति किसी चीज को बेचने की इच्छा रखता हो, वही वस्तु दूसरा व्यक्ति भी खरीदने की इच्छा रखता हो अर्थात् मुद्रा का उपयोग किये बिना, तो उसे आवश्यकताओं का दोहरा संयोग कहा जाता है।
- मुद्रा के अविष्कार से वस्तु विनिमय प्रणाली की सबसे बड़ी कठिनाई आवश्यकताओं के दोहरे संयोग का समाधान हुआ।






- साख एक ऐसा समझौता है जिसके तहत ऋणदाता उधारकर्ता को धनराशि, वस्तु एवं सेवाएँ इस आश्वासन पर उधार देता है कि वह भविष्य में उसका भुगतान कर देगा।

## साख संपत्ति के रूप में

त्यौहारों के दौरान जूता निर्माता सलीम, को एक महीने के अंदर भारी मात्रा में जूता बनाने का आदेश मिलता है। इस उत्पादन को पूरा करने के लिए वह अतिरिक्त मजदूरों को काम पर ले आता है और उसे कच्चा माल खरीदना पड़ता है। वह आपूर्तिकता को तत्काल चमड़ा उपलब्ध कराने के लिए कहता है और उसके बाद में भुगतान करने का आश्वासन देता है। उसके बाद वह व्यापारी से कुछ उधार लेता है। महीने के अंत तक वह ओदश पूरा कर पाता है, अच्छा लाभ कमाता है और उसने जो भी उधार लिया होता है, उसका भुगतान कर देता है।

## साख ऋणजाल के रूप में

एक किसान स्वप्ना कृषि के खर्च को वहन करने के लिए साहुकार से उधार लेती है। लेकिन दुर्भाग्य से फसल कीडों या किसी अन्य वजह से बर्बाद हो जाती है। ऐसे में वह ऋण का भुगतान नहीं कर पाती है और ऋण ब्याज के साथ बढ़ता जाता है।

## समर्थक ऋणाधार

उधारदाता, उधार प्राप्तकर्त्ता से समर्थक ऋणाधार के रूप में ऐसी परिसम्पतियों की माँग करता है जिन्हें बेचकर वह अपनी ऋण राशि की वसूली कर सके। ये

परिसम्पत्तियों की माँग करता है जिन्हें बेचकर वह अपनी ऋण राशि की वसूली कर सके। ये परिसम्पत्तियाँ ही समर्थक ऋणाधार कहलाती हैं।

उदाहरणः कृषि भूमि, जेवर, मकान पशुधन व बैंक जमा।




- स्वंय सहायता समूह का मूल विचार है कि ग्रामीण गरीबों खासकर महिलाओं को स्वंय सहायता समूहों में संगठित किया जाए और उनकी बचत को एकत्रा किया जाए।




## 1 अंक वाले प्रश्न

1. मुद्रा के आधुनिक रूपों में कौन शामिल है?

    1. कागज के नोट  2. सोने के सिक्के

    3. चाँदी के सिक्के  4. ताँबे के सिक्के

2. भारत में केंद्र सरकार की ओर से कौन करेंसी नोट जारी करता है?

   1. नाबार्ड    2. भारतीय रिजर्व बैंक

   3. विश्व बैंक    4. भारतीय स्टेट बैंक

3. जमा का बड़ा हिस्सा बैंक किस पर इस्तेमाल करते हैं?

   1. नयी शाखाएँ खोलने के लिए

   2. कर का भुगतान करने के लिए

   3. ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए

   4. ऋण देने के लिए

4. साख के औपचारकि स्त्राोत में शामिल नहीं हैः

   1. बैंक    2. सहकारी बैंक

   3. नियोक्ता    4. इनमें से कोई नहीं।

5. ऋण जाल से आप क्या समझते है?

   1. ऋण चुकाने में असमर्थता    2. ऋण चुकाने में समर्थता

   3. दोनों सही हैं।    4. दोनों गलत हैं।

6. निम्नलिखित में से कौन सा समर्थक ऋणाधार का उदाहरण नहीं है।

   1. ज़ेवर    2. घर

   3. कृषि भूमि    4. इनमें से कोई नहीं।

7. स्वयं सहायता समूह में बचत और ऋण संबंधित अधिकतर निर्णय लिए जाते हैं?

   1. बैंक द्वारा    2. सरकार द्वारा

   3. सदस्यों द्वारा    4. गैर सरकारी संस्था द्वारा

8. बैंक अपने पास कितना नकद कोष रखते हैं?

   1. 10 प्रतिशत    2. 20 प्रतिशत

   3. 15 प्रतिशत    4. 30 प्रतिशत

9. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विनिमय के लिए कौन सी मुद्रा का प्रयोग होता है?

1. अमेरीकी डॉलर 2. सिंगापुरी डॉलर

3. रूपया 4. टका

10. बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक की स्थापना का श्रेय किसे जाता है?

1. अभिजीत बनर्जी 2. डा. मनमोहन सिंह

3. मोहम्मद युनूस 4. अमर्त्थ सेन

11. मान लीजिए कि आप प्राचीन समय में है, जब वस्तुओं को खरीदते व बेचते वक्त पैसे का लेन-देन नहीं किया जाता था, उस समय में किसी वस्तु को खरीदते समय आपको किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा?

12. भारत में आरंभिक समय में पैसे के रूप में क्या इस्तेमाल किया जाता था?

13. भारत में रूपया एवं करेंसी को कौन जारी करता है?

14. भारती यह जानना चाहती है कि क्यों भारत में रूपये में किए गए भुगतान को कोई अस्वीकार नहीं करता है? उत्तर दीजिए।

15. अनौपचारिक स्त्रोतों से प्राप्त ऋण अधिक महँगा क्यों होता है?

16. आधुनिक एवं प्राचीन मुद्रा का एक - एक उदाहरण लिखिए।

**उतरमाला**

1. कागज के नोट
2. भारतीय रिर्जव बैंक
3. ऋण देने के लिए
4. नियोक्ता
5. ऋण चुकाने में असमर्थता
6. इनमें से कोई नहीं।
7. सदस्यों द्वारा
8. 15 प्रतिशत
9. अमेरीकी डॉलर
10. मोहम्मद युनूस

11. आवश्यकता के दोहरे संयोग की समस्या
12. अनाज एवं जानवर
13. भारतीय रिजर्व बैंक
14. क्योंकि यह भारत सरकार द्वारा मान्य मुद्रा है
15. ब्याज की दर अधिक होती है।
16. आधुनिक मुद्रा - करेंसी, नोट प्राचीन मुद्रा - सोने के सिक्कें आदि।

## अभ्यास के प्रश्न

1. मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की संख्या में अधिक वृद्धि क्यों आवश्यक है? स्पष्ट कीजिए।
2. बैंको और सहकारी समितियों को अपने ऋण देने की गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाने के किन्ही तीन कारणों की व्याख्या कीजिए?
3. आर्थिक विकास में ऋण के औपचारिक स्त्रोतों के महत्त्व का वर्णन कीजिए।
4. अनौपचारिक ऋण के स्त्रोतों के कर्जदारों पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों का वर्णन कीजिए।
5. भारत की आधिकांश जनता अभी भी ऋण के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर ही क्यों निर्भर हैं?

### 3/5 अंक वाले प्रश्न

1. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, क्या-क्या कार्य करता है?
2. समर्थक ऋणाधार क्या है? उदाहरण सहित बताओ।
3. साख के औपचारिक व अनौपचारिक क्षेत्र की विशेषताएँ बताइये।
4. क्या कारण है कि कुछ व्यक्तियों या समूहों को बैंक कर्ज देने को तैयार नहीं होते?
5. वस्तु विनिमय प्रणाली की कोई तीन सीमाएँ बताइये?
6. क्या सलीम व स्वप्ना दोनों के लिए ऋण एक सी परिस्थिति उत्पन्न करता है? व्याख्या करें।
7. कर्ज-जाल कब उत्पन्न होता है? उदाहरण देकर बताइए।

8. ऋण की शर्तें किन्हे कहा जाता है ? यह किस प्रकार भिन्न हो सकती हैं ?
9. गरीबों के लिए स्वयं सहायता समूह संगठनों के पीछे मूल विचार क्या है ?
10. भारत में औपचारिक ऋण क्षेत्रक को विस्तृत करना क्यों आवश्यक है ?

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. -- सरकार की ओर से मुद्रा जारी करता है।
   -- बैंको व समितियों की कार्य प्रणाली पर नज़र रखता है।
   -- ब्याज की दरों व ऋण की शर्तों पर निगरानी रखता है।
   -- बैंक कितना नकद शेष अपने पास रखे हुए हैं इसकी सूचना रखता है।
   -- ऋण किस प्रकार वितरित किये जा रहे हैं इस पर नज़र रखता है।

2. उधार दाता, उधार प्राप्तकर्ता से समर्थक ऋणाधार के रूप में ऐसी परिसम्पतियों की माँग करता है जिन्हें बेचकर वह अपनी ऋण राशि की वसूली कर सके। ये परिसम्पत्तियाँ ही समर्थक ऋणाधार कहलाती हैं। उदाहरण :- कृषि भूमि, जेवर, मकान, पशुधन, बैंक जमा आदि।

3.

| साख के औपचारिक क्षेत्र | 1) अनौपचारिक क्षेत्र |
|---|---|
| 1) बैंक, सहकारी समितियाँ | 2) महाजन, साहूकार, रिश्तेदार |
| 2) पूर्व निश्चित ब्याज दर | अनिश्चित व अधिक ब्याज दर |
| 3) उधार लेने वाले का शोषण नहीं | 3) उधार लेने वाले का शोषण होता है। |
| 4) ऋण वापसी के लिए अनावश्यक दबाब नहीं। | 4) कर्ज-जाल में फंसने की संभावना। |

4. 1) ग्रामीण क्षेत्रों मैं बैंको की अनुपस्थिति।

2) समर्थक ऋणाधार न होना।

3) जरूरी कागजात न होना।

4) ऋण की शर्तें पूरी न कर पाना।

5. 1) वस्तु विनिमय के लिए दोहरे संयोग की शर्त का पूरा होना आवश्यक।

2) धन या मूल्य के संचयन में कठिनाई।

3) अविभाज्य वस्तुओं का विनिमय कठिन।

4) वस्तुओं को भविष्य में प्रयोग के लिए (संग्रहित करना लम्बे समय तक) कठिन।

5) सेवाओं का मूल्य निर्धारण व विनिमय में कठिनाई।

6. 1) सलीम के लिए ऋण ने सकारात्मक भूमिका निभाई।

2) उसने लाभ भी कमाया व ऋण भी चुकाया।

3) स्वप्ना के लिए ऋण की नकारात्मक भूमिका थी।

4) वह ऋण चुकाने व लाभ कमाने में असमर्थ थी।

5) वह ऋण-जाल में फंस गई, उसे जमीन बेचनी पड़ी।

7. -- जब कर्जदार अपना पिछला ऋण चुकाने में असमर्थ होता है।

-- पुराने कर्ज़ को चुकाने के लिए नया कर्ज ले लेता है।

-- उसे ऋण अदायगी के लिए अपनी परिसम्पत्ति बेचनी पड़ जाती है।

-- उसकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो जाती है।

8. ब्याज दर, समर्थक ऋणाधार, आवश्यक कागजात और भुगतान के तरीकों को सम्मिलित रूप से ''ऋण की शर्तें कहा जाता है। ऋण की शर्तें विभिन्न व्यक्तियों या समूहों के लिए अलग अलग हो सकती हैं।

9. 1) गरीबों को संगठित रूप में कार्य के लिए प्रेरित करना।

2) स्वरोज़गार के लिए प्रेरित करना।

3) शोषण से बचाना।

4) कर्ज़दारों को ऋण-जाल से बचाना।

5) स्वावलंवन व रोजगार

10. 1) अनौपचारिक स्रोतों से ऋण प्राप्ति आसान होती है परन्तु शोषण अधिक होता है।

2) ब्याज की दरें अनिश्चित व उच्च होती हैं।

3) गरीब, अशिक्षित लोग आसानी से ऋण जाल में फंस जाते हैं।

4) ग्रामीण क्षेत्रों में साहूकारों पर निर्भरता

5) ऋण सरलता से उपलब्ध करवाना।

## अभ्यास के प्रश्न

1. मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंको की संख्या में अधिक वृद्धि क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए।
2. बैंकों और सहकारी समितियों को अपने ऋण देने की गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाने के किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए।
3. आर्थिक विकास में ऋण के औपचारिक स्रोतों के महत्त्व का वर्णन कीजिए।
4. अनौपचारिक ऋण के स्रोतों का कर्ज़दारों पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों का वर्णन कीजिए।
5. भारत की अधिकांश जनता अभी भी ऋण के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर ही क्यों निर्भर है ?

# 4. वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था







**पहले**

- 20 वीं सदी के मध्य तक उत्पादन मुख्यतः देश की सीमा के भीतर
- देश की सीमा को लाँघकर सिर्फ कच्चा माल, खाद्यपदार्थ और तैयार उत्पादन

**अब**

- बहुराष्ट्रीय कंपनियों का उभरना
- इनका एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण व स्वामित्व उत्पाद

- व्यापार दूरस्थ देशों को आपस में जोड़ने का मुख्य जरिया।
- उन प्रदेशों में कार्यालय तथा उत्पादन के लिए कारखाने स्थापित करती है जहाँ उन्हें सस्ता श्रम एवं अन्य संसाधन मिलते हैं।

**विश्व भर के उत्पादन को एक दूसरे से जोड़ना**

- बहुराष्ट्रीय कपंनियाँ उसी स्थान पर उत्पादन इकाई स्थापित करती हैं जो बाजार के नजदीक हो, जहाँ कम लागत पर कुशल और अकुशल श्रम उपलब्ध हो तथा सरकारी नीतियाँ अनुकूल हो।
- इनके द्वारा निवेश किए गए धन को विदेशी निवेश कहते हैं।
- कभी कमी इन देशों की स्थानीय कपंनियों के साथ संयुक्त रूप से उत्पादन करती हैं।
- स्थानीय कपंनियों को अतिरिक्त निवेश के लिए धन तथा उत्पादन की नवीनतम प्रौधोगिकी प्रदान करती है।
- कभी कभी स्थानीय कपंनियों को खरीदकर उत्पादन का प्रसार करती है।
- छोटे उत्पादकों को उत्पादन का ऑर्डर देती है। खास - तौर से वस्त्र, जूते - चप्पल एवं खेल का सामान।

**विदेश व्यापार कैसे बाजारों का एकीकरण करता है?**

- विदेश व्यापार उत्पादकों को अपने देश के बाजार से बाहर के बाजारों में पहुँचने का अवसर प्रदान करता है।
- खरीददारों के समक्ष दूसरे देश में उत्पादित वस्तुओं के आयात से विकल्पों का विस्तार होता है।
- दो देशों के उत्पादक एक दूसरे से दूर होते हुए भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं जिससे दो बाजारों में एक ही वस्तु का मूल्य सामान होने लगता है।




## विश्व व्यापार संगठन

**मुख्य उद्धेश्यः** विदेशी व्यापार को उदार बनाना।

- विकसित देशों की पहल पर शुरू किया गया।
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित नियमों को निर्धारित करता है।
- विकासशील देशों को व्यापार अवरोधक हटाने के लिए विवश करता है।
- विकसित देशों ने अनुचित ढ़ंग से व्यापार अवरोधकों को बरकरार रखा है।

## वैश्वीकरण का प्रभावः

- उपभोक्ता के लिएः पहले से अधिक विकल्प, उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता, कम कीमत तथा अपेक्षाकृत उच्च्व जीवन स्तर।
- नए रोजगार के अवसर
- बहुराष्ट्रीय कंपनियों को कच्चा माल आपूर्ति कराने वाली स्थानीय कंपनियाँ समृद्ध हुईं।
- अनेक शीर्ष भारतीय कंपनियाँ बहुराष्ट्रीय कंपनी के रूप में उभरी हैं। जैसेः टाटा मोटर्स, इंफोसिस, रैनबैक्सी एशियन पेंट्स इत्यादि।

## न्याय संगत वैश्वीकरण के लिए प्रयास

- न्याय संगत वैश्वीकरण सभी के लिए अवसर प्रदान करेगा।
- सरकार की नीतियाँ सबको सरंक्षण प्रदान करने वाली होनी चाहिए।
- सरकार सुनिश्चित कर सकती है कि श्रमिक कानूनों का उचित कार्यान्वयन हो और श्रमिकों को उनके अधिकार मिलें।

- सरकार न्यायसंगत नियमों के लिए विश्व व्यापार संगठन से समझौते कर सकती है।
- समान हित वाले विकासशील देशों से गठबंधन कर सकती है।

## विदेशी व्यापार तथा विदेशी निवेश का उदारीकरण

- 1991 के शुरूआत से विदेशी व्यापार तथा विदेशी विनेश पर से अवरोधों को काफी हद तक हटा दिया गया।
- वस्तुओं का आयात निर्यात सुगमता से किया जा सकता था।
- विदेशी कंपनियाँ आसानी से यहाँ अपने कार्यलय और कारखाने स्थापित कर सकती थी।

## याद रखने योग्य बातें :-

1. बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ – वह कंपनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण रखती है।
2. वैश्वीकरण अपने देश की अर्थव्यवस्था का संसार के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करना।
3. उदारीकरण सरकार द्वारा अवरोधों और प्रतिबंधो को हटाने की प्रक्रिया को उदारीकरण कहा जाता है।
4. निवेश-परिसंपत्तियों जैसे-भूमि, भवन, मशीन और अन्य उपकरणों की खरीद में व्यय की गई मुद्रा को निवेश कहते हैं।
5. विदेशी निवेश-बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए निवेश को विदेशी निवेश कहते हैं।
6. मुक्त व्यापार – जब दो देशों के बीच व्यापार बिना किसी प्रतिबंध के होता है तो उसे मुक्त व्यापार कहते हैं।
7. निजीकरण – सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को चरणबद्ध तरीके से निजी क्षेत्र में बेचना।
8. विश्व व्यापार संगठन (डब्लू. टी. ओ.) – इसका उद्धेश्य अंर्तराष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना है।

9. विश्व बैंक - अपने सदस्य राष्ट्रों को वित्तीय सहायता देने वाली अन्तर्राष्ट्रीय संस्था।

10. सेज (SEZ) किसी विशेष क्षेत्र में अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदान कर विदेशी कंम्पनियों को निवेश के लिए आकर्षित करना।

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. एक कंपनी जो एक से अधिक देशो में उत्पादन पर नियंत्रण अथवा स्वामित्व रखती है, क्या कहलाती है ?
2. भूमि, भवन, मशीन और अन्य उपकरणों की खरीद में व्यय की गई मुद्रा को क्या कहते हैं ?
3. वैश्वीकरण क्या है ?
4. व्यापार अवरोधक का एक उदाहरण दीजिए ?
5. भारत में नई आर्थिक नीति कब लागू की गई ?
6. भारतीय अर्थव्यवस्था कैसी अर्थ व्यवस्था है ?
7. विदेशी व्यापार किनके बीच होता है ?
8. किसी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी का उदाहरण दीजिए ?
9. अमरीकी कंपनी फोर्ड मोटर्स भारत कब आई ?
10. किस क्षेत्र को वैश्वीकरण से सब से कम लाभ हुआ है ?
11. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विदेशों में निवेश क्यों करती हैं ?
12. वैश्वीकरण के द्वारा लोगों को आपस में जोड़ने का क्या परिणाम होगा ?
13. सरकार द्वारा अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया को .......... कहते हैं।
14. उस भारतीय कंपनी का नाम बताएँ जिसने फोर्ड मोटर्स के साथ भारतीय मोटरगाड़ी उद्योग में साझेदारी की है ?

15. किस भारतीय कंपनी को एक बहुराष्टीय कंपनी 'कारगिल फूड्स' ने खरीद लिया है ?

16. वैश्वीकरण ने निम्नलिखित में से किस के लिए चुनौती खड़ी कर दी है ?

(क) बड़े उत्पादक (ख) छोटे उत्पादक

(ग) ग्रामीण निर्धन (घ) इनमें से कोई नहीं।

17. निम्न में से कौन सा व्यापार अवरोधक का उदाहरण है ?

(क) विदेशी निवेश (ख) सामान में देरी या क्षति

(ग) आयात पर शुल्क (घ) इनमें से कोई नहीं।

18. बहुराष्ट्रीय कंपनी का मुख्य उदेश्य बतायें ?

## लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किस प्रकार उत्पादन पर नियंत्रण रखती हैं ?

2. किन कारणों से भारत में आर्थिक सुधार की आवश्यकता पड़ी ?

3. वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका समझाएँ।

4. वैश्वीकरण के कारण प्रतिस्पर्धा के कुप्रभावों का उल्लेख करो ?

5. वैश्वीकरण को न्यायसंगत बनाने के लिए सरकार की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ?

6. वैश्वीकरण का लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

7. भारत सरकार ने स्वतंत्रता के पश्चात विदेश व्यापार और विदेशी विनिमय पर अवरोधक क्यों लगाए ?

8. उदारीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति अपनाने के फलस्वरूप भारत में कौन-कौन से मुख्य परिवर्तन आए हैं ?

9. विश्व व्यापार संगठन क्या है ? इसके क्या कार्य हैं ? क्या यह वास्तव में अपने कार्यो को पूरा कर रहा है ?

10. विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश में अंतर स्पष्ट करें।

11. विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं ?

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. बहुराष्ट्रीय कंपनी
2. निवेश
3. विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ही वैश्वीकरण है।
4. आयात पर कर
5. 1991 में
6. मिश्रित
7. दो या दो से अधिक देशों के बीच
8. टाटा मोटर्स (मोटर गाड़ियाँ)
9. 1995 में
10. कृषि क्षेत्रक
11. अधिक लाभ के लिए
12. उत्पादकों में पहले से अधिक प्रतियोगिता।
13. उदारवाद
14. महिंद्रा एण्ड महिंद्रा
15. परख फूड्स
16. छोटे उत्पादक

17. आयात पर शुल्क

18. लाभ प्राप्त करना

## लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. उत्पादन पर नियंत्रण करने की विधियाँ

   1) संयुक्त उपक्रम विधि
   2) स्थानीय कम्पनियों को खरीदना।
   3) छोटे उत्पादकों से माल खरीदना।
   4) अपने ब्रांड का इस्तेमाल करके।

2. 1) राजकोषीय घाटे में वृद्धि
   2) प्रतिकूल भुगतान संतुलन में वृद्धि
   3) विदेशी मुद्रा भंडार में कमी
   4) कीमतों में वृद्धि
   5) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कार्य संतोषजनक न होना।
   6) भारतीय कम्पनियों को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना।

3. 1) परिवहन तकनीक में कई सुधारों ने दूर-दूर के स्थानों पर कम लागत पर वस्तुओं को भेजना संभव बनाया है।
   2) सूचना प्रोद्यौगिकी में सुधार से विभिन्न देश आपस में जुड़कर तुरंत सूचना प्राप्त कर लेते हैं।
   3) इंटरनेट टैक्नालॉजी से व्यापार में गति आई है।

4. कुप्रभाव

   1) प्रतिस्पर्धा के कारण छोटे उद्योगों जैसे बैटरी, प्लास्टिक, खिलौने,

टायरों आदि के उत्पादकों पर बुरा प्रभाव पड़ा। फलस्वरूप काफी इकाइयाँ बंद हो गईं।

2) श्रमिकों की बेरोज़गारी में वृद्धि।

3) श्रमिकों को अस्थाई आधार पर नियुक्त किया गया।

4) श्रमिकों को संरक्षण और लाभ नहीं मिल रहा।

5) श्रमिकों का अधिक घंटों तक काम करना आम बात हो गई।

5. सरकार की भूमिका -

1) वैश्वीकरण की नई नीति के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व अर्थव्यवस्था से जोड़ने का प्रयत्न किया गया ताकि पूँजी, तकनीकी ज्ञान और अनुभव का विश्व के विभिन्न देशों से आदान-प्रदान हो सके।

2) सरकार ने माल के आयात पर से अनेक प्रतिबन्ध हटा दिए।

3) आयातित माल पर कर, कम कर दिए।

4) विदेशी निवेशकों को भारत में निवेश के लिए प्रोत्साहन दिया गया।

5) तकनीकी क्षेत्र को हर ढंग से उन्नत करने का प्रयत्न किया गया।

6. 1) उपभोक्ताओं के सामने पहले से अधिक विकल्प हैं।

2) उपभोक्तओं को कम कीमत पर अधिक गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं।

3) लोग पहले की तुलना में आज उच्चतर जीवन स्तर का मजा ले रहे हैं।

4) उद्योगों और सेवाओं में नये रोज़गार उत्पन्न हुए हैं।

5) उद्योगों को कच्चे माल इत्यादि की आपूर्ति करने वाली स्थानीय कंपनियाँ समृद्ध हुई हैं।

7. 1) विदेशी प्रतिस्पर्धा से देश के उत्पादकों की रक्षा करना।

2) स्वतंत्रता से पहले अंग्रेजो ने भारतीय उद्योग धन्धों को चौपट कर दिया था। स्वतंत्रता के बाद यहाँ भारतीय उद्योग स्थापित किए गए। उद्योगों के विकास के लिए विदेशी व्यापार पर रोक आवश्यक थी।

3) स्वतंत्रता के बाद भारत 562 टुकड़ों में बंटा हुआ था। यहाँ परिवहन तथा संचार के साधन अस्त व्यस्त थे।

4) स्वतंत्रता के शुरूआती वर्षों में भारत के वैदेशिक संबंध इतने सुदृढ़ नहीं बन पाए थे कि विश्व के अन्य देशों के साथ व्यापार विकसित हो सके।

8. 1) उदारीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति अपनाने के फलस्वरूप निजी निवेश बढ़ने का अधिक अवसर मिला।

2) विदेशी विनिमय कोष (भंडार) बढ़ गया।

3) आई टी उद्योग का विस्तार हुआ।

4) सरकारी राजस्व में वृद्धि।

9. 1) विश्व व्यापार संगठन (डब्लू. टी. ओ.) एक ऐसा संगठनहै जिसका उद्‌देश्य अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना और मुक्त व्यापार की सुविधा देना है।

2) कार्य : विश्व व्यापार संगठन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित नियमों को निर्धारित करता है और यह देखता है कि इन नियमों का पालन हो रहा है अथवा नहीं।

3) वास्तविकता – विकसित देशों ने अनुचित ढंग से व्यापार अवरोध को बरकरार रखा है। दूसरी ओर विश्व व्यापार संगठन के नियमों ने विकासशील देशों को व्यापार अवरोधों को हटाने के लिए विवश किया है।

10. ★ **विदेशी व्यापार** :- विदेशों से वस्तुओं को खरीदने और बेचने को विदेशी व्यापार कहते हैं।

★ **विदेशी निवेश** :- अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से जब बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ मेजबान देश में धन से उत्पादन इकाई की स्थापना करती है, उसे विदेशी निवेश कहते हैं।

★ इसके अन्तर्गत आयात और निर्यात की दोनों प्रक्रियाएँ शामिल होती हैं।

★ विदेशी निवेश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किया गया पूँजी निवेश आता है।

★ यह उत्पादन के लिये अवसर प्रदान करता है।

★ यह पूँजी की कमी को दूर करता है।

11. 1) विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना की जा रही है।

2) विशेष आर्थिक क्षेत्रों में विश्व स्तरीय सुविधाएँ, बिजली, पानी, सड़क, परिवहन, भण्डारण, मनोरंजन और शैक्षिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

3) विशेष आर्थिक क्षेत्र में उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने वाली कंपनियों को आरंभिक पाँच वर्षों तक कोई कर नहीं देना पड़ता है।

4) विदेशी निवेश आकर्षित करने हेतु सरकार ने श्रम-कानूनों में लचीलापन लाने की अनुमति दे दी है।

5) आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जा रहा है।

12. वैश्वीकरण को न्यायसंगत कैसे बनाया जा सकता है? वर्णन करें।

13. विस्तार से बताएँ भारत की शीर्ष कंपनियों को वैश्वीकरण से कैसे लाभ पहुँचा हैं?

14. "विदेशी व्यापार विश्व के विभिन्न देशों के बाजारों को जोड़ता है" इस वक्तव्य को समर्थन देने के लिए तर्क दें।

15. "अब भारतीय बाजार में वस्तुओं के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं" वैश्वकिरण के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि करें।

16. सरकार द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

17. 'हर भारतीय राज्य वैश्वीकरण से लाभान्वित नहीं हुआ।' कथन का परीक्षण करें।

उत्तरः

12. नोट्स की मदद से स्वंय करें।

13. नोट्स की मदद से स्वंय करें।

14. नोट्स की मदद से स्वंय करें।

उत्तरः

15. उपभोक्ता के रूप में हमारे समक्ष वस्तुओं व सेवाओं के विस्तृत विकल्प हैं।

(क) विश्व के शीर्षस्थ विनिर्मिताओं द्वारा निर्मित डिजिटल कैमरें, मोबाइल फोन और टेलीविजन के नवीनतम मॉडल हमारे लिए सुलभ हैं।

(ख) हमेशा भारत की सड़कों पर गाड़ियों के नए मॉडल देखे जा सकते हैं।

(ग) अनेक दूसरी वस्तुओं के ब्रांडों में भी इसी प्रकार की तीव्र वृद्धि देखी जा सकती है कमीज से लेकर टेलीविज़नों और प्रसंस्करित फलों के रस तक।

उत्तरः

16. सरकार द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए निम्न कदम लिए जा सकते हैं।

(क) औद्योगिक क्षेत्रों जिन्हें विशेष आर्थिक क्षेत्र कहा जाता है की स्थापना। इन क्षेत्रों मे विश्वस्तरीय सुविधाएँ - बिजली, पानी, सड़क, परिवहन, भण्डारण, मनोरंजन आदि उपलब्ध होंगी।

(ख) विशेष आर्थिक क्षेत्र में उत्पादन इकाईयों को श्रम कानूनों में लचीलापन लाने की अनुमति।

(ग) नियमित आधार पर श्रमिकों को रोजगार देने के बजाय, जब काम का दवाब अधिक हो, छोटी अवधि के लिए श्रमिकों को रखने की छूट।

(घ) आरंभिक पाँच वर्षो तक कोई कर न देने की छूट।

